नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार 16 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 179 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि

संक्षिप्त समाचार

कोडरमा घाटी में स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त

कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)। जिले में एक स्कूली बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय की लगभग दो दर्जन छात्राएं घायल हो गईं। ये छात्राएं एजुकेशनल टूर के लिए राजगीर जा रही थीं। घटना शनिवार सुबह कोडरमा घाटी के नौवां माइल के पास हुई। विद्यालय के प्राचार्य अमिताभ कुमार ने बताया कि कक्षा 11वीं की 75 छात्राएं एजुकेशनल टूर पर निकली थीं। बस एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में उसके पिछले हिस्से से टकरा गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में बस चालक भी घायल हुआ है।

25 लाख रुपए के गहने चोरों ने उड़ाए

हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)। जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 24 के कूद मोहल्ले में स्थानीय महिला मंडल की अध्यक्ष किरण देवी के घर को चोरों ने दिनदहाड़े निशाना बनाया। घर की आलमीरा तोड़कर लगभग 25 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के गहनों के साथ 10 हजार रुपए नकद पर हाथ साफ कर दिया। चोर जितने भी जेवरात लेकर गए उनमें उनकी नई-नवेली बहू को विवाह में मिले कीमती जेवर भी शामिल हैं, जिनका अब तक उपयोग भी नहीं हुआ था। इस घटना के समय किरण देवी महिला मंडल से जुड़े कार्य के लिए अपने मायके दूधमनिया गई हुई थीं। घटना की जानकारी मिलते ही कटकमदाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय ने बताया कि सूचना मिलते ही जांच टीम गठित कर दी गई है।

झारखंड राज्य के स्थापना दिवस पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने 8799 करोड़ रुपये की योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

देश के विकास में झारखंड का भी योगदान : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर शनिवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 8799 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कुल 4475 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और 4324 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 25 वर्ष के विजन के साथ राज्य सरकार काम कर रही है। देश के विकास में झारखंड का भी योगदान रहा है। देश को झारखंड ने जितना दिया, उतना अन्य राज्यों ने नहीं दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य को आगे ले जाने का काम, इसे संवारने का हम सभी के कंधों पर है। राज्य की सरकार हो या नागरिक के तौर पर यहां के किसान, महिला, नौजवान, नौनिहाल आदि हो, सभी के कंधों पर है। हर कोने से हमें राज्य को सजाने और संवारने के लिए इस राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए योगदान देना होगा। आज यह 25 साल का उत्सव जरूर है लेकिन मेरा यह मानना है कि यह 25 साल नहीं, अगला 25 साल-2050 में यह झारखंड प्रदेश कैसा होगा, उसकी परिकल्पना हम लोग कर रहे हैं। उसकी तैयारी में हम लोग जुटे हैं। झारखंड राज्य ने पूरे देश को बहुत कुछ दिया। जितना इस प्रदेश ने पूरे देश को दिया है शायद कोई ऐसा प्रदेश होगा, जिसने देश के निर्माण में अपनी ऐसी भूमिका निभाई होगी। दुनिया में अगर देश की पहचान बनी है तो कहीं न कहीं हमारे झारखंड की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के खनिज संपदाओं से बड़े-बड़े कारखानों की भट्टियां जली हैं। उन कारखानों से बने उत्पाद से देश दुनिया में (शेष पृष्ठ 9 पर)

रांची में तीन पुलिसकर्मियों की मौत, धुर्वा डैम से शव और हथियार बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची में कल देर रात बड़ा हादसा हो गया। पुलिसकर्मियों का एक वाहन अनियंत्रित होकर शुक्रवार की देर रात धुर्वा डैम में जा गिरा। इस घटना में तीन पुलिसवालों की मौत हो गई। तीनों के शव बरामद किए गए हैं। मृतकों की पहचान प्रिंसिपल जिला जज जमशेदपुर के दो बॉडीगार्ड और सरकारी ड्राइवर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों बॉडीगार्ड और ड्राइवर शुक्रवार की देर रात धुर्वा डैम से होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और धुर्वा डैम में जा गिरा। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई। मृतकों में उपेंद्र कुमार सिंह, रोबिन कुजूर और सतेंद्र सिंह शामिल हैं। हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि वाहन अनियंत्रित होने की वजह से धुर्वा डैम में जा गिरा, जिसकी वजह से तीन पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। राहत और बचाव कार्य के बाद बॉडीगार्ड के शव और उनके हथियार डैम से खोज कर निकाल लिए गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार की देर रात धुर्वा डैम के पास से एक वाहन गुजर रहा था। अचानक वह वाहन तेजी के साथ धुर्वा डैम में जा गिरा।

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर भाजपा ने निकाली शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड स्थापना दिवस के साथ-साथ आज राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस भी है। इस मौके पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भाजपा द्वारा भी राजधानी रांची और खूंटी के अलावे राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गये। राजधानी रांची के ओल्ड जेल कैंपस स्थित बिरसा संग्रहालय से कोकर के बिरसा समाधि स्थल तक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित सभी नेताओं ने इस दौरान बिरसा मुंडा को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए कहा कि आज के दिन को इसलिए जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है क्योंकि हमारे जनजातीय समाज में ऐसे शख्स ने जन्म लिया जिन्होंने देश की आजादी के लिए राष्ट्रीय आंदोलन में अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन करते हुए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए थे। ऐसे महापुरुषों को कहीं ना कहीं हम भुला दिए थे। ऐसे योगदान को नमन करते हुए यह दिन जनजातीय राष्ट्रीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के लिए 2023 में केंद्र सरकार ने इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि आज राज्य के स्थापना दिवस के साथ-साथ भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। जनजातीय राष्ट्रीय गौरव दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित शोभायात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल हुए। इस मौके पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि जो हमारे आदिवासी समाज के लोगों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ योगदान दिए, बलिदान दिए उन्हें इतिहास के पन्नों में वो स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिए था। इस शोभा यात्रा में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, भाजपा विधायक सी पी सिंह, भाजपा विधायक नीरा यादव, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल आदि नेता शामिल थे।

ENTRY	BRANCHES
AFCAT Entry	Flying/ Technical/ Weapon Systems/ Administration/ Logistics/ Accounts/ Education/ Meteorology
NCC Special Entry	Flying (NCC Air Wing 'C' certificate is mandatory)

- Online test only for AFCAT entry
- Aadhaar card is mandatory for online registration
- Registration dates changed from 10 Nov - 09 Dec 2025 to 17 Nov - 14 Dec 2025.
- For more details, refer to Employment News dated 08 Nov 2025 and for detailed notification visit our website careerairforce.gov.in and afcat.edcil.co.in

Online registration through careerairforce.gov.in and afcat.edcil.co.in

For updates, follow us on

'DISHA' Cell, Air Headquarters, Vayu Bhawan, Motilal Nehru Marg, New Delhi - 110106 Tel: 011-23013690 | Toll-free No.: 1800-11-2448 | E-mail: careeriniaf@gmail.com

CBC 10801/13/0021/2526

कनहरी में जैव विविधता पार्क का विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया उद्घाटन

हजारीबाग को हरित एवं पर्यावरण-समृद्ध जिले के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम

नवीन सिन्हा

हजारीबाग। हजारीबाग के कनहरी में जैव विविधता पार्क का शुभ उद्घाटन विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा किया गया। यह पार्क क्षेत्र के पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के उद्देश्य से बनाया गया है, जो आने वाले समय में हजारीबाग के लिए एक महत्वपूर्ण पहचान बनेगा।

विधायक प्रसाद ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि यह जैव विविधता पार्क न केवल प्रकृति को संरक्षित करने का एक प्रयास है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण के महत्व से जोड़ने का एक उत्कृष्ट माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग की हरियाली, शुद्ध वातावरण और प्राकृतिक संपदा हमारी सबसे बड़ी पूँजी है। इस जैव विविधता पार्क के निर्माण से पर्यावरण संतुलन, संरक्षण और जागरूकता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह पार्क युवाओं, विद्यार्थियों, शोधकताओं और पर्यावरण प्रेमियों के लिए अध्ययन एवं अनुभव का एक महत्वपूर्ण स्थान बनेगा। इसके साथ ही यह स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देगा और इस क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं को भी मजबूत करेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी शिरकत की और परियोजना के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित अधिकारियों में शामिल रहे सीएफ ममता प्रियदर्शी, आरसीसीएफ आर.एन. मिश्रा, डीएफओ (पूर्वी) विकास उज्जवल, वनप्राणी डीएफओ सुरज कुमार प्रशिक्षण प्राणी विभाग के मोहित वंशल इन अधिकारियों ने पार्क के संरक्षण मॉडल, जैव विविधता के विकास, वन्यजीव सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन पर अपने सुझाव और दृष्टिकोण भी साझा किए। उद्घाटन के बाद विधायक प्रसाद ने पूरे परिसर का अवलोकन किया और वन विभाग की टीम के साथ मिलकर महोगनी का पौधा भी लगाया। उन्होंने इसे हजारीबाग की हरियाली को और मजबूत करने की दिशा में एक शुभ कदम बताया। उन्होंने घोषणा की कि यह पार्क अब आधिकारिक रूप से हजारीबाग की जनता को समर्पित है। विधायक प्रसाद ने कहा कि जैव विविधता पार्क पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है, अब हमारा दायित्व है कि हम उसे संरक्षित रखें, सहेजें और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित करें। उन्होंने हजारीबाग जिला प्रशासन, वन विभाग एवं स्थानीय लोगों को इस महत्वपूर्ण परियोजना में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि हजारीबाग को हरित, स्वच्छ और पर्यावरण-समृद्ध जिले के रूप में विकसित करने की दिशा में ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

हमर बिरसा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गिरिडीह के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के 150 वी जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष में हमर बिरसा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह में किया गया। जिसमें से जिले भर से 1000 से भी ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश शोध संयोजक कृष्ण त्रिवेदी ने बताया की गिरिडीह जिला में एक साथ एक समय में 1000 से भी ज्यादा विद्यार्थीयों ने भाग लिया यह पहला मौका रहा कि किसी भी संगठन ने इतना बड़ा स्तर पर आयोजन इससे पहले नहीं किया था।

गिरिडीह जिला संयोजक सह प्रदेश जनजाति सह कार्य प्रमुख मंटू मुर्मू ने बताया कि परिषद के 120 से भी अधिक कर्मठ कार्यकताओं का अहम योगदान रहा है, साथ ही गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह के एनसीसी कैडेट्स का भी अहम योगदान रहा जिसकी वजह से इतना अच्छा परीक्षा बिना किसी कठिनाई का संपन्न किया जा सका है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर सह मंत्री अनीश राय एवं कॉलेज अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी का अहम योगदान रहा है ।मौके पर प्रोफेसर विनीता कुमारी ,नगर सह मंत्री अभिजीत सिन्हा, अंजली कुमारी,दीपा सेठ, एनसीसी के सीनियर अंडर ऑफिसर, अंडर ऑफिसर ,गुलशन यादव, श्रेयांश गौरव, सागर कुमार, अंकित सिंह ,ज्योति कुमारी, बिट्टू मोदी ,सोनू पंडित, सलोनी कुमारी, रविशंकर कुमार, अंकित पांडे, अमित यादव ,करण यादव, गौतम सिंह, सूर्यकांत यादव ,बबीता कुमारी, कृष्ण सिंह ,अंकित वर्मा ,अश्विन राय ,उज्जैन कुमार ,डिंपी कुमारी, गोलू यादव, प्रसिद्ध सिंह, हिमांशु कश्यप ,आयुष सिंह, पायल कुमारी ,आदर्श गुप्ता, संदीप वर्मा ,प्रवीण यादव, हेमंत तिवारी , सिमरन कुमारी, विपिन पांडे ,देवयानी सरकार, गायन त्रिवेदी ,अमित यादव, आपीति कुमार, सूर्य त्रिवेदी, रक्षा खांडवैल, निशांत राम ,अनुज कुमार, रविशंकर, विकास कुमार, विनोद दास ,कृष्ण दास, आनंद वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रजत जयंती वर्ष में होगा अंतर्राष्ट्रीय नाट्य और नृत्य महोत्सव : राजेंद्र बगड़िया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। कला संगम की कार्यकारिणी की बैठक अधिवक्ता संघ भवन में संरक्षक राजेन्द्र बगडिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उन्होंने बताया कि इस वर्ष झारखंड स्थापना के पच्चीस वर्ष और अखिल भारतीय बहुभाषी नाटक, नृत्य प्रतियोगिता की रजत जयंती मनाई जाएगी। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय नाटक और नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

संरक्षक सतविंदर सिंह सलूजा ने कहा कि इस बार नाटक प्रतियोगिता में बारह राज्यों के कलाकार के साथ नेपाल, श्रीलंका, बंगलादेश से भी टीम को आमंत्रित किया गया है। आयोजन का प्रायोजक सलूजा गोल्ड होगा। प्रतियोगिता स्व. उमा रानी ताह की स्मृति में आयोजित की जाएगी। संयोजक चुन्नूकांत ने कहा कि कार्यक्रम 29, 30, 31 जनवरी 1 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। संरक्षक अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस बार अनुमानित बजट नौ लाख का है, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया बैठक का संचालन करते हुए सचिव सतीश कुन्दन ने बताया कि सभी सदस्यों का डिजिटल आईडी कार्ड बनाया जायेगा। इसके लिए सभी सदस्यों को 15 दिसंबर तक सदस्यता शुल्क के साथ पासपोर्ट साईज का फोटो देना है। एक सात सदस्यीय कोष कमिटी का गठन किया गया, जिसमें सतीश कुन्दन, मदन मंजवें, पंकज ताह, रवीश आनंद, बिनय बक्शी तथा कोर्डिनेटर देवेंद्र सिंह व शिवेंद्र सिन्हा को बनाया गया। पत्राचार की जिम्मेवारी सचिव सतीश कुन्दन को दी गई। स्मारिका 'सर्जना' के प्रकाशन का निर्णय लिया गया। इसके लिए संपादकमंडल के गठन की जिम्मेवारी भी सतीश कुन्दन को दी गई। संस्था के रजिस्ट्रेशन के लिए बीस हजार का प्रस्ताव पारित करते हुए, जिम्मेवारी कार्यकारी अध्यक्ष पंकज ताह को दी गई। कला संगम के नाट्य दल को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने आजमगढ़ और डिहरी ओनसोन भेजन का निर्णय लिया गया। सह सचिव सुजय गुप्ता ने कहा ठहराने की जिम्मेवारी हमारी होगी। नीतीश आनंद के प्रस्ताव पर शहर को सजाने का निर्णय लिया गया। नाटक नृत्य का पंजीकरण 15 नवंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा।

प्रशासन हत्या मामले में गंभीर उम्मीद है जल्द दोषी पकड़े जायेंगे : धनंजय सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह शनिवार को प्रखंड के अंबाटांड गांव पहुंचे जहां दो दिन पूर्व एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई थी सिंह ने मृतक परिवारों से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया साथ ही जिला प्रशासन से जल्द इस घटना का उद्भेदन की मांग की है हालांकि पूर्व जिला अध्यक्ष सिंह ने कहा कि प्रशासन इस मामले में अपनी पूरी गंभीरता दिखाई है उम्मीद है जल्द दोषी पकड़े जाएंगे इस घटना से गांव के लोग काफी भयभीत है अंधेरा होने से पूर्व सभी अपने घर के अंदर चले जाते हैं साथ में राजीव रंजन, राजेंद्र देव, राहुल कुमार आकाश सिंह भी थे।

आर्ट ऑफ लिविंग की टीम के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आर्ट ऑफ लिविंग की टीम द्वारा सात दिवसीय आवासीय यूथ लीडरशिप प्रशिक्षण शिविर जो 9 नवंबर से मोदी धर्मशाला, गांधी चौक गिरिडीह आयोजित किया गया था, जिसके अंतिम दिन आज 15 नवंबर को एक कार्यक्रम आयोजित कर युवा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।साथ ही इस प्रशिक्षण शिविर में दूर दराज के गांवों से एवं अन्य जिलों से आए 40 प्रशिक्षित युवाओं ने अपने अपने अनुभव उपस्थित लोगों के सामने साझा किया, उन्होंने बताया कि कैसे ट्रेनिंग प्राप्त कर उनके दिनचर्या,आचरण,व्यवहार में अमूल्य परिवर्तन हुए।

इस शिविर में मुख्य रूप से रवि शंकर के परम शिष्य नासिक महाराष्ट्र के जयंत भोले, भूषण कुमार, दिनकीं पाण्डेय,खुशी कुमारी,आनंद कुमार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से अशोक जैन, अमरजीत सिंह सलूजा, श्रवण केडिया, प्रदीप डोकानिया,प्रदीप अग्रवाल,

रतन गुप्ता, निर्मल सलामपुरिया, प्रदीप डालमिया, देवेंद्र सिंह,अमित गुप्ता,सुनील मोदी,रोहित जैन,सुबोध मोदी,धीरज जैन,संजय शर्मा सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे हैं संगठन सर्जन अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे हैं संगठन सर्जन अभियान के तहत गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र सरिया नगर पंचायत और धनवार नगर पंचायत के अध्यक्षों और वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कर दी गई है जिसमें गिरिडीह नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरफराज अंसारी बड़की सरिया नगर पंचायत के अध्यक्ष विजय कुमार मंडल धनवार नगर पंचायत के अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी को नियुक्त किया गया है साथ ही साथ उपरोक्त नगर निगम और पंचायत क्षेत्र में वार्ड अध्यक्षों की भी नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कर दी गई है सभी नवनियुक्त नगर अध्यक्षों को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने बधाई दी है।

इनर व्हील क्लब गिरिडीह सनशाइन एवं इनर व्हील क्लब गिरिडीह पर्ल्स द्वारा बाल दिवस पर संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। इनर व्हील क्लब गिरिडीह सनशाइन ने अपनी जूनियर क्लब इनर व्हील क्लब गिरिडीह पर्ल्स के साथ मिलकर बाल दिवस के अवसर पर एक संयुक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। पर्ल्स क्लब की सदस्याएँ भले ही अध्ययन और कार्य की व्यस्तताओं के कारण सीमित समय निकाल पाती हैं, फिर भी सनशाइन क्लब ने पूर्ण सहयोग देते हुए इस आयोजन को यादगार और खुशियों से भर दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए दो रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया— नॉन-गैस कुकिंग प्रतियोगिता और ड्राइंग प्रतियोगिता। दोनों ही प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाशीलता तथा प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की खुशी और बढ़ाने के लिए क्लब की ओर से केक, कैडबरी चॉकलेट, गुब्बारे और रंग वितरित किए गए, जिससे माहौल और अधिक उत्सवपूर्ण व खुशनुमा हो गया नॉन-गैस कुकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सर्टिफिकेट, उपहार और शेफ कैप प्रदान की गई, जिसे पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। वहीं ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम दोनों क्लबों के लिए अत्यंत सफल और यादगार रहा, और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया।

झारखंड स्थापना दिवस पर गिरिडीह में भव्य कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। आज धरती आबा भगवान बिरसा की अमर बलिदानियों की पावन भूमि पर झारखंड स्थापना दिवस के 25 वीं वर्षगांठ पर गिरिडीह के झण्डा मैदान में जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा को दिल से नमन करते हुए जनजातीय गौरव दिवस को काफी हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया इस ऐतिहासिक एवं गौरवशाली पल को मंत्री नगर विकास उच्च शिक्षा विभाग सुदिव्य कुमार सोनू जिले के आदरणीय पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने जनजातीय गौरव के महानायक भगवान बिरसा मुंडा को दिल से नमन करते हुए स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए झारखंड वासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजद के जिला अध्यक्ष इरफान आलम को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया गया इस पावन अवसर पर उन्होंने झारखंड की तरक्की शोहरत सम्मान स्वाभिमान और

अस्मिता की हिफाजत के लिए भगवान बिरसा मुंडा की शहादत इस झारखंड की क्रांतिकारी भूमि पर हमेशा प्रेरणाश्रोत बन कर गूंजती रहेगी।

बरही चौक पर भाजपा कार्यकताओं ने मनाई बिरसा मुंडा जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरही। जनजातीय गौरव दिवस व झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को बरही प्रखंड के बरही चौक पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के साथ हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी ने की जबकि संचालन बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने किया। उपस्थित वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, संघर्ष और देश तथा समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें जनजातीय समुदाय का महान नायक बताया। गौरतलब है कि वर्ष 2021 में केंद्र सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्न के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष

किशुन यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, डोमन पांडेय, नवल किशोर, मनोज उपाध्याय, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, अमित साव, सुधीर यादव, अशोक यादव, राजकुमार केसरी, इंदरदेव ठाकुर, पंकज केसरी, सिकेंद्र, इमरान खान, विकास सिंह, रितेश, सोनू, रोहित गिरी, दिनेश साव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

25वें झारखंड स्थापना दिवस पर सड़क सुरक्षा जागरूकता स्टॉल लगाया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। 25वाँ झारखंड स्थापना दिवस पर सड़क सुरक्षा जागरूकता स्टॉल लगाया गया जिसमे मुख्य रूप से हिट एंड रन, गुड समेरिटन, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना आदि से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही रफ़्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ, के बारे में जागरूकता अभियान किया गया और बताया गया की वाहन को उनकी गति सीमा के अंदर ही चलाएँ इससे जरूरत पड़ने पर वाहन को रोकने तथा नियंत्रित करने का पर्याप्त समय मिलता है, नियंत्रित गति सीमा से बाहर वाहन चलाने पर मोटरयान अधिनियम 2019 की धारा 183 के तहत आपको दंड स्वरूप भरना पड़ सकता है, सड़क पर रेसिंग करते पकड़े जाने पर चालक को मोटरयान तो अधिनियम 2019 की धारा 189 के तहत पहले अपराध के लिए पाँच हजार या तीन महीने के कारावास या दोनों से दंडित किया जाएगा साथ ही सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें। जागरूकता अभियान के दौरान सभी लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक, रोड़ सेफ्टी पम्पलेट एवं रफ़्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ पम्पलेट कि भी वितरण कि गई। अभियान के दौरान जिला

परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार , मोटर यान निरीक्षक गौरी शंकर कुमार रवि शुभम लाल सिंह, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक मो॰ वाजिद हसन नंद किशोर पंडित साकेत भारती एवं श्री बालेश्वर वर्मा मौजूद थे।

भगवान बिरसा मुंडा एवं महात्मा नारायणदास ग्रोवर जयंती पर आयोजित समारोह में बतौर अतिथि शामिल हुए युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा

नवीन सिन्हा

हजारीबाग। ए.डी. ग्रोवर मेमोरियल लाइब्रेरी में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा और महात्मा नारायणदास ग्रोवर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। उनकी उपस्थिति से समारोह में नई ऊर्जा, प्रेरणा और सकारात्मक माहौल का संचार हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार, तथा तरंग ग्रुप के संचालक अमित कुमार भी मौजूद रहे, जिनकी सहभागिता ने कार्यक्रम की महत्ता को और अधिक बढ़ा दिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के साथ की गई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने दोनों महापुरुषों के योगदान को नमन किया। समारोह के दौरान

बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरों पर खुशी और गर्व स्पष्ट झलक रहा था। अभिभावकों एवं अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में उत्कृष्टता, नेतृत्व और संस्कार विकसित करने में सहायक होते हैं। अपने संबोधन में हर्ष अजमेरा ने भगवान बिरसा मुंडा को आदिवासी अस्मिता, संघर्ष, त्याग और साहस का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को नई दिशा देते हैं। साथ ही उन्होंने महात्मा नारायणदास ग्रोवर के शिक्षा, समाजसेवा और मानवता आधारित कार्यों को प्रेरणादायी बताया। उन्होंने युवाओं से इतिहास, संस्कृति और महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया और कहा— "समाज तभी प्रगति करेगा, जब युवा पीढ़ी अपनी विरासत और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होगी।" कार्यक्रम गरिमामय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अतिथियों, आमजन व बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक यादगार और प्रेरणादायी आयोजन बना दिया।

चौपारण में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती व झारखंड स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग)। प्रखंड मुख्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ गरिमापूर्ण माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई।

प्रखंड विकास पदाधिकारी नितिन कुमार भास्कर ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और कहा कि जल, जंगल और जमीन की लड़ाई में भगवान बिरसा मुंडा सदैव हमारे प्रेरणा स्रोत रहेंगे। कार्यक्रम में बीडीओ नितिन भास्कर, सीओ संजय कुमार यादव, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी मंचासीन रहे। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारियों ने भी अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। झारखंड आंदोलनकारियों में नंदकिशोर सिंह, रामफल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव सहित अन्य स्थानीय आंदोलनकारियों ने मंच से संबोधित करते हुए बिरसा मुंडा एवं झारखंड आंदोलन की ऐतिहासिक यात्रा को याद किया। अपने उद्बोधन में झारखंड आंदोलनकारी नंदकिशोर सिंह ने कहा, "झारखंड केवल एक राज्य नहीं,

बल्कि हजारों आंदोलनकारियों के संघर्ष, त्याग और सपनों की पहचान है। हमें बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलते हुए जल, जंगल, जमीन और जनहित की रक्षा के लिए निरंतर एकजुट रहना होगा।" उन्होंने आगे कहा कि 25 वर्ष की राज्य यात्रा ने बहुत उपलब्धियाँ दी हैं, लेकिन गांव-गरीब, किसान, युवाओं और मूलवासियों के विकास के लिए अभी और कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जेएमएम नेता बीरेंद्र राणा, भाजपा नेता राजदेव यादव, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रखंड के अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।अंत में सभी ने झारखंड राज्य की प्रगति, शांति और समृद्धि की कामना की।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंतीः राज्यपाल, सीएम और केंद्रीय मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन और केंद्रीय मंत्री जुएल उराव उलिहातू पहुंचे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। महान स्वतंत्रता सेनानी और उलगुलान के महानायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल उरांव ने आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा के सुदूरवर्ती गांव उलीहातू पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष आदिवासी परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली के जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास भी किया। जन्मस्थली के मुख्य द्वार को तोड़कर उसे एक पारंपरिक आदिवासी डिजाइन में पुनर्निर्माण किया जाएगा, ताकि आगंतुकों को प्रवेश करते ही आदिवासी संस्कृति की झलक मिल सके। इसके साथ ही पूरे परिसर को बिरसा मुंडा की जीवनशैली, उनकी परंपराओं और आदिवासी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। जहां बिरसा ओड़ा में भगवान बिरसा की प्रतिमा स्थापित है।

गौरतलब है कि भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय ने भगवान बिरसा मुंडा टूरिस्ट सर्किट के निर्माण के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति दी है। नए साल में इसमें भी कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। इस योजना के तहत इलाके के बिरसा से जुड़े छह गांवों को जोड़ा गया है।

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर पर ही राज्य का गठन हुआ। झारखंड निरंतर शांति, समृद्धि और विकास की ओर अग्रसर रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया, उन्होंने बिरसा मुंडा के क्रांतिकारी आंदोलन की सराहना की और कहा कि देश के इतिहास में ऐसे लोगों का अतुलनीय योगदान रहा है। इस गांव को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाए। यहां हर गांव के लोग प्रेरणा लेने आएं, इस रूप में विकसित किया जाए। यहां के आदिवासियों की सभ्यता-संस्कृति प्रकृति से जुड़ी रही है। शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। जनजातीय समाज की बेटियां विद्यालय, महाविद्यालय जा रही हैं। यह विकास को बढ़ाने में मददगार है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय के बाद बिरसा मुंडा के आदर्शों को कंधे पर लेकर घूमने वाले शिबू सोरेन आज 25वें वर्षगांठ पर हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने शिबू सोरेन को याद करते हुए कहा कि आज वही मंजर परेशान कर रहा है। झारखंड वीरों की धरती है और इस धरती ने सभी को मजबूत बनाया और मिलजुकर राज्य बनाया। राज्य बनाने वाले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन इसे संवारना हमलोगों के कंधे पर है। यहां की जल, जंगल और जमीन कैसे सुरक्षित रहे और आदिवासी का विकास कैसे हो यह हमारे सोच में सबसे पहले आता है। उन्होंने दावा किया है कि आज भी राज्य का आधा खर्च गांव वालों और गरीबों के लिए कर रहे हैं। झारखंड को मबजूत करने की दिशा में सरकार आगे काम कर रही है, ताकि आने वाले

पांच सालों में किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत न पड़े। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से शुरू होना एक सौभग्य है। राज्य आज 25 साल का हो गया। राज्य अलग होने के बाद जो पैदा हुए होंगे, वो सब जवान हो गए होंगे और वही युवा राज्य के विकास की गति देने में मदद करेंगे। राज्य अपनी ताकत के बल पर अपनी पहचान बनाता दिखेगा।

सीएम ने आगे कहा कि राज्य में खेल, पर्यटन, रोजगार और आधारभूत संरचना सहित सभी क्षेत्रों पर काम जारी है। बदलाव की शुरुआत हुई है, जल्द ही राज्य के हर एक परिवार के चेहरे पर मुस्कान होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं, बल्कि गांव से चलेगी। इसके लिए ऐसा ही पंडाल बनाकर उस गांव का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को वेतन देते हैं तो उस अधिकारी का दायित्व है जनता की समस्याओं का समाधान करना और उनका विकास करना, जल्द ही अधिकारी गांव तक जाएंगे और गांव की विकास को आगे बढ़ाने में काम करेंगे।

जनजातीय कार्य मंत्री जुवेल ओराम ने सभा को संबोधित करते हुए झारखंड वासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिस दिन झारखंड राज्य का गठन हुआ, उस दिन भी मैं जनजातीय मंत्रालय का मंत्री था। केंद्रीय मंत्री जुवेल ओराम ने कहा कि अलग अलग राजनीतिक विचारधारा के बावजूद मैं दिशोम गुरु को गुरु मानता हूं। पहले खूंटी में नक्सलियों का वर्चस्व रहा, उस वक्त मुझे सुरक्षा कारणों से उलिहातु जाने से मना किया गया था बावजूद मैं मोटरसाइकिल से उलिहातु पहुंचा और उलिहातु घूमकर वापस सुरक्षित लौटा। आज यहां जितना भी विकास कार्य हुआ वह केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से किया गया है। पच्चीस वर्ष पहले जो उलिहातू था आज वह उलिहातू अलग नजर आ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं रांची से उलिहातू तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ ही आया हूं और इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

झारखंड राज्य स्थापना दिवस हमारी संस्कृति, अस्मिता व संघर्ष की पहचान : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। झारखंड राज्य स्थापना दिवस व उलगुलान के महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में जिलास्तरीय समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। टाउन हॉल परिसर में लोग मांदर की थाप पर थिरकते नजर आए। वहीं छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से समा बांधा। इस अवसर पर पलामू उपायुक्त समीरा एस ने झारखंड के रजत पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य स्थापना दिवस हमारी संस्कृति, अस्मिता और संघर्ष की पहचान है। धरती आबा बिरसा मुंडा ने स्वतंत्रता और स्वाभिमान की जो राह दिखाई, वह आज भी हमसबों को प्रेरित करती है। जिला प्रशासन जनजातीय समाज के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। आज वितरित परिसंपत्तियां इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि आज का दिन हमारे लिए केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि सकल्प का दिन भी है। हम सभी आज धरती आबा के जयंती मना रहें हैं, जिन्होंने शौर्य और उलगुलान से जल, जंगल जमीन की पहचान दी। उपायुक्त ने झारखंड आदोलन के सभी अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन की, जिनके बलिदान से यह राज्य अस्तित्व में आया। उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आज हमसबों को संकल्प लेने की आवश्यकता है कि सभी पलामू एवं झारखंड के विकास यात्रा को और आगे बढ़ायेंगे। उपायुक्त ने रजत पर्व के अवसर पर राज्य व जिला के विकास में प्रशासनिक टीम के साथ सभी की सहयोग और जनभागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि रजत पर्व समृद्ध पलामू व झारखंड निर्माण की संकल्प लेने का दिन है।

पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने सभी को राज्य स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन साहस, संघर्ष और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला व राज्य विकास व सुरक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ा है। जिले में शांति, कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग सतत कार्य कर रही है। बेहतर पुलिसिंग से समाज सुरक्षित महसूस कर रहा है। यह सब जवानों की कुर्बानी व बलिदान और सभी के योगदान से संभव हो सका है। उन्होंने उदय योजना की सफलता के लिए जिला प्रशासन व जमीनी स्तर पर लगे सभी कर्मियों को बधाई देते हुए हौसला बढ़ाया। उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में सभी का स्वागत और शुभकामनाएं दी। साथ ही रजत पर्व के दौरान हुए विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने युवाओं को एकजुट कर उलगुलान किया और सफलता प्राप्त की। वर्तमान युवा पीढ़ी को उनसे सीख लेने की आवश्यकता है। वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि झारखंड को जनजातीय जीवनशैली के लिए जाना जाता है। संचालन शालिनी श्रीवास्तव ने की। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, सदर, छतरपुर और हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई वरीय अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं आमजन उपस्थित थे।

पीड़ित परिवारों से मिले ट्रस्ट के पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवादा। भ्रष्टाचार के साथ दमन और उत्पीड़न के विरुद्ध पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद का एक्शन नम्बर दो शनिवार को गोविंदपुर प्रखंड स्थित मरूई पंचायत के सुंदरा काजीचक गांव में शुरू हुआ जहां एक मुखिया प्रतिनिधि सह शिक्षक जयकरण यादव द्वारा चुनावी रंजिश के कारण एक निर्दोष परिवार के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। भ्रष्टाचार को ही समस्त अपराधों की जड़ मानने वाले राजबल्लभ प्रसाद के निर्देश पर राजकृष्णा ट्रस्ट के दर्जनों पदाधिकारी एवं फील्ड वर्कर आज काजीचक सुन्दरा गांव के पीड़ित परिवार से मिले। जिन्हें चुनाव के लठैतों ने घर में घुस कर बुरी तरह से मारपीट किया था। घटना के पीड़ित रामोतार यादव ने ट्रस्ट के टीम के सामने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद तथाकथित मुखिया जयकरण यादव ने लालटेन में वोट नहीं देने और मो कामरान को सपोर्ट करने के कारण मुझे और मेरे परिवार की बेरहमी के साथ पिटाई कर दी। इस मार पीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने अपना जख्म दिखाते हुए बताया कि मेरा पूरा परिवार इस समय दहशत में है। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजबल्लभ प्रसाद ने पीड़ित परिवार को टेलीफोन से सांत्वना देते हुए कहा कि हम सभी ट्रस्ट परिवार आपके साथ हैं और कानून एवं संविधान के दायरे में रहकर आपको न्याय मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब आपको और आपके परिवार को डरने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि हम सभी आपके साथ हैं। इसी क्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी ने ट्रस्ट की टीम के साथ एनजीओ रिवॉर्ड द्वारा संचालित केंद्रीयकृत रसोई घर का भी निरीक्षण किया और साफ सफाई एवं संचालन विधि की मुकम्मल जानकारी प्राप्त की। पिछले दिनों एक विद्यालय में घटिया मध्यान्ह भोजन और जरूरत से काफी कम मात्रा में भोजन पहुंचने की शिकायत का वीडियो वायरल हुआ था जिसपर संज्ञान लेते हुए जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश देते हुए विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी। काफिले में ट्रस्ट के फील्ड ऑफिसर समेत अभिभावक अनिल प्रसाद सिंह, अरुण सिन्हा, देवनन्दन यादव, रामराज यादव, कुणाल राजवंशी, उमेश हरि एवं दर्जनों फील्ड वर्कर्स शामिल थे।

आस्था की नगरी में असामाजिक तत्व कर रहे हैं अपना हाथ साफ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

देवघर। बैद्यनाथ धाम में प्रख्यात प्रवचनकर्ता प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। लेकिन इस भीड़ में कई ऐसे शख्स भी हैं जो अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 200 की संख्या में महिला और पुरुष चोर भीड़ में मौजूद हैं और लोगों के मोबाइल एवं सोने की चैन चोरी कर उन्हें चूना लगा रहे हैं। कार्यक्रम के पहले दिन जसीडीह थाना में करीब 40 ऐसे मामले सामने आए हैं। जिसमें श्रद्धालुओं ने यह शिकायत दर्ज कराई कि उनके बैग से मोबाइल और गले से सोने की चेन चोरी हो गई है। इतना ही नहीं बल्कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी चरमराई हुई है। डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद के अनुसार करीब एक हजार पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है, लेकिन उसके बावजूद विभिन्न चौक चौराहों पर जाम की समस्या देखी जा रही है। कार्यक्रम में पहुंचे कई लोगों ने कहा कि उन्हें 5 किलोमीटर पहले ही अपना वाहन लगाना पड़ता है। उसके बाद वह पैदल कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाते हैं। जिले के गिधनी मोड़ और कोटिया के पास रास्ते को ब्लॉक कर दिया गया है। जिससे आम लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही चोरी को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि लोग अगर प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम में शामिल होते हैं तो अपने घर से किसी भी महंगे सामान को लेकर न पहुंचे।

पीवीयूएनएल, पतरातू में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पतरातू। पीवीयूएनएल पतरातू में बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में एके. सेहगल, सीइओ, पीवीयूएनएल, अनुपम मुखर्जी, सीजीएम (प्रोजेक्ट), विभिन्न जीएम, एचओडी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने लोकगीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुति दी। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर उनके अदम्य साहस, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए किए गए योगदान को प्रभावी ढंग से दिखाया। सीइओ श्री सेहगल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणा आज भी हम सबके लिए मार्गदर्शक है और हम उनके आदर्शों को अपनाकर समाज व राष्ट्र के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बिरसा मुंडा जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

झारखंड स्थापना दिवस पर आंदोलनकारियों का छलका दर्द

नबिटा ब्यूरो

धनबाद। जिला प्रशासन की ओर से धनबाद के टाउन हॉल में झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंदोलनकारियों ने खुलकर अपनी बातें रखी।

वहीं समारोह में शामिल हुए झारखंड आंदोलनकारियों ने कहा कि उन्हें दी जा रही पेंशन राशि अपेक्षाकृत काफी कम है। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के कारण ही झारखंड राज्य अस्तित्व आया था, लेकिन आज राज्य सरकार आंदोलनकारियों को महज 3500 रुपये पेंशन दे रही है, जबकि राशि बढ़ाकर 10 से 15 हजार रुपये करने की जरूरत है। इस दौरान आंदोलनकारियों ने कहा कि उन्हें जो मान-समान मिलना चाहिए था, वह अब तक नहीं मिला है। किसी भी अधिकारी से मिलने के लिए काफी कठिनाई होती है।

आंदोलनकारियों की मांग सरकार तक पहुंचाएंगे : डीसी

आंदोलनकारियों की इस मांग का धनबाद डीसी आदित्य रंजन ने भी समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राशि में बढ़ोतरी राज्य सरकार के स्तर से होना है। निश्चित तौर उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाएंगे।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या : 09-MC-ROH-BOBRN-25-26 धनबाद, दिनांक: 14.11.2025

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-open tender) Single Packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : आरओएच शेड, बरवाडीह में BOBRN वैगनों के रूटीन ओवरहॉलिंग (आरओएच) रखरखाव की आउटसोर्सिंग। 2. संविदा की अवधि : 24 माह। 3. कार्य–स्थान : ROH शेड, बरवाडीह। 4. अनुमानित बोली मूल्य : ₹9,27,36,756/– (नौ करोड़ सत्ताईस लाख छतीस हजार सात सौ छप्पन रूपये मात्र)। 5. निविदा दस्तावेज मूल्य : ₹0.00 (शून्य)। 6. बयाना राशि (निविदा सूचना के तदनुसार) : ₹6,13,700 (छः लाख तेरह हजार सात सौ रूपये मात्र)। 7. ई–निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : तारीख 20.11.2025 से 04.12.2025 को 17:30 बजे तक। 8. ई–निविदा खुलने का तारीख तथा समय : 04.12.2025 को 17:45 बजे। 9. वेबसाईट विवरण : http://www.ireps.gov.in (ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी)।

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/1291/डीएचएन/यां./टी/25–26/40

भगवान बिरसा मुंडा थे एक महान आदिवासी योद्धा व संघर्षों के प्रतीक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। भगवान बिरसा मुंडा एक महान आदिवासी योद्धा थे। धरती आबा बिरसा मुंडा भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व रहे थे। बिरसा मुंडा का जीवन आदिवासी समाज की कठिनाइयों व उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक था। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कही। वे शनिवार को बिरसा मुंडा की जयंती पर स्थानीय स्टेशन रोड स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। राजेंद्र प्रसाद सिन्हा न कहा कि 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलीहातू गांव में जन्मे मुंडा जनजाति से संबंधित थे। वे आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले प्रमुख नेता थे। उनका बचपन गरीबी व संघर्ष में बीता। लेकिन उन्होंने शिक्षा प्राप्त करने का प्रयास जारी रखा। मिशनरी स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्होंने अंग्रेजों की नीतियों और मिशनरियों के आदिवासी संस्कृति पर किए जा रहे हमलों का विरोध करना शुरू किया। उन्होंने अपने समुदाय को एकजुट किया व उनकी सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी को बिरसा मुंडा के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला मोर्चा के अध्यक्ष सुशीला मिश्रा ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए उलगुलान की शुरुआत की थी। यह विद्रोह 1899-1900 के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ चलाया गया था। उन्होंने अंग्रेजों की जमीन हड़पने की नीतियों का विरोध किया व आदिवासियों को उनकी जमीन वापस दिलाने का संकल्प लिया। उनके नेतृत्व में आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ कई संघर्ष किए व उन्हें कड़ी चुनौती दी। उन्होंने कहा उनके बताएं रास्ते पर चलकर समाज का बेहतर निर्माण किया जा सकता है। मौके पर जेएमएम के पलामू युवा मोर्चा के अध्यक्ष सूरज कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा ने समाज में व्याप्त अंधविश्वासों व सामाजिक बुराइयों को दूर किया था। कहा कि बिरसा मुंडा का संघर्ष अंग्रेजों के लिए एक बड़ी चुनौती था। उन्होंने अपने अनुयायियों को आत्मनिर्भरता, साहस व स्वतंत्रता के लिए प्रेरित किया।

बिहार चुनाव परिणाम पर पूर्व सीएम रघुवर दास का बयान कहा-विकास, सुशासन और परफॉर्मेंस की हुई जीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम से भाजपा गदगद है। एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवार दास ने बयान दिया है। उन्होंने एनडीए को मिली प्रचंड जीत को विकास, सुशासन और परफॉर्मेंस की जीत बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि बिहार में जिस तरह एनडीए को प्रचंड जीत मिली है वह यह दर्शाता है कि विकास, सुशासन और परफॉर्मेंस की जो राजनीति पीएम मोदी के नेतृत्व में विगत 11 वर्षों से और बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है उसमें विकास, सुशासन और कानून व्यवस्था की स्थिति और परफॉर्मेंस की राजनीति को अब सारे देश के लोग पसंद करते हैं। यही कारण है कि एनडीए बिहार में जन-जन के हृदय में पहुंच चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बिहार की जनता का सराहना करते हुए कहा कि आजादी के बाद बिहार की जनता ने इतना प्रचंड बहुमत दिया है इसके लिए मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित तमाम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देता हूं। रघुवर दास ने कहा कि बिहार की जनता लोकतंत्र की जननी है। जिसने देश-दुनिया को फिर संदेश देने का काम किया है कि बिहार की जनता जाग चुकी है। जातिवाद, संप्रदायवाद को खत्म कर देश के हित में बिहार के हित में, एक विकसित बिहार के हित में अपना मतदान किया है। इसलिए मैं बिहार की जनता को भी बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि बिहार सही मायने में लोकतंत्र की जननी है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदको "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है। 1. निविदा संख्या एवं दिनांक : GeM Bid No. GEM/2025/B/6816605 दिनांक 14.11.2025. 2. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद से खुलने वाली ट्रेन के एसी कोचों के लिनन की मशीनीकृत धुलाई के साथ–साथ धनबाद कोचिंग डिपो से धनबाद स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों तक पहुँचने तथा लाने एवं ट्रेनों में लिनन को चढ़ाने व उतारने एवं धनबाद के ट्रेनों के एसी कोचों के पर्दों की धुलाई का 01 (एक) वर्ष का ठेका। कार्य समापन अवधि–1 वर्ष। 3. कार्य की अनुमानित लागत : ₹6,91,72,960.68 (छः करोड़ इक्यानवे लाख बहत्तर हजार छियानवे रूपये और अइसठ पैसे) मात्र। 4. बयाना राशि : ₹4,95,900.00 (चार लाख पंचानवे हजार नौ सौ रूपये) मात्र। 5. ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 05.12.2025 को 16:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 05.12.2025 को 16:30 बजे। 6. वेबसाईट विवरण : https://www.gem.gov.in ई–निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक/ पूमरे/धनबाद

पीआर/1292/डीएचएन/सीएण्डडब्ल्यू/टी/25–26/40

पूर्व मध्य रेल

विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु खुले ई–निविदा के लिए निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा संख्या : GEM/2025/B/6887262, dated 13/11/2025, **क्रम सं० : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनबाद मंडल के गोमो और हजारीबाग टाउन स्टेशनों पर लोकोमोटिव में आर डी एस ओ विनिर्देश AAR M-916-51 के अनुसार 01 वर्ष के लिए बालू की आपूर्ति और भरने हेतु। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रु. 1,07,76,465.00, **3. अग्रधन राशि :** रु. 2,03,900.00, **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा का बंद होना : 04.12.2025 को 17:00 बजे, ई–निविदा का खुलना : 04.12.2025 को 17:30 बजे, **5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईटः **http://gem.gov.in** विशेषः ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि०)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/1284/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25–26/36

भाजपाइयों ने दी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि

मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी की पलामू जिला इकाई ने झारखंड स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई। साथ ही उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर स्वतंत्रता सेनानी के परिवार को सम्मानित किया गया। भाजपाइयों ने स्थानीय स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पलामू के स्वतंत्रता सेनानी पूर्व एमएलसी स्व भागीरथी सिंह के सुपुत्र दिग्विजय सिंह को शौल व माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, अविनाश अविनाश वर्मा, मंगल सिंह, विजय ओझा, अजय तिवारी, विजय ठाकुर, सरवन गुप्ता, छोटू सिन्हा, नंदलाल गुप्ता, संजय कुमार, मनोरंजन दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

शराब के साथ एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली । थाना क्षेत्र के मुरहेना मोड़ के समीप से उत्पाद बलों ने बीते देर शाम को एक बाइक पर लदे 75 लीटर चुलाई शराब के साथ एक नवयुवक को हिरासत में लिया गया,जबकि दूसरा शराब तस्कर भागने में सफल रहे। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आने वाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है,जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। साथ ही आसपास के क्षेत्र में शराब निर्माण, भंडारण, बिक्री, परिवहन एवं सेवन के विरुद्ध लगातार गश्त की जा रही है। बीते शुक्रवार की देर शाम शराब की खेप को लेकर गुप्त सूचना मिली। गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार को उत्पाद बलों के साथ भेजा गया। छापेमारी के दौरान मुरहेना मोड़ के समीप से ग्लैमर बाइक पर सवार रहे दो लोगों को जांच हेतु रोका गया। उत्पाद बलों को देखकर पीछे बैठा युवक भागने में सफल रहा। वहीं जांच करने बाइक पर लदे 75 लीटर देशी चुलाई महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ के दौरान हिरासत में रहे युवक ने बताया कि भागने वाला युवक महियारा गांव के 22 वर्षीय सचिन है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं बाइक के अलावे गिरफ्तार और फरार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है इस मौके पर उत्पाद बल के साथ गृह रक्षक के जवान मौजूद रहे।

आग से एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जले

चार बुरी तरह झुलसे, एक गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। मोतीपुर बाजार के वार्ड संख्या-13 में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घायलों को इलाज के लिए श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है।

घटना रात में तब हुई जब सभी लोग गहरी नींद में थे। अचानक लगी आग के कारण घर में मौजूद लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिल सका।

आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि स्थानीय लोग सहायता के लिए पहुंचे, लेकिन आग पर काबू पाना बेहद मुश्किल हो गया। पूरा मोहल्ला घटना के बाद से दहशत और शोक में डूबा है।

हादसे में ललन शाह का परिवार पूरी तरह प्रभावित हुआ। आग में पति-पत्नी सहित दो मासूम बच्चों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, घायल होने वालों में लालबाबू प्रसाद कुमार (55), साक्षी कुमारी (14), पुष्पा कुमारी (48) और माला देवी (42) शामिल हैं। सभी का इलाज मेडिकल कॉलेज के बर्न वार्ड में चल रहा है।

सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर राहत एवं जांच में जुट गए। एसडीपीओ वेस्ट टू सुचित्रा कुमारी ने बताया कि आग में पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि चार लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। प्रारंभिक जांच में बिजली के शॉर्ट सर्किट को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। यह दर्दनाक हादसा पूरे इलाके में गहरी सनसनी और शोक का माहौल पैदा कर गया है।

स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का गौरवपूर्ण प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन, खूँटी द्वारा आज बिरसा कॉलेज ऑडिटोरियम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त आर. रॉनिटा, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, एसडीओ दीपेश कुमारी, एसडीपीओ वरुण रजक, डीसीएलआर अरविंद कुमार, जिला योजना पदाधिकारी कुंदन कुमार सहित अन्य अधिकारी, स्कूली बच्चे, अभिभावक, कलाकार एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करने के साथ हुई। मंच पर आमंत्रित कर उन्हें शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इसके साथ ही खेल एवं अन्य क्षेत्रों में जिले का नाम रोशन करने वाले उत्कृष्ट प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और गौरव का माहौल बना रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ जिला जनसम्पर्क इकाई खूँटी की टीम द्वारा पाइका पारंपरिक नृत्य के साथ किया गया। जिसके पश्चात जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूँटी द्वारा बेहतरीन मुंडारी नृत्य, डीएवी खूँटी द्वारा नागपुरी नृत्य, मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय, जेल एमानुएल हाई स्कूल द्वारा कमंता मुंडारी नृत्य, आरसी बालक मध्य विद्यालय द्वारा नागपुरी नृत्य, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूँटी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित नाटक, एकलव्य आवासीय विद्यालय द्वारा मुंडारी नृत्य, उर्सलाइन उच्च विद्यालय खूँटी द्वारा झूमर, उर्सलाइन मध्य विद्यालय खूँटी द्वारा नागपुरी नृत्य, उत्क्रमित उच्च विद्यालय अनिगड़ा द्वारा नागपुरी नृत्य, कर्रा द्वारा संथाली नृत्य, मॉडल स्कूल खूँटी द्वारा नागपुरी नृत्य, संत मेरी बालिका विद्यालय द्वारा नागपुरी नृत्य। जिला जनसम्पर्क इकाई खूँटी की टीम द्वारा बेहतरीन छउ नृत्य प्रस्तुत किया गया। पूरे कार्यक्रम ने झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का गौरवपूर्ण प्रदर्शन किया।

न कोई बचा लालटेन जलाने वाला और न ही कोई हाथ मिलाने वाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने का दावा करने वाला महागठबंधन अंग क्षेत्र, कोसी और सीमांचल में एनडीए से बुरी तरह पराजित हुआ है। आलम यह कि इन क्षेत्रों में आने वाले 13 जिलों में छह पर न कोई लालटेन जलाने वाला बचा, न कोई हाथ मिलाने वाला।

यहां विधानसभा की 62 सीटों में महज नौ पर महागठबंधन को जीत मिली। छह दलों को कुनबे में समेटे महागठबंधन को अकेले लड़ रहे एआइएमआइएम से महज एक सीट ज्यादा मिली है। गोप की धरती कहे जाने वाले मधेपुरा में बमुश्किल एक सीट पर जीत नसीब हुई। भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, खगड़िया, सुपौल, पूर्णिया में सूपड़ा साफ।

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी सीमांचल में दखल रखती है। उनकी पार्टी ने महागठबंधन से छह सीटें मांगी थीं। लालू और तेजस्वी ने साफ मना कर दिया। नतीजा, ओवैसी की पार्टी का तो कुछ नहीं बिगड़ा। महागठबंधन को आधा दर्जन से अधिक सीटों पर मुस्लिम वोटों के बंटने का नुकसान हुआ। एआइएमआइएम ने 2020 के विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी इस क्षेत्र में पांच सीट जीत कर बता दिया कि महागठबंधन का हठ आत्मघाती साबित हुआ।

कहलगांव, सुल्तानगंज, बेलदौर, सिकंदरा की सीट पर महागठबंधन खुद ही आपस में लड़ रहा था। आपसी लड़ाई का नुकसान यह हुआ कि ये चारों सीटें महागठबंधन ने एनडीए को तोहफे में दे दी। इन सीटों पर महागठबंधन के वोटर तय ही नहीं कर पाए कि किसके साथ जाएं। कुछ इधर बंटे, कुछ उधर। नतीजा, कट गए। वैसे तो पूरे बिहार में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट दिए, लेकिन इस इलाके में तो लहर थी। सीमांचल के किशनगंज में 19 प्रतिशत तो कोसी के मधेपुरा जिले में पुरुषों से 15 प्रतिशत अधिक महिलाओं ने मतदान किए। दस हजार के उपहार के बदले महिलाओं ने रिटर्न गिफ्ट के तौर पर एनडीए की झोली वोटों से भर दी। यहां की 62 सीटों में 48 पर एनडीए को जीत दिलाकर मतदाताओं ने स्पष्ट किया कि उन्हें नीतीश-मोदी की जोड़ी पर भरोसा है।

मतदाताओं ने तोड़ी जाति की दीवार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। जाति है कि जाती नहीं... बिहार के लिए हमेशा यह कहा जाता रहा है। चुनावों में तो खासकर। लेकिन, बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में नीतीश कुमार सरकार की वापसी के लिए मतदाताओं ने इन कहावतों को किनारे कर एकतरफा मतदान किया। परिणाम सामने है। यादव और मुस्लिम के नाम का समीकरण रखने वाली पार्टी बुरी तरह पराजित हुई। इसके साथ ही एक बात चर्चा में आ गई कि अरसे बाद बिहार विधानसभा एक खास जाति के दबदबे से बाहर निकल रहा है। इस बार विधायकों का जातीय समीकरण बहुत हद तक अलग है। दलित भी खूब हैं, सवर्ण भी मजबूत।

पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की पार्टी के कोर वोटर माने जाने वाले यादव और मुस्लिम ही उनसे दूर हो गए। परिणाम यह हुआ कि जिस 14 प्रतिशत यादव और 17.7 प्रतिशत मुस्लिमों के वोट बैंक के आधार पर तेजस्वी यादव ने 18 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की घोषणा की थी, वह वोट बैंक ही बिखर गया। महागठबंधन ने कुल 66 यादवों को टिकट दिया था। इसमें से महज 12 ही जीत पाए। वहीं मुस्लिम वोट बैंक पर फोकस करने के बावजूद राजद से तीन और कांग्रेस के दो मुस्लिम विधायक ही जीत पाए। जदयू के एक विधायक जमा खान ने जीत दर्ज की। बाकी पांच विधायक एआईएमआईएम के बने हैं।

इस बार चुनाव में सबसे ज्यादा विधायक राजपूत जाति से बने हैं। इनमें महागठबंधन और एनडीए के दलों के प्रत्याशी हैं। इनके बाद यादव की विधायकों की संख्या पिछले चुनाव की तुलना में आधी हो गई। पिछले चुनाव में यादव जाति के 55 प्रत्याशी चुनाव जीते थे। इस बार यह संख्या घटकर 28 हो गई। इसमें 15 एनडीए से हैं। साल 2025 में यादव समुदाय के विधायकों की संख्या घटकर 28 रह गई, जबकि कुर्मी से 25 और कुशवाहा से 23 विधायक बने। वैश्य समुदाय के 26, राजपूत के 32 और भूमिहार के 23 उम्मीदवार जीते। ब्राह्मण के 14, कायस्थ के 3 और पिछड़ा वर्ग से 13 विधायक चुने गए। दलित समुदाय के 36, एसटी के 11 और मुस्लिम समुदाय के केवल 10 विधायक इस चुनाव में विधानसभा पहुंचे।

साल 2020 में यादव समुदाय के 55 विधायक बने, जबकि कुर्मी के 10 और कुशवाहा के 16 विधायक विजयी हुए। वैश्य समुदाय के 22, राजपूत के 18 और भूमिहार के 17 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। ब्राह्मण के 12, कायस्थ के 3 और पिछड़ा वर्ग से 21 विधायक बने। दलित समुदाय के 38, एसटी के 2 और मुस्लिम समुदाय से 14 विधायक विधानसभा पहुंचे।

साल 2015 में यादव समुदाय के सबसे अधिक 61 विधायक बने। कुर्मी के 16, कुशवाहा के 20 और वैश्य समुदाय से 13 विधायक विजयी हुए। राजपूत के 20, भूमिहार के 17 और ब्राह्मण के 10 विधायकों के साथ आगे रहे। कायस्थ से 4, पिछड़ा वर्ग से 18 और दलित समुदाय से 38 विधायक बने। एसटी से 2 और मुस्लिम समुदाय से 24 विधायक उस चुनाव में चुने गए।

नोटा से भी कम मत ला पाये जसुपा के उम्मीदवार

खगड़िया। बिहार विधानसभा चुनाव के तहत 14 नवंबर को मतगणना संपन्न हो गया। प्रत्याशियों के साथ-साथ नोटा को भी मत मिले। हाल यह रहा कि कई प्रत्याशियों से भी अधिक मत नोटा को मिले। जिले के सभी चार विधानसभा में 20 हजार 138 मतदाताओं ने नोटा में मत डाले।

नोटा में सर्वाधिक मत बेलदौर विधानसभा में डाले गए। यहां नोटा में कुल 7980 मत डाले गए। अलौली सुरक्षित विधानसभा में मतदाताओं ने नोटा में 3953 मत डाले। यहां पांच प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें से चार नोटा से अधिक और एक प्रत्याशी नोटा से भी कम मत ला सके।खगड़िया विधानसभा में 3662 मतदाताओं ने नोटा में मत डाले। यहां से कुल 10 प्रत्याशी मैदान में थे। यहां से चार प्रत्याशियों को नोटा से अधिक मत मिले। जबकि छह प्रत्याशियों को नोटा से कम मत मिले।

बेलदौर विधानसभा में मतदाताओं ने नोटा में 7980 मत डाले। यहां से कुल 14 प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें से चार प्रत्याशी को नोटा से अधिक मत मिले।

पहली बार मिली महिला विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर विधानसभा से जदयू की अश्वमेध देवी पहली महिला विधायक बनी। इस सीट पर हैट्रिक लगाने वाले राजद विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन चौका नहीं लगा सके। आजादी के दशकों बाद आधी आबादी को पहली बार प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला।

समस्तीपुर विधानसभा सीट पर राजद और जदयू के बीच कांटे की टक्कर हुई। जदयू की अश्वमेध देवी ने राजद के अख्तरूल इस्लाम शाहीन को 13 हजार 875 मतों से पराजित किया। अश्वमेध देवी ने 95 हजार 728 मत प्राप्त किए जबकि, शाहीन को 81 हजार 853 मत मिले। यहां पर 4527 मतदाता ने नोटा दबाया। निर्दल प्रत्याशी चेतना झांब ने 6193, जन सुराज पार्टी के मनोज कुमार सिंह ने 4938, आम आदमी पार्टी के राजन कुमार ने 1715, द प्लुरल्स पार्टी के शिवम कुमार राज ने 939, भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के नितेश कुमार सिन्हा ने 684, बहुजन समाज पार्टी के विनय कुमार राम ने 591, सोशियलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया के राकेश कुमार ने 492, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के दिनेश कुमार राय ने 432, आदर्श मिथिला पार्टी के प्रेमजीत कुमार ने 431, अपना किसान पार्टी के इरसाद अहमद ने 342 मत प्राप्त किया।

सीट पर आरंभ से ही जदयू प्रत्याशी बढ़त बनाती रही। पहले राउंड में अश्वमेध को 5288 तो शाहीन को 2255 मत मिला। इसके साथ ही लगातार आठवें राउंड तक बढ़त बनाए रखी। इससे अश्वमेध ने 18 हजार 87 मत से बढ़त बना ली। नौवें राउंड में शाहीन ने बढ़त बना ली लेकिन यह सिलसिला अधिक देर तक नहीं चला। फिर 17 व 18 राउंड में राजद का आंकड़ा बढ़ने लगा लेकिन, अंतिम राउंड में जदयू का आंकड़ा बढ़ने से बढ़त बरकरार रहा। बिहार की राजनीति में समस्तीपुर विस का अहम किरदार रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री रहे महान समाजवादी नेता भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर ने 1980 से 1985 तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया। समस्तीपुर विधानसभा की स्थापना 1957 में हुई थी।

नालंदा में फिर चला नीतीश का जादू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का परिणाम आ गया है। विधानसभा चुनावों में एनडीए को पक्ष में जनता का जनादेश मिला है। नालंदा की सातों विधानसभा सीट पर एनडीए का परचम लहराया है। आज आए हुए परिणाम में एनडीए का बोलबाल देखने को मिला।

डॉ. सुनील कुमार छठी बार बिहारशरीफ विधान सभा के विधायक बने। उन्हें एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त है। 1995 में राजनीति में आने से पहले वे एक डॉक्टर के रूप में प्रैक्टिस कर रहे थे। उनका विवाह संगीता देवी से हुआ है। उन्होंने अपना पहला विधानसभा चुनाव 2005 में जीता था।

इन्होंने ने फिल्म निर्माण में भी कदम रखा है और खुद तीन भोजपुरी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं।अपने कार्यकाल के दौरान, वे अपनी सतर्कता के लिए जाने जाते रहे । 2022 में उन्होंने बिहारशरीफ स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत धन के दुरुपयोग पर आवाज उठाई थी। शहरी स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा तीन तालाबों के पुनर्विकास पर कुल 72 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। यह धनराशि शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आवंटित की जानी थी। इस प्रकार उन्होंने स्मार्ट सिटी परियोजना के नाम पर चल रही गलत गतिविधियों की ओर इशारा किया था।

दसवीं बार विधायक चुने गए हरिनारायण सिंह। हरिनारायण सिंह 2005 तक चंडी विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ते थे। 2010 में चंडी विधान सभा क्षेत्र का विलोपन हुआ। इस क्षेत्र का दो प्रखंड चंडी और नगरनौसा हरनौत विधान सभा क्षेत्र में शामिल कर लिया गया। हरिनारायण सिंह 2010 में शिक्षा मंत्री रहे थे। उनके कार्यकाल में शिक्षकों की बहाली में पूरी पारदर्शिता बनी रही थी। विधायक बनने के बाद वे अपने क्षेत्र में कई योजनाओं पर काम किया। नल जल योजन, सिंचाई, सड़क, बिजली आदि के क्षेत्र में कई काम किए। वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहे।

रुहेल रंजन पहली बार जदयू के टिकट पर लड़े और जीत हासिल की। रुहेल रंजन के पास वैश्विक शिक्षा, सशक्त उद्यमिता और प्रभावशाली राजनीतिक विरासत है। इस्लामपुर के युवा उद्योगपति रुहेल रंजन आज वैश्विक व्यापार, निवेश और ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से उभरते हुए नेतृत्वकर्ता हैं। उनका पैतृक गांव एकंगरसराय प्रखंड के सोनियावां पंचायत का खुशहालपुर है। मजबूत पारिवारिक राजनीतिक विरासत, विदेश में उच्च शिक्षा और बहुआयामी उद्यमिता ने उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशेष पहचान दी है।

रुहेल रंजन ऐसे परिवार से आते हैं, जिसकी तीन पीढ़ियों ने बिहार और राष्ट्रीय राजनीति को दिशा दी है। उनके नाना प्रोफेसर सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह इंदिरा गांधी मंत्रिमंडल में केंद्रीय मंत्री, बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री, त्रिपुरा के राज्यपाल और नालंदा से चार बार सांसद रहे। वहीं दादा रामशरण प्रसाद सिंह प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष, कई बार विधायक-विधान पार्षद तथा बिहार के विभिन्न मुख्यमंत्रियों के शासनकाल में मंत्री पद पर रह चुके हैं।

उनके पिता राजीव रंजन भी 2010 में इस्लामपुर से जनता दल (यू) के विधायक चुने गए और झारखंड तथा छत्तीसगढ़ विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।परिवार की राजनीतिक परंपरा के समानांतर रुहेल रंजन ने अपनी पहचान शिक्षा और उद्यमिता से बनाई।

उन्होंने बीआईटी रांची से इंजीनियरिंग, अमेरिका की सैन जोस स्टेट यूनिवर्सिटी से एमबीए इन फनांनस तथा स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में विशेषज्ञता प्राप्त की।आज वे ब्रीक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ब्रीक्स सीसीआई के कोषाध्यक्ष एवं ऊर्जा और निवेश वर्टिकल के अध्यक्ष हैं, जहां वे वैश्विक निवेश, ऊर्जा सहयोग, नीति सुधार और युवा नेतृत्व को नई दिशा दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में कई अंतरराष्ट्रीय पहलें मजबूत हुई हैं।

नालंदा विधान सभा सीट 1977 में अस्तित्व में आया ।

1995 से लगातार इस सीट पर आठवीं बार श्रवण कुमार ने जीत हासिल की है । सन 2015 से लगातार कैबिनेट मंत्री के रूप में क्षेत्र की सेवा करते आ रहें हैं । श्रवण कुमार मूल रूप से जिले के बेन प्रखंड के बेन गांव के निवासी हैं। श्रवण कुमार के एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं।

हिलसा कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया (जदयू) ,अस्थावां जीतेन्द्र कुमार, जदयू तथा राजगीर विधानसभा सीट पर सात बार सत्यदेव नारायण आर्य का कब्जा रहा है।

इनके पहले एक बार यदुनंदन प्रसाद तथा दो बार चंद्रदेव प्रसाद हिमांशु राजगीर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। जबकि सत्यदेव नारायण आर्य के बाद राजगीर विधानसभा क्षेत्र सीट से पहली बार चुनाव के प्रत्याशी के रुप में रवि कुमार ज्योति एक बार विजेता रहे। फिर सत्यदेव नारायण आर्य के संन्यास लेने के बाद, उनके पुत्र कौशल किशोर को बतौर विरासत राजगीर विधानसभा क्षेत्र से टिकट मिला। और कौशल किशोर राजगीर से पहली बार विधायक रहे।

यूट्यूबर मनीष कश्यप हार के बाद हुए भावुक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार चुनाव के परिणाम आ गए हैं। एनडीए ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में 202 सीटें मिली हैं। इस चुनाव में प्रशांत किशोर की जनसुराज को एक भी सीट नहीं मिली। चनपटिया विधानसभा से जनसुराज ने मनीष कश्यप को मैदान में उतारा था।

इस सीट पर सबकी निगाहें थी। जन सुराज प्रत्याशी यूट्यूबर मनीष कश्यप ने इस सीट पर भूमिहार वोटों में सेंध लगाया, लेकिन वह जीत हासिल करने में सफल नहीं रहे।

इस सीट से कांग्रेस के अभिषेक रंजन को 87,538 वोट मिले, जबकि उमाकांत सिंह को 86,936 मत प्राप्त हुआ। मनीष कश्यप को 37,172 वोट मिला।

चनपटिया सीट पर चुनाव हारने के बाद मनीष कश्यप ने एक्स पर अपनी मां की फोटो शेयर करते हुए भावुक पोस्ट किया है। उन्होंने कहा कि मां आज फिर तुम्हारे सिवा मेरे पास कुछ नहीं बचा। अच्छा होता मैं बिहार बदलने की जगह अपना परिवार की हालात बदलता तो शायद किस्मत में 22 मुकदमे और अनेकों बार जेल नहीं जाता। आज कुछ लोग ताने मार रहे हैं और कह रहे हैं कि क्या मिला तुझे अब हार के बाद उन्हें कैसे बताऊं कि 37172 लोगों का आशीर्वाद मुझे जाति या पार्टी के नाम पर नहीं अपने दम पर मिला। जेल जाते वक्त मैं इतना दुखी नहीं था जितना दुखी आज मैं हूं क्योंकि मैंने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था और बदले में मुझे हार और लोगों के ताने मिले। मनीष कश्यप ने आगे कहा कि लेकिन मैं वादा करता हूं कि तब तक प्रयास करूंगा जब तक जीत नही जाता।

नोटा ने दलों की निकाल दी हवा

बरबीघा। चुनाव के परिणामों ने इस बार एक अनोखी और गंभीर तस्वीर पेश की है। विजयी प्रत्याशी के आंकड़ों से अधिक चर्चा नोटा का हो रहा है। जिसने कई स्थापित और उभरते दलों को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल कर लिया। इस बार 6197 मतदाताओं ने स्पष्ट रूप से नोटा चुनकर यह संकेत दिया कि उन्हें उपलब्ध उम्मीदवारों में कोई विकल्प स्वीकार्य नहीं लगा। यह संख्या बताती है कि मतदाता मात्र वोट डालने नहीं आए थे वे एक संदेश देने आए थे। विशेष बात यह कि कई ऐसे उम्मीदवार जो खुद को बदलाव का प्रतिनिधि बताकर मैदान में उतरे थे उन्हें भी मतदाताओं ने प्राथमिकता नहीं दी। परिणामों में यह साफ दिखा कि जहां कुछ दलों ने बिहार में नई राजनीति लाने का दावा किया था वहीं मतदाताओं ने उस दावे कि हवा निकाल दी। स्थानीय विश्लेषकों का मानना है कि जब मतदाता पारंपरिक और नए दोनों तरह के उम्मीदवारों को नकारकर नोटा का बटन दबाते हैं तो यह सिर्फ असंतोष नहीं राजनीतिक उम्मीदों की असफलता भी दिखाता है। हालांकि नोटा को लेकर लोग इसे विशेष दल के समर्थकों की देन बता रहे हैं। उनके दल से अच्छे प्रत्याशी नहीं मिलने से नाराज लोगों ने नोटा दवा कर अपनी नाराजगी जताई है।

पीके पर भारी पड़े ओवैसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के मतदाताओं के रुझान ने इस विधानसभा चुनाव में एक दिलचस्प तस्वीर पेश की है। वोटों के विश्लेषण से साफ होता है कि कटिहार में एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवैसी की लोकप्रियता जन सुराज के प्रशांत किशोर की तुलना में सात गुना अधिक रही है।

जिले में पड़े कुल 16,26,024 मतों में जन सुराज को जहां 23,129 वोट (1.43%) मिले, वहीं एआईएमआईएम को 1,28,841 वोट (7.93%) प्राप्त हुए। यानी औवैसी की पार्टी को जन सुराज से 6.5% अधिक मत मिले। विशेष बात यह है कि औवैसी ने पांच विधानसभा क्षेत्रों यथा बलरामपुर, बरारी, प्राणपुर, कदवा और कटिहार में प्रत्याशी उतारे थे, जबकि जन सुराज ने सातों सीटों पर चुनाव लड़ा। सीमित सीटों पर लड़ने के बावजूद एआईएमआईएम को छह गुना अधिक मत मिलना अपने आप में राजनीतिक संदेश देता है औवैसी की पार्टी से पांच विधान सभा में मुस्लिम बाहुल्य बलरामपुर विधानसभा में औवैसी की सबसे मजबूत पकड़ दिखी। यहां जीत भले ही लोजपा-आर के खाते में गई, लेकिन प्रथम राउंड से अंतिम राउंड तक एआईएमआईएम के आदिल हसन से टक्कर होती रही। एआईएमआईएम की यह मजबूती यहां महागठबंधन पर भारी पड़ी और माले का गढ़ ध्वस्त हुआ तो लगातार दो चुनाव से निर्वाचित हो रहे महबूब आलम को हार का सामना करना पड़ा।

यथा बलरामपुर, बरारी, प्राणपुर, कदवा व कटिहार में उम्मीदवार थे। मत के आधार पर इनके प्रत्याशी बलरामपुर में दूसरे स्थान पर रहे। बरारी, प्राणपुर और कदवा में तीसरा स्थान मिला, जबकि कटिहार में वे छठे स्थान पर रहे।

दूसरी ओर, जन सुराज के उम्मीदवार कोढ़ा और मनिहारी में तीसरे, प्राणपुर में चौथे, कटिहार में पांचवें, बरारी में छठे और बलरामपुर व कदवा में सातवें स्थान पर रहे।

हार के बाद लालू परिवार में खटपट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के परिवार का संकट बढ़ा दिया है। बेटी रोहिणी आचार्य ने स्वयं को इस परिवार और राजद से अलग कर लिया है। इसे खराब परिणाम का साइड इफेक्ट माना जा रहा है।

शुक्रवार की सुबह, जब मतगणना शुरू हो रही थी, परिवार के सदस्य इस उम्मीद में बैठे थे कि शाम तक सत्ता घर में आ जाएगी, लेकिन मतगणना में तेजी के साथ ही बुरी खबरों की बाढ़ आ गई। मुख्यमंत्री पद के लिए प्रस्तावित तेजस्वी यादव अपने क्षेत्र राघोपुर में लगातार पिछड़ रहे थे।

बड़े पुत्र तेज प्रताप चुनाव हार गए थे और महागठबंधन सत्ता से बहुत दूर रह गया था। देर रात यह अच्छी खबर आई कि तेजस्वी चुनाव जीत गए हैं, लेकिन हार के कारण तेज प्रताप मायूस हो गए हैं।

शनिवार को एक और बुरी खबर आई- राजद सुप्रीमो को किडनी देने वाली बेटी रोहिणी यादव ने परिवार और राजद से नाता तोड़ लिया है। यह परिवार के दसरे सदस्य के अलगाव की खबर है। इससे पहले, लालू प्रसाद ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप को परिवार और दल से बेदखल कर दिया था।

रोहिणी के अलगाव को भी तेज प्रताप से जोड़ कर देखा जा रहा है। चुनाव परिणाम से रोहिनी बेहद दुखी हैं। तेज प्रताप की तरह रोहिणी ने भी राजद की बुरी गति के लिए राज्यसभा सदस्य और तेजस्वी के सलाहकार संजय यादव को जिम्मेवार ठहराया है। रोहिणी ने शनिवार को अपने एक्स हैंडल पर पार्टी और परिवार से अलगाव की घोषणा की-मैं संजय यादव और रमीज के कहने पर ऐसा कर रही हूं। (रमीज उत्तर प्रदेश के हैं। संजय यादव की टीम के सदस्य हैं।) रोहिणी की राजनीतिक सक्रियता इतनी भर है कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में छपरा से राजद की उम्मीदवार थीं। चुनाव हार गईं। विधानसभा चुनाव में वह राघोपुर गई थीं। उन्होंने तेजस्वी के लिए वोट मांगा। वह तेज प्रताप के क्षेत्र महुआ नहीं गईं, लेकिन उन्हें जीत की शुभकानाएं दीं।

विजय जुलूस के दौरान हिंसक झड़प

गयाजी। विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद बेलागंज थाना क्षेत्र के दादपुर टोला फरीदपुर में निकाले जा रहे विजय जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच विवाद हिंसक रूप ले लिया। पथराव में एक धार्मिक स्थल को आंशिक क्षति पहुंची।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ जिला के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एनडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी की विजय के उपरांत दादपुर गांव के समर्थक डीजे की धुन पर विजय जुलूस निकाल रहे थे। जुलूस गांव होते हुए सुंदरपुर की ओर बढ़ रहा था। इसी दौरान फरीदपुर गांव के समीप जुलूस में शामिल लोगों और स्थानीय निवासियों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते-देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया।

सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

सुनसान जगह पर दिखे प्रेमी युगल, लोगों ने करा दी शादी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अजगैवीनाथ धाम। थाना क्षेत्र के एक गांव के प्रेमी-प्रेमिका अपने-अपने घरों से निकल कर सुनसान में रिंग सेरेमनी करने शीशबन्ना बहियार शीतला स्थान पहुंचे।

प्रेमी-प्रेमिका को सुनसान स्थान में एक-दूसरे को अंगूठी पहनाते देख लोगों ने घेर लिया। फिर ये बात चारों ओर फैल गई। वहां काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए तथा दोनों की शीतला स्थान मंदिर में शादी करा दी। दोनों के साथ किसी तरह मारपीट न हो इसलिए शादी कराने के बाद ग्रामीणों ने अपनी देखरेख में रखा। पुलिस को सूचना दी गई।

सुल्तानगंज से दल-बल के साथ पहुंचकर पुलिस पदाधिकारी दोनों को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई। प्रेमी-प्रेमिका ने बताया कि हमदोनों एक-दूसरे से बीते तीन वर्ष से प्यार करते हैं।

लोगों का रिंग सेरेमनी होते देख हमलोग भी रिंग सेरेमनी करने सुल्तानगंज बाजार से आर्टिफिशियल अंगुठी खरीदे और दोनों अपने-अपने घर से दिन के दो बजे निकल कर पड़ोसी गांव के बहियार पहुंचे थे।

थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई है। आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

53% नए विधायकों पर आपराधिक मामले, 90% हैं करोड़पति

एडीआर और बिहार इलेक्शन वॉच की रिपोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। एडीआर और बिहार इलेक्शन वॉच ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में विजयी सभी 243 उम्मीदवारों के शपथ-पत्रों का विस्तृत विश्लेषण जारी किया है जिससे राज्य की नई राजनीतिक संरचना की कई महत्वपूर्ण तस्वीरें सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार इस बार 243 विजेता उम्मीदवारों में से 130 यानी 53 प्रतिशत ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। हालांकि यह संख्या 2020 की तुलना में कम है जब 241 में से 163 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले थे, लेकिन नए आंकड़े भी चिंता पैदा करने वाले हैं। गंभीर आपराधिक मामलों के संदर्भ में भी थोड़ी कमी आई है–2020 में जहां 51 प्रतिशत विजेताओं ने गंभीर मामले घोषित किए थे, वहीं इस बार 42 प्रतिशत यानी 102 विजेता उम्मीदवार ऐसी श्रेणी में आते हैं। इनमें 6 विधायकों ने हत्या से जुड़े मामले और 19 विधायकों ने हत्या के प्रयास से जुड़ी धाराओं वाले मामले घोषित किए हैं। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों की संख्या भी 9 पाई गई है। रिपोर्ट दलवार विश्लेषण में बताती है कि लगभग हर प्रमुख दल के कई विजेता उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। भाजपा के 89 विजेताओं में से 43 पर, जदयू के 85 में से 23 पर और राजद के 25 में से 14 पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एलजेपी (रामविलास) के 19 में से 10, कांग्रेस के 6 में से 3 और एआईएमआईएम के 5 में से 4 विजेताओं ने भी ऐसे मामले घोषित किए हैं। सीपीआई (एम), इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी और बीएसपी के एक-एक विजेता उम्मीदवार ने भी गंभीर आपराधिक मामले स्वीकार किए हैं। यह स्पष्ट दर्शाता है कि दल कोई भी हो, गंभीर मामलों वाले चेहरों को टिकट मिलने और जीत दर्ज करने का सिलसिला जारी है। संपत्ति के मामले में तस्वीर और भी रोचक है। इस बार 90 प्रतिशत विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं और सभी विधायकों की औसत घोषित संपत्ति 9.02 करोड़ रुपये दर्ज की गई है। इससे बिहार की राजनीति में धनबल के बढ़ते प्रभाव का संकेत मिलता है। शैक्षिक पृष्ठभूमि की बात करें तो 35 प्रतिशत विजेताओं की शिक्षा 5वीं से 12वीं के बीच है जबकि 60 प्रतिशत ने स्नातक या उससे उच्चतर योग्यता घोषित की है। पांच विजेता उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं और सात केवल साक्षर हैं। नई विधानसभा की आयु संरचना भी दिलचस्प है। कुल विजेताओं में 16 प्रतिशत उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच के हैं जबकि सबसे बड़ी संख्या 41 से 60 वर्ष आयुवर्ग की है जो 59 प्रतिशत है। इसके अलावा 26 प्रतिशत विजेता 61 से 80 वर्ष की आयु के हैं। महिला प्रतिनिधित्व में मामूली सुधार जरूर देखने को मिला है। इस बार 243 में से 29 महिलाएं चुनाव जीतकर आई हैं जो कुल 12 प्रतिशत है जबकि पिछली विधानसभा में यह आंकड़ा 11 प्रतिशत था।

एडीआर की यह रिपोर्ट राज्य की राजनीति में अपराध, धनबल और सामाजिक प्रतिनिधित्व के बदलते समीकरणों को एक बार फिर उजागर करती है। मामलों की संख्या में हल्की कमी जरूर आई है, लेकिन गंभीर आरोपों वाले विधायकों की बड़ी उपस्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने कई सवाल खड़ी करती है।

मैं इलेक्शन कमीशन के उम्मीदवार से चुनाव हारा : राजेश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र से अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग के ऊपर फोड़ा है। करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने चुनाव आयोग पर सीधा निशाना साधते हुए कहा है कि उनकी असली लड़ाई किसी राजनीतिक दल से नहीं, बल्कि 'इलेक्शन कमीशन के उम्मीदवार' से थी। एक बयान जारी कर उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे चुनाव अभियान के दौरान माहौल इस तरह बना दिया गया, मानो वे निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि एक संस्थागत चुनौती से लड़ रहे हों। राजेश कुमार ने अपनी पराजय को व्यक्तिगत विफलता नहीं, बल्कि 'विकास की हार और जातीय उन्माद की जीत' बताया। उन्होंने कहा कि कुटुंबा क्षेत्र में जातीय ध्रुवीकरण इतना प्रबल था कि विकास के मुद्दे दब गए। जनता के फैसले का सम्मान करते हुए उन्होंने कहा कि 'जनता ने उन्हें पांच साल के लिए अर्न लीव पर भेजा है' और वह अवकाश पूरा कर फिर से मजबूत वापसी करेंगे। संगठनात्मक कमजोरी को हार का कारण मानने से इनकार करते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के सभी फ्रंटल संगठनों की लंबे समय से सक्रियता क्षेत्र में बनी रही। इसलिए हार को संगठन की विफलता बताना उचित नहीं है। गौरतलब है कि राजेश कुमार कुटुंबा सीट से लगातार दो बार के विधायक थे, लेकिन इस बार हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के उम्मीदवार ललन राम ने उन्हें 21,525 मतों से पराजित कर बड़ा उलटफेर कर दिया।

पान-स्वासी जाति संघ ने ई. आई. पी. गुप्ता की ऐतिहासिक विजय पर दी बधाई

जीत को बताया सामाजिक परिवर्तन की नई शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार राज्य मूल पान, स्वासी जाति संघ ने विधानसभा क्षेत्र 75 सहरसा से निर्वाचित हुए ई. आई. पी. गुप्ता को उनकी ऐतिहासिक जीत पर विस्तृत बयान जारी कर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि बेहद चुनौतीपूर्ण और प्रतिकूल चुनावी परिस्थितियों के बीच जिस धैर्य, संयम और अदम्य साहस के साथ उन्होंने जनसमर्थन हासिल किया, वह न केवल उनके मजबूत राजनीतिक नेतृत्व का प्रमाण है, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसर के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार और संयुक्त सचिव विजय कुमार ने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान गुप्ता का निरंतर जनसंपर्क, जमीनी मुद्दों की समझ और विकास के प्रति ईमानदार दृष्टिकोण ने यह सिद्ध किया कि जनता उन नेताओं का साथ कभी नहीं छोड़ती जो उनके बीच रहते हुए उनकी वास्तविक समस्याओं को समाधान की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। संघ ने यह भी कहा कि श्री गुप्ता की जीत ने विशेष रूप से पान-स्वासी समाज में नई ऊर्जा और उम्मीद भर दी है क्योंकि वर्षों से समाज जिन मूलभूत सवालों–सामाजिक पहचान, सम्मान, आजीविका संकट, शिक्षा और रोजगार में उचित भागीदारी–से जूझता रहा है, उनके समाधान की संभावनाएं अब पहले से कहीं अधिक मजबूत दिखाई दे रही हैं। संगठन ने बताया कि गुप्ता के सतत प्रयासों और संघर्ष ने यह स्पष्ट किया है कि समाज के कमजोर, पिछड़े और वंचित वर्गों की आवाज को राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी रूप से उठाना उनका संकल्प रहा है और यही वजह है कि पान-स्वासी समाज उनकी विजय को अपने सामाजिक अधिकारों और भविष्य की संभावनाओं को मजबूत करने वाले ऐतिहासिक कदम के रूप में देख रहा है। संघ की ओर से कहा गया कि यह जीत इस संदेश को पुष्ट करती है कि सकारात्मक सोच, साफ नीयत और जनहित के प्रति समर्पण के साथ लड़ा गया हर संघर्ष अंततः सफलता की राह खोलता है और गुप्ता की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देगी कि कठिन परिस्थितियां कभी भी दृढ़ इच्छा शक्ति और निरंतर प्रयासों को रोक नहीं सकतीं।

52.2 किलोग्राम गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मधुबनी। गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी 48वीं वाहिनी जयनगर की 'बी' कंपनी पिपरौन ने रात्रि में सीमा संख्या-286/10 के पास एक अत्यंत तेज और सटीक ऑपरेशन को अंजाम दिया। स्पेशल टीम ने मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 52.2 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। दोनों गिरफ्तार तस्कर हरलाखी थाना क्षेत्र के पिपरौन गांव का निवासी है। दोनों नेपाल से भारत तस्करी में कूरियर की भूमिका निभा रहे थे। एसएसबी जवानों की कार्रवाई में तस्करी नेटवर्क का खुलासा हुआ। नेपाल-भारत सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थ की अवैध बिक्री एवं सप्लाई की जाती है। वहीं बरामदगी और गिरफ्तार दोनों को थाना हरलाखी को विधिक प्रक्रिया हेतु सुपुर्द किया जा रहा है।

राज्यपाल से मिले एक्युप्रेशर गुरु सर्वदेव प्रसाद गुप्त

एक्युप्रेशर चिकित्सा के विस्तार पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। राजभवन में शनिवार को बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज के अध्यक्ष एवं एक्यूप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार मुलाकात की जहां दोनों के बीच बिहार में एक्युप्रेशर चिकित्सा के वर्तमान स्वरूप, इसकी उपयोगिता और व्यापक विस्तार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान डॉ. गुप्त ने राज्यपाल को एक्युप्रेशर चिकित्सा के शोध, प्रशिक्षण, जनजागरण अभियानों तथा बिहार से विश्व के विभिन्न देशों में भेजे गए चिकित्सकों और प्रशिक्षकों के कार्यों की जानकारी दी। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बिहार से संपूर्ण विश्व में एक्युप्रेशर चिकित्सा के प्रभावी प्रसार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति को वैज्ञानिक आधार के साथ अधिक व्यवस्थित रूप से बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। ताकि आम लोगों को बिना दवा के सुरक्षित और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने इस दिशा में आगे किए जाने वाले सभी संभावित कार्यों के लिए अपनी सहमति और सहयोग का आश्वासन भी दिया। सूत्रों के अनुसार, मुलाकात में बिहार में एक्युप्रेशर चिकित्सा के संस्थागत विकास, प्रशिक्षण केंद्रों के विस्तार, युवाओं के लिए रोजगारमुखी कोर्स की संभावनाएं, तथा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में एक्युप्रेशर को सहायक चिकित्सा पद्धति के रूप में शामिल करने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। डॉ. गुप्त ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वर्तमान समय में बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज के माध्यम से हजारों लोग प्रशिक्षित हो रहे हैं और देश-विदेश में इस चिकित्सा पद्धति की मांग लगातार बढ़ रही है। राज्यपाल ने कहा कि पारंपरिक उपचार पद्धतियों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाना गर्व की बात है, और एक्युप्रेशर इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में यह चिकित्सा पद्धति बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र तथा युवाओं के रोजगार के लिए नए अवसरों का मार्ग खोलेगी।

नली-गली के विवाद में एक को आजीवन सजा एवं तीन को तीन साल की कैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बक्सर। प्रधान जिला न्यायाधीश हर्षित सिंह की अदालत में पड़ोसन की हत्या में आजीवन करावास की सजा सुनाई है। इस मामले में मुख्य दोषसिद्ध अभियुक्त क्रांति तुरहा को 302 भा द वि में आजीवन कारावास की सजा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह की अदालत ने मुकर्रर की है जबकि मुख्य दोषसिद्ध अभियुक्त क्रांति तुरहा की मां सावित्री देवी पत्नी रूबी देवी और अन्य रिश्तेदार गुड़िया देवी को 324 एवं 149 भादवि में तीन साल की सश्रम सजा एवं तीन हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। अपराध का मामला यह था कि नावानगर थाना के केसठ गांव में गली रास्ता के विवाद में दोषसिद्ध अभियुक्तों में सूचक कृष्णा तुरहा की मां रीता देवी को 24 जून 2023 की दोपहर में मारपीट कर जख्मी कर दिया था और सिर में चोट लग जाने के कारण वे घटनास्थल पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी जिसे अस्पताल लेकर जाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। अपर लोक अभियोजक आदित्य कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर करीब 15 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया।

बी.डी. कॉलेज में नैक मूल्यांकन की व्यापक तैयारी, सभी विभागों की जिम्मेदारी तय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बी.डी. कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की विशेष परामर्श बैठक में शनिवार को नैक मूल्यांकन को लेकर व्यापक रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई जिसकी तैयारी आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर दिवाकर पांडेय ने की थी और जिसमें सलाहकार की भूमिका निभा रहे नूपुर बोस तथा अरुण कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को विभागीय आकलन से जुड़ी आवश्यकताओं, दस्तावेजीकरण, शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध कार्यों और छात्र-हितकारी गतिविधियों के सुव्यवस्थित संकलन के बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं कॉलेज की प्राचार्या रत्ना अमृत जो पूर्व में ए.एन. कॉलेज में आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर रह चुकी हैं और जिनके समन्वय में ए.एन. कॉलेज को हाल ही में ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है ने बताया गया कि नैक मूल्यांकन में प्रत्येक विभाग की भूमिका अत्यंत निर्णायक होगी और सभी संकायों से अपेक्षा की गई कि वे निष्ठा, टीमवर्क और समयबद्ध तैयारी के साथ अपने-अपने विभागों में गुणवत्तापरक कार्यों को मजबूत करें ताकि संस्थान की समग्र ग्रेडिंग बेहतर हो सके। बैठक में यह भी कहा गया कि बी.डी. कॉलेज को सर्वोच्च गुणवत्ता मानकों तक पहुंचाने के लिए शिक्षण पद्धतियों, अनुसंधान संस्कृति, बुनियादी सुविधाओं, छात्र समर्थन सेवाओं और विस्तार गतिविधियों को और सुदृढ़ करना आवश्यक है। परामर्श बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी नाएक मूल्यांकन में बी.डी. कॉलेज के प्रदर्शन को उत्कृष्ट श्रेणी में स्थापित करना और संस्था को शैक्षणिक गुणवत्ता के उच्च मानकों पर अग्रसर करना बताया गया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवान विश्वकर्मा के रूप में बिहार को सींचा : महेश्वर हजारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर (सुरक्षित) सीट से लगातार तीसरी बार जदयू के नवनिर्वाचित विधायक और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवान विश्वकर्मा के रूप में जिस तरह से बिहार को सिंचा एवं चौतरफा विकास किया है वह एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(एनडीए) सरकार के सहयोग से बिहार विकसित राज्य में शामिल होगा। श्री हजारी समस्तीपुर में आज न्यूज एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने जिस तरह से प्रदेश का चौतरफा विकास किया। इसके कारण ही लोगों ने एनडीए सरकार के प्रति प्रचंड बहुमत देकर एक बार फिर से विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार में जिस तरह से प्रदेश में संसाधन विकसित किया गया है। आने वाले समय में अब तेज गति से राज्य में उधोग-धंधे लगाने के लिए यहां उधोगपति आयेंगे। श्री हजारी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पार्टी ने लोगों का विश्वास खो दिया है जिसका उदाहरण बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार है।

बच्चों की दिनचर्या सुधारने में सहायक होता बोर्डिंग स्कूल : मारवाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बच्चों के दैनिक दिनचर्या सुधारने में बोर्डिंग स्कूल की भूमिका सहायक होती है यहां बच्चे किताबी ज्ञान के साथ-साथ पाकशाला, व्यायामशाला, खेल व दैनिक कार्य में निपुणता सीखते हैं। ये बातें बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी की प्राचार्य काजल मारवाह ने बीआईए पटना में आयेजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि उनके स्कूल के 81 साल के कार्यकाल में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाई है। उनके स्कूल से वर्तमान 24 आईएएस सहित कई आपीएस, आईसीएस, सैन्य अधिकारी, जज, नाशा में वौज्ञानिक,डॉक्टर व इंजीनियर देश की सेवा कर रहे हैं। बिहार में भी उनके स्कूल से पास आउट छात्र अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल के छात्र घमंडी नहीं होते बल्कि सामाजिक कार्यो में अपनी भूमिका निभाते हैं। उनके स्कूल का स्टॉल लेमन ट्री होटल में लगे प्री स्कूल फेयर में हैं जहां उनके स्कूल बारे में जानकारियां दी जा रही है। इस मौके पर स्कूल के वरिष्ठ शैक्षणिक समन्वयक मनोरंजन कुमार सिंह, स्कूल के छात्र संजय गोयनका व निशांत मौजूद थे।

हिमालया बेबीकेयर ने सोनपुर मेला में पेश किया एआई संचालित अनूठा प्रयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। हिमालया बेबीकेयर ने देश के सबसे बड़े मेलों में से एक प्रतिष्ठित सोनपुर मेला 2025 में पहली बार एक एआई संचालित अनुभव पेश किया। यह मेला 9 नवंबर से 9 दिसंबर 2025 तक आयोजित होगा। इस अवसर पर हिमालया वेलनेस कंपनी के डायरेक्टर बेबीकेयर, एन वी चक्रवर्ती ने कहा कि यह पहल इस बात की नई कल्पना प्रस्तुत करती है कि किस प्रकार तकनीक और परंपरा का संगम भारत भर में माता-पिता और बच्चों के बीच और अधिक गहन व आनंदपूर्ण संबंध बना सकती है। इसके साथ ही यह हिमालया की कोमल, प्रभावी और सुरक्षित बेबीकेयर रेंज के प्रति जागरूकता भी लाएगी। चिड़िया बाजार रोड, नक्खास रोड और मछली बाजार रोड के जंक्शन पर स्थित जीवंत और इंटरएक्टिव हिमालया बेबीकेयर के स्टॉल पर माता-पिता को दो अलग-अलग एआई संचालित गतिविधियों के अनुभवों का आनंद मिलेगा। इस पहल के माध्यम से ब्रांड का लक्ष्य ग्रामीण भारत के परिवारों तक पहुंच बनाना और यह दिखाना है कि नवाचार किस प्रकार सार्थक, संवेदनशील और प्रासंगिक भी हो सकता है। ताकि शिशुओं द्वारा सर्वाधिक पसंद किए जाने वाले ब्रांड के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हो सके।

निःशुल्क जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति द्वारा विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के प्रसिद्ध डायबिटोलॉजिस्ट डॉ. राणा संजय प्रताप सिंह ने टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल, राजेंद्र नगर में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान अभिभावकों की निःशुल्क मधुमेह जांच की तथा मधुमेह से बचाव, खान-पान में सावधानी और आवश्यक स्वास्थ्य उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था एवं लायंस क्लब ऑफ पटना मौर्य अपराजिता के सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु सम्मानित अतिथियों में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. प्रदीप खेतान एम.जे.एफ., उनकी धर्मपत्नी ला. रचना खेतान, रीजनल चेयर ला. संजू सिन्हा, जोन चेयर ला. आशुतोष सिंह, ला. मधुसूदन कुमार पी.जी.डी., ला. संतोष कुमार (सी.ए.) और ला. विमल कुमार उपस्थित रहे। वहीं लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति की ओर से जोन चेयर राजीव भार्गव, अध्यक्ष ला. शिवानी भार्गव, सचिव ला. रोहित शंकर और पूर्व अध्यक्ष ला. अनीता अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में सीनियर सेक्शन (कक्षा 6 से 9) के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसका अभिभावकों एवं क्लब के आगंतुक अतिथियों ने अवलोकन कर विद्यार्थियों की रचनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

सोनपुर मेला में लिट्रा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार के तत्वावधान में सोनपुर मेला में एक बार पुनः सामयिक परिवेश संस्था ने शिरकत की। संस्थापिका ममता मेहरोत्रा ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। लिटेरा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। उन सबकी प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। मौके पर सारण जिला प्रशासन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। सविता राज ने अपनी गजल 'सच का पर्दा उठाता रहे हर घड़ी, शख्स वो इस शहर में बचा है कहां।' गाकर दर्शकों की तालियां बटोरी। श्वेता गजल की गजल हम तो बेरंग हैं रंगों में हमारा क्या है, रंग फूलों के हैं फूलों में हमारा क्या है ने दर्शकों का मन मोह लिया। गायक राजेश केशरी ने 'शिव शंकर को जिसने पूजा' सुनाकर वाहवाही लूटी। म्यूजिशियन में कीबोर्ड पर विकास सोलंकी, ढोलक पर अमरनाथ, पैड पर अभिषेक कुमार ने साथ दिया।

थैलीसीमिया एचएलए टेस्ट कैंप में 256 बच्चों हेतु 850 सैम्पल लिए गये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए नारायणा हेल्थ बेंगलुरु, मां वैष्णो देवी सेवा समिति और मां ब्लड सेंटर पटना की ओर से चौथा निःशुल्क थैलेसीमिया एचएलए मैचिंग कैंप महाराणा प्रताप भवन, पटना में सुबह 9 बजे से शुरू हुआ। समिति के सदस्य मुकेश हिसारिया ने बताया कि इस बार कैंप में बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और नेपाल से करीब 256 थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों का निबंधन हुआ जिसमें करीब 850 से ज्यादा भाई बहन माता पिता का सैम्पल लिया गया। यह जांच बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए सही डोनर खोजने में मदद करती है जिससे बच्चों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट के बाद उन बच्चों को नई जिंदगी मिलती है। समिति के सदस्य कन्हैया अग्रवाल 'कन्नू' ने बताया कि इस कैंप में नारायणा हेल्थ बेंगलुरु से प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुनील भट्ट और विक्की राय के निर्देशन में डॉक्टरों की टीम ने 850 से अधिक सैम्पल इकट्ठा किया। इस कैम्प में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चे उनके भाई बहन कुल मिलाकर करीब 1500 से अधिक लोग आए थे जिनके खाने पीने की व्यवस्था समिति द्वारा की गई थी। बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल, जादू शो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था भी थी। आज के इस जांच कार्यक्रम में विधायक संजय गुप्ता, नितिन नवीन, नंदकिशोर यादव, रत्नेश कुशवाहा, पटना प्रमंडल आयुक्त अनिमेष पराशर, विकास आयुक्त डॉ एस सिद्धार्थ, आलोक राज ने भी उपस्थित होकर हौसला बढ़ाया और सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, सचिव संजय तोतला, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल सहित सभी कार्यकर्ता इस मानवीय प्रयास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर समिति के मुकेश हिसारिया ने बताया कि अगर शादी से पहले एचबीए2 (थैलेसीमिया माइनर) टेस्ट को अनिवार्य कर दिया जाए तो इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के जन्म को रोका जा सकता है। यह समाज के लिए एक बहुत बड़ी सेवा होगी। बिहार में यह अब तक का चौथा बड़ा कैंप है। पहला कैंप 23 फरवरी 2020, दूसरा 14 नवंबर 2022 और तीसरा 5 जनवरी 2024 को लगा था। इन प्रयासों से अब तक 57 बच्चों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के माध्यम से नया जीवन मिल चुका है।

बिहार की जनता ने जंगलराज और जातिवाद की राजनीति को सिरे से नकारा : दीपक अभिषेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार की राजनीति में एक बार फिर इतिहास रचते हुए राज्य की जनता ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब उनका भरोसा केवल विकास, सुशासन और स्थिरता की राह पर ही टिका है। एनडीए की इस प्रचंड जीत ने न सिर्फ राजनीतिक समीकरण बदला है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि जनता अब नकारात्मकता, जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति से उकता चुकी है। जनता दल यूनाइटेड के विधि प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता दीपक अभिषेक ने मतदाताओं के प्रति हार्दिक आभार जताते हुए कहा है कि बिहार की देवतुल्य जनता ने अपने निर्णय से यह सिद्ध कर दिया है कि 'विकसित बिहार' का सपना ही उसकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह विजय जनता की अपेक्षाओं, विश्वास और आशाओं का परिणाम है जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व ने अपने विकास कार्यों से सींचा है। दीपक अभिषेक के अनुसार राज्य की जनता ने जंगलराज, जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति को पूरी तरह नकार कर ऐसी राजनीति को समर्थन दिया है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाती है।

संपादकीय

जलवायु संकट की भयावह तस्वीर

एक तरफ जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट लगातार बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयासों की गति धीमी पड़ रही है। दुनिया भर में हो रहे नए-नए अध्ययन और वैज्ञानिक शोध चेतावनी देते रहे हैं कि अगर समय रहते इस दिशा में प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो निकट भविष्य में इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन का भारत समेत पूरी दुनिया में प्रभाव साफ दिखने लगा है।ब्राजील के बेलेम में आयोजित काप 30 सम्मेलन में बुधवार को जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' की रपट में कहा गया है कि जलवायु आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित देशों में भारत नौवें स्थान पर है। पिछले तीन दशकों में देश में जलवायु आपदाओं के कारण करीब अस्सी हजार लोगों की जान जा चुकी है। सरकार की ओर से इस संकट से निपटने को लेकर किए जा रहे दावों के बीच ये आंकड़े वास्तव में चिंताजनक है। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि सरकारी प्रयासों को अभी और व्यापक करने तथा उन्हें गति देने की जरूरत है।रपट के मुताबिक, जलवायु आपदाओं से वर्ष 1995 से 2024 तक लगभग 170 अरब अमेरिकी डालर का आर्थिक नुकसान हुआ है। जान-माल का सबसे ज्यादा नुकसान बाढ़, चक्रवात, सूखा और तेज गर्मी के कारण हुआ है। इसके पीछे बढ़ता वैश्विक ताप भी एक बड़ा कारक है, जो जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है। भारत में यह स्थिति निरंतर खतरे का संकेत दे रही है, क्योंकि बार-बार होने वाली मौसमी आपदाओं से जहां विकास की गति कमजोर होती है, वहीं आम लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है।रपट में कहा गया है कि पिछले वर्ष भारत में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से अस्सी लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। हालांकि, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और वन आवरण बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए हैं, लेकिन इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से अमल में लाने की जरूरत है।अगर वैश्विक स्तर पर बात करें, तो पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने आठ लाख से ज्यादा लोगों की जिंदगी लील ली है। यह बात छिपी नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर उन्हीं विकासशील देशों को झेलना पड़ रहा है, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भागीदारी सबसे कम है।विकासशील देश कमजोर सहन क्षमता और अनुकूलन के सीमित संसाधनों के कारण ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। भारत सहित कई विकासशील देशों में जलवायु आपदाएं सामान्य स्थिति बनती जा रही हैं, जिसके लिए तत्काल और व्यापक वित्त पोषित अनुकूलन उपायों की जरूरत है।यह जगजाहिर है कि कार्बन उत्सर्जन के मामले में विकसित देशों का योगदान सबसे ज्यादा है, इसलिए अनुकूलन उपायों को लेकर उनकी जिम्मेदारी भी अधिक होनी चाहिए। उनकी भूमिका सिर्फ वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कार्बन उत्सर्जन में कमी और कमजोर देशों के अनुकूलन प्रयासों का समर्थन करना भी शामिल है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों ने राज्य की राजनीति और सामाजिक समीकरणों पर बड़ा प्रभाव डाला है। इस बार बीजेपी नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन रिकॉर्ड सीटों के साथ भारी बहुमत से सत्ता में लौट रहा है, जबकि महागठबंधन (राजद-कांग्रेस गठबंधन) को गंभीर झटका लगा है। चुनाव परिणाम के निष्कर्ष से स्पष्ट है कि एनडीए ने 243 में से 200 से अधिक सीटों पर जीत सुनिश्चित की है, जिसमें बीजेपी को 91, जेडीयू को 81 एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 21 सीटें मिली हैं। वहीं, विपक्षी महागठबंधन महज 38 सीटों पर सिमट गया है, जिसमें राजद 26, कांग्रेस 4 और वामदल (सीपीआई, सीपीएम आदि) 6 सीटों पर आगे दिखे। ये आंकड़े अनंतिम हैं। इसमें मामूली बदलाव सम्भाव्य है। मतदाता प्रतिशत 66.91प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, महिलाएं 71.6 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ निर्णायक भूमिका में रहीं।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के जनादेश के मायने

(कमलेश पांडे)

वोटर टर्नआउट में नई ऊंचाई और महिला वोटर्स का रुझान, सामाजिक विकास, शिक्षा-स्वास्थ्य, सुरक्षा के मुद्दों को आगे लाता है; वहीं जाति-आधारित राजनीति कुछ हद तक कमजोर होती दिखी। वहीं, छोटे दलों की भूमिका बनी रही, जिससे स्थानीय मुद्दे और क्षेत्रों के लिए बैलेंसिंग एक्ट की आवश्यकता बढ़ गई है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों ने राज्य की राजनीति और सामाजिक समीकरणों पर बड़ा प्रभाव डाला है। इस बार बीजेपी नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन रिकॉर्ड सीटों के साथ भारी बहुमत से सत्ता में लौट रहा है, जबकि महागठबंधन (राजद-कांग्रेस गठबंधन) को गंभीर झटका लगा है। चुनाव परिणाम के निष्कर्ष से स्पष्ट है कि एनडीए ने 243 में से 200 से अधिक सीटों पर जीत सुनिश्चित की है, जिसमें बीजेपी को 91, जेडीयू को 81 एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 21 सीटें मिली हैं।

वहीं, विपक्षी महागठबंधन महज 38 सीटों पर सिमट गया है, जिसमें राजद 26, कांग्रेस 4 और वामदल (सीपीआई, सीपीएम आदि) 6 सीटों पर आगे दिखे। ये आंकड़े अनंतिम हैं। इसमें मामूली बदलाव सम्भाव्य है। मतदाता प्रतिशत 66.91प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, महिलाएं 71.6 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ निर्णायक भूमिका में रहीं।

इन नतीजों के मायने दिलचस्प हैं- पहला, शासन और नेतृत्व पर असरः चुनाव परिणाम ने डबल इंजन की सरकार यानी केंद्र-राज्य एक ही साझा गठबंधन के फॉर्म्युले पर जनता की मुहर को मजबूती दी है। इससे राज्य में स्थिरता, नीति निरंतरता तथा केंद्र से सहयोग की उम्मीद है। एनडीए में बीजेपी की सीट्स जेडीयू से अधिक हैं, जिससे भाजपा का राज्य के सत्ता-समीकरण, मंत्रिमंडल गठन और नीतियों पर कड़ा प्रभाव होगा।

दूसरा, विपक्ष के लिए संदेशः राजद और महागठबंधन की हार, खासकर युवा व महिला वोटर्स के बड़ी संख्या में एनडीए की ओर जाने के कारण हुई है, जिससे विपक्षी वृत्तियों को खुद की रणनीति और नेतृत्व की समीक्षा करनी होगी।

तीसरा, सामाजिक-राजनीतिक पटल पर प्रभावः वोटर टर्नआउट में नई ऊंचाई और महिला वोटर्स का रुझान, सामाजिक विकास, शिक्षा-स्वास्थ्य, सुरक्षा के मुद्दों को आगे लाता है; वहीं जाति-आधारित राजनीति कुछ हद तक कमजोर होती दिखी। वहीं, छोटे दलों की भूमिका बनी रही, जिससे स्थानीय मुद्दे और क्षेत्रों के लिए जीत का राष्ट्रीय राजनीति पर कई स्तरों पर असर पड़ेगा। बिहार जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से अहम राज्य में बीजेपी-जेडीयू गठबंधन की सफलता विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को कमजोर करती है,



इन नतीजों के मायने दिलचस्प हैं- पहला, शासन और नेतृत्व पर असरः चुनाव परिणाम ने डबल इंजन की सरकार यानी केंद्र-राज्य एक ही साझा गठबंधन के फॉर्म्युले पर जनता की मुहर को मजबूती दी है। इससे राज्य में स्थिरता, नीति निरंतरता तथा केंद्र से सहयोग की उम्मीद है। एनडीए में बीजेपी की सीट्स जेडीयू से अधिक हैं, जिससे भाजपा का राज्य के सत्ता-समीकरण, मंत्रिमंडल गठन और नीतियों पर कड़ा प्रभाव होगा।

बैलेंसिंग एक्ट की आवश्यकता बढ़ गई है।

चतुर्थ, राष्ट्रीय राजनीति के लिए संकेत

बिहार का परिणाम 2029 के लोकसभा चुनाव के पहले एनडीए के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मनोबल और संदेश देता है कि क्षेत्रीय गठबंधन नीति और विकास एजेंडा कारगर है।वहीं, एक सवाल यह भी है कि बिहार परिणाम का राष्ट्रीय राजनीति पर असर क्या होगा? तो जवाब होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की भारी जीत और कमजोर विपक्ष ने राष्ट्रीय राजनीति के लिए एक नया संतुलन बनाया है। यह परिणाम न केवल बिहार की सत्ता समीकरण को प्रभावित करेगा, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी तय करेगा। एनडीए की जीत से यह स्पष्ट है कि मतदाता स्थिरता, विकास और सुशासन को प्राथमिकता देते हैं, जबकि एनडीए की नीतियों और नेतृत्व को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिलती है।

राष्ट्रीय राजनीति का नया समीकरण

एनडीए की जीत से प्रधानमंत्री, केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व की लोक-प्रियता को बड़ा सहारा मिला है। इससे भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव 2029 और अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में मजबूत स्थिति में रहेगी। बिहार के नतीजे पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में एनडीए के लिए गति और उदाहरण बनेंगे।

वहीं, विपक्षी इंडिया गठबंधन में अंदरूनी फूट, नेतृत्व संकट और जमीनी कमजोरियां उजागर हुई हैं। कमजोर प्रदर्शन से विपक्षी गठबंधन के भविष्य, नेतृत्व और संयुक्त रणनीति को लेकर गंभीर सवाल पैदा होंगे। साथ ही, ममता बनर्जी (प. बंगाल), अखिलेश यादव (यूपी) जैसे क्षेत्रीय नेताओं के लिए भी बिहार का परिणाम मार्गदर्शक होगा कि उन्हें अपनी गठबंधन संरचना पर पुनर्विचार करना पड़ेगा।

नीतिगत और समाजिक प्रभाव

बिहार में एनडीए की सरकार के विकास-कार्य, स्वास्थ्य-शिक्षा और महिला-सशक्तिकरण एजेंडा राष्ट्रीय स्तर पर भी प्राथमिकता पा सकता है। वहीं, महिलाओं और युवाओं के बड़े हिस्से का समर्थन एनडीए को मिला, इससे सामाजिक सुधार और चुनावी रणनीति में इन वर्गों का महत्व बढ़ेगा। वहीं, भाजपा और जेडीयू में सीटों के समीकरण से भी केंद्रीय सत्ता में गठबंधन के आंतरिक समीकरण बदल सकते हैं, खासकर मोदी सरकार 3.0 में सहयोगी दलों की भूमिका बढ़ सकती है।

आगामी लोकसभा चुनाव पर असर

बिहार परिणाम ने भाजपा को 2029 चुनाव के लिए मनोबल, रणनीति और समर्थन का ठोस आधार दिया है। विपक्षी गठबंधन को फिर से खुद को संगठित और प्रासंगिक साबित करने की चुनौतियां मिली हैं। बिहार जैसे राज्य का चुनाव परिणाम राष्ट्रीय राजनीति की दिशा, गठबंधन व्यवस्था और चुनावी मुद्दों को गहराई से प्रभावित करता है। 2025 के नतीजे एनडीए को केंद्र में मजबूती व विपक्ष को नए सिरे से आत्ममंथन का संकेत देते हैं।

कहा जा सकता है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम न केवल प्रदेश की सत्ता राजनीति में बड़ा बदलाव लाते हैं, बल्कि विकास, नेतृत्व बदलाव और जातीय राजनीति जैसे अहम मुद्दों पर भी गहरा असर डालते हैं। यह परिणाम केंद्र-राज्य संबंध तथा विपक्ष की राजनीति पर भी दूरगामी असर करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक है।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

बीजेपी का अगला लक्ष्य अब बंगाल ..

बीजेपी ने 2021 के चुनावों में कुल 77 सीटों पर जीत हासिल की थी। राज्य में बहुमत का आंकड़ा 148 सीटों का है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं बंगाल के भाइयों और बहनों को भी बधाई देता हूं।

(अचलेंद्र कटियार)

बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की महाजीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिशन बंगाल का ऐलान कर दिया है। नई दिल्ली में चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अब अगला लक्ष्य बंगाल है। उन्होंने बिहार की ऐतिहासिक जीत को बंगाल में भाजपा की सफलता का मार्ग बताया। मोदी ने पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव में जंगलराज समाप्त करने का संकल्प व्यक्त किया है। गौरतलब हो कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव मार्च-अप्रैल में प्रस्तावित है। नए साल की शुरुआत से राज्य में चुनावी घमासान शुरू हो सकता है। राज्य में बीजेपी

मुख्य विपक्षी दल है। बीजेपी ने 2021 के चुनावों में कुल 77 सीटों पर जीत हासिल की थी। राज्य में बहुमत का आंकड़ा 148 सीटों का है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं बंगाल के भाइयों और बहनों को भी बधाई देता हूं। अब आपके साथ मिलकर भाजपा पश्चिम बंगाल से भी जंगल राज को उखाड़ फेंकेगी। पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। बिहार की जीत से उत्साहित पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद हमें देश के कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ जीत मिली। जिस हरियाणा की धरती ने 'जय जवान–जय किसान' की भावना को आगे बढ़ाया। उस हरियाणा ने हमें लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर दिया। छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबा साहेब अंबेडकर और वीर सावरकर की पुण्य भूमि महाराष्ट्र में हमें प्रचंड जीत मिली। लगातार तीसरी बार महाराष्ट्र में हमें जीत मिली। पीएम मोदी ने कहा कि देश की राजधानी में 25 सालों बाद हम बहुमत से जीते और आज बिहार में इतनी बड़ी संख्या में जीतकर आए हैं।

2011 से सत्ता में है टीएमसी

लंबे समय तक वामदलों के गढ़ रहे पश्चिम बंगाल में साल 2011 में सत्ता परिवर्तन हुआ था। इस चुनाव में बीजेपी को 184 सीटें मिली थीं। ममता बनर्जी पहली बार राज्य की सीएम बनी थीं। इसके बाद ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने 2016 में फिर से जीत हासिल की थी। तब पार्टी को 211 सीटें मिली थी। ममता बनर्जी दूसरी बार राज्य की सीएम बनी थीं। 2021 में लगातार तीसरी बार तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की थी।

करुणा एवं संवेदनाओं से ही दुनिया में संतुलन संभव

आज का मनुष्य जितनी तीव्रता से भौतिक प्रगति कर रहा है, उतनी ही तेजी से मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है। विज्ञान ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, परंतु उसने मनुष्य को आत्मकेंद्रित भी कर दिया है। प्रतिस्पर्धा, उपभोगवाद, स्वार्थ और सत्ता की भूख ने मनुष्य के भीतर की दयालुता को जैसे कुंद कर दिया है। ऐसे समय में जब विश्व हिंसा, आतंक, युद्ध, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और वैमनस्य के दौर से गुजर रहा है, तब विश्व दयालुता दिवस मनाने का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सभ्यता के विकास की असली पहचान तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर की करुणा, सहानुभूति और प्रेम से होती है। दयालुता कोई कमजोरी नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है।

(ललित गर्ग)

विश्व दयालुता दिवस मनाने की पहल सबसे पहले 1998 में 'वर्ल्ड काइंडनेस मूवमेंट' नामक अंतरराष्ट्रीय संगठन ने की थी, जिसका उद्देश्य था-मानवता में करुणा, सहानुभूति और प्रेम के बीजों को फिर से सींचना। इस दिन का मकसद यह स्मरण कराना है कि दया कोई एक दिन की बात नहीं, बल्कि जीवन का स्थायी संस्कार होना चाहिए।

आज का मनुष्य जितनी तीव्रता से भौतिक प्रगति कर रहा है, उतनी ही तेजी से मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है। विज्ञान ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, परंतु उसने मनुष्य को आत्मकेंद्रित भी कर दिया है। प्रतिस्पर्धा, उपभोगवाद, स्वार्थ और सत्ता की भूख ने मनुष्य के भीतर की दयालुता को जैसे कुंद कर दिया है। ऐसे समय में जब विश्व हिंसा, आतंक, युद्ध, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और वैमनस्य के दौर से गुजर रहा है, तब विश्व दयालुता दिवस मनाने का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सभ्यता के विकास की असली पहचान तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर की करुणा, सहानुभूति और प्रेम से होती है। दयालुता कोई कमजोरी नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। यह मनुष्य को पशुता से ऊपर उठाकर देवत्व की ओर ले जाती है। इतिहास साक्षी है कि जिन समाजों ने दया, करुणा और प्रेम को अपनाया, वहीं शांति और समृद्धि का आधार बने। बुद्ध, महावीर, यीशु और गांधी जैसे महापुरुषों ने दया को जीवन की सबसे बड़ी साधना माना। महात्मा गांधी ने कहा था, अहिंसा कोई निष्क्रिय वस्तु नहीं, यह सबसे सक्रिय और जीवंत शक्ति है। दयालुता उसी अहिंसा की आत्मा है, जो मनुष्य को दूसरों के सुख-दुःख से जोड़ती है।

आज जब दुनिया में युद्ध की विभीषिका मंडरा रही है, जब समाज हिंसा, कट्टरता और असहिष्णुता से आक्रांत है, तब दया और करुणा का महत्त्व केवल नैतिकता का विषय नहीं, बल्कि अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। यूक्रेन-रूस युद्ध, गाजा और इस्राइल का संघर्ष, आतंकवाद की विभीषिका और भीतर तक उतर चुकी नफरत की राजनीति-ये सब इस बात के संकेत हैं कि हमने दयालुता को अपने जीवन से बाहर कर दिया है। मनुष्य ने

मशीनों की तरह व्यवहार करना शुरू कर दिया है। संवेदना की जगह संदेह ने ले ली है, और करुणा की जगह क्रूरता ने। ऐसे में विश्व दयालुता दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम अब भी मनुष्य बचे हैं या केवल उपभोग की दौड़ में शामिल यांत्रिक प्राणी बन गए हैं।

विश्व दयालुता दिवस मनाने की पहल सबसे पहले 1998 में वर्ल्ड काइंडनेस मूवमेंट नामक अंतरराष्ट्रीय संगठन ने की थी, जिसका उद्देश्य था-मानवता में करुणा, सहानुभूति और प्रेम के बीजों को फिर से सींचना। इस दिन का मकसद यह स्मरण कराना है कि दया कोई एक दिन की बात नहीं, बल्कि जीवन का स्थायी संस्कार होना चाहिए। दयालुता एक ऐसी भाषा है जो सभी सीमाओं, धर्मों, भाषाओं और विचारधाराओं से परे है। यह वह सूत्र है जो मनुष्यता को जोड़ता है, जो टूटे हुए रिश्तों में प्राण फूंकता है। आज की दुनिया में भौतिक विकास ने व्यक्ति को आराम तो दिया है, लेकिन आत्मिक शांति छीन ली है। हर कोई सफलता की होड़ में है, पर किसी के पास किसी के लिए समय नहीं है। परिवारों में संवाद घट गया है, समाज में सहयोग की भावना कम हुई है, और राजनीति में विरोध ने वैमनस्य का रूप ले लिया है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस युग में हम जुड़ते तो बहुत हैं, पर वास्तव में अलग-थलग पड़ गए हैं। दया और करुणा की कमी के कारण मानसिक तनाव, अवसाद, आत्महत्या और असंतोष जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। इस स्थिति से उबरने का एकमात्र उपाय है-दयालुता की भावना को जीवन का आधार बनाना।

दयालुता केवल दूसरों के प्रति व्यवहार नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि का माध्यम है। जब हम किसी की सहायता करते हैं, किसी के दुःख को समझते हैं, किसी की भूल को माफ करते हैं, तब हम अपने भीतर की नकारात्मकता को भी दूर करते हैं। दयालु व्यक्ति न केवल समाज को सुंदर बनाता है, बल्कि स्वयं के भीतर भी शांति का अनुभव करता है। करुणा से मनुष्य का हृदय विस्तृत होता है, दृष्टि उदार होती है, और जीवन में संतुलन आता है। आज की जटिल दुनिया में संतुलन खोना बहुत आसान है। मनुष्य अपनी इच्छाओं, आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं में उलझकर आत्मविनाश की ओर बढ़ रहा है। पर्यावरण का संकट, सामाजिक विषमता, नैतिक पतन-ये सब उसी असंतुलन के परिणाम हैं, जहाँ दयालुता और करुणा का स्थान स्वार्थ और लोभ ने ले लिया है। यदि मनुष्य में करुणा का भाव जाग जाए, तो न युद्ध रहेगा, न आतंकवाद, न हिंसा। दुनिया में जितनी भी क्रूरताएं हुई हैं, वे दया के अभाव से हुई हैं। अतः दया केवल नैतिक मूल्य नहीं, बल्कि विश्व शांति का आधार है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था-जब तक एक भी जीव भूखा या दुखी है, तब तक तुम्हारी उपासना अधूरी है। यह वाक्य हमें याद दिलाता है कि सच्चा धर्म केवल पूजा या प्रार्थना नहीं, बल्कि दूसरों के प्रति करुणा का भाव है। यदि दयालुता जीवन का हिस्सा बन जाए, तो धर्म अपने वास्तविक रूप में प्रकट होता है। चाहे वह जैन धर्म का अहिंसा परमो धर्मः का संदेश हो या बौद्ध धर्म की मैत्री भावना, सभी ने दया को ही मानवता की सर्वोच्च साधना माना है। वास्तव में दया का अर्थ केवल किसी पर कृपा करना नहीं है, बल्कि दूसरों के दुख को अपना समझना है। दया एक ऐसी ऊर्जा है जो न केवल संबंधों को मजबूत बनाती है, बल्कि समाज में सह-अस्तित्व की भावना को भी जन्म देती है। आज जब मनुष्य अपने अस्तित्व को लेकर संघर्ष कर रहा है, तो दया ही वह सूत्र है जो जीवन में संतुलन और अर्थ दोनों ला सकती है। हम देख रहे हैं कि दुनिया में तकनीकी शक्ति बढ़ रही है, परंतु नैतिक और भावनात्मक शक्ति घट रही है।

जिले की सात में 6 पर राजग तो एक पर महागठबंधन का कब्जा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। जिले हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना शुक्रवार को देर शाम शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। चुनाव परिणाम जहां राजग खेमे के लिये उत्साहवर्धक माना जा रहा है। वहीं महागठबंधन खेमे के लिए निराशाजनक कहा जा सकता है। जिले की कुल सात विधानसभा में 6 राजग का दबदबा रहा है,तो एक पर महागठबंधन की जीत हुई है। चुनाव परिणाम में पांच सिटिंग विधायक अपनी सीट बचाने में सफल रहे हैं, तो दो को अपनी सीट गंवानी पड़ी। बलरामपुर से 5 बार विधायक माले नेता महबूब आलम को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। वहां एआईएमआईएम प्रत्याशी न चुनाव को त्रिकोणीय बनाने में सफल रहा, अपितु सबसे कम अंतर से पीछे रहा है। वहीं प्राणपुर में भी एआईएमआईएम प्रत्याशी ने चुनाव को त्रिकोणीय बनाने और परिणाम को प्रभावित करने में काफी हद तक सफल हुए।इस लहर में भी नोटा ने अपनी दमदार उपस्थिति देकर राजनीतिक दलों को सोचने के लिए मजबूर कर

5 सीटों पर रहे पुराने चेहरे, दो में चेहरे बदले

दिया है। सबसे अधिक कदवा में 3818 और सबसे कम कटिहार में 2178 मत नोटा के पक्ष में गया है। जबकि प्राणपुर में 3313, बलरामपुर में 3185, कोढा में 3162, बरारी में 3047 और मनिहारी में 2941 मत लाकर नोटा दर्जनों उम्मीदवारों से आगे रहा है। चुनाव परिणाम चुनावी पंडितों के गणित को फेल कर दिया है। प्रचार के दौरान खामोश मतदाताओं ने मतदान में उत्साह दिखाया। जिसके कारण जिला का मत प्रतिशत राज्य में अव्वल रहा। चुनाव परिणाम राजग के पक्ष में जाने का श्रेय जहां नरेन्द्र मोदी और नितीश कुमार के कुशल नेतृत्व और डबल इंजन सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं को दिया जाता है तो वहीं महागठबंधन महिला रोजगार के नाम पर सरकारी धन को घूस के रुप में देने का आरोप लगा रहा है। चुनाव और मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिये लोगों ने जिला पदाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद दिया है। 63 कटिहार विधानसभा से भाजपा के तारकिशोर प्रसाद 22154 मतो से विजयी घोषित किये गये हैं। तारकिशोर प्रसाद को 1,00,255 और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी वीआइपी के सौरभ कुमार अग्रवाल को 78101 मत मिला है। यह उनकी लगातार पांचवीं जीत है। 64 कदवा से जदयू के दुलालचंद्र गोस्वामी विजयी हुए हैं। उन्हें 98274 और उनके प्रतिद्वंदी कांगेस पार्टी के डा. शकील अहमद खान को 80906 मत प्राप्त हुआ है। विगत दस वर्षों से शकील अहमद खान विधायक थे।

धमदाहा के जनादेश ने फिर रचा जनतंत्र का इतिहास

मंत्री लेसी सिंह की विजय पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी के उपाध्यक्ष शंकर आजाद की बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धमदाहा/पूर्णिया। बिहार विधानसभा चुनाव में धमदाहा सीट का जनादेश एक बार फिर यह साबित कर गया कि लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव शंकर ठाकुर उर्फ शंकर आजाद ने जदयू प्रत्याशी व मंत्री लेसी सिंह की प्रचंड जीत पर बधाई देते हुए कहा कि 'यह सिर्फ एक उम्मीदवार की जीत नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीत है। पूरे बिहार ने एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा और स्थायी विकास के लिए स्पष्ट जनादेश दिया है।'

उन्होंने कहा कि धमदाहा की जनता ने जिस भरोसे और संकल्प के साथ मतदान किया, उसने यह सिद्ध कर दिया कि जनता जिसको

चाहती है, जनादेश उसी के पक्ष में खड़ा होता है। धमदाहा की प्रचंड बहुमत वाली जीत ने राजनैतिक हलके में यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि जनता अब विकास, शांति और स्थिरता पर आधारित राजनीति ही स्वीकार करती है। शंकर आजाद ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में 'धमदाहा के साथ-साथ पूरे बिहार की माताओं-बहनों, युवाओं और मेहनतकश जनता ने एक जुट होकर लोकतंत्र की रक्षा, अमन-चैन की कयाम और विकास की निरंतरता के लिए जनादेश दिया है।'

उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर जनता के विश्वास को भी रेखांकित किया। अंत में उन्होंने धमदाहा की जनता और जदयू प्रत्याशी लेसी सिंह को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं, साथ ही उम्मीद जताई कि यह जनादेश क्षेत्र के विकास और सामाजिक सौहार्द को और मजबूत करेगा।

एनडीए की प्रचंड विजय : बिहार ने काम पर मोहर लगाई, भ्रम की राजनीति को धूल चटाई

अंगद मंडल का प्रहार, रणनीति बेचने वालों की नहीं, सेवा करने वालों की जीत हुई है

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। एनडीए की भारीभरकम जीत ने बिहार की राजनीति में एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि जनता जब निर्णय लेती है तो वह ऐसा जनादेश देती है जो पूरे परिदृश्य की दिशा बदल देता है। वोट प्रतिशत का यह जबरदस्त उछाल केवल राजनीतिक सफलता नहीं, यह जनता का यह संदेश है कि वे विकास की पटरी पर लौटे राज्य को किसी भी कीमत पर भ्रम या प्रयोग की राजनीति के हवाले नहीं करना चाहतीं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंगद मंडल ने जनता को बधाई देते हुए कहा कि बिहार ने इस बार साफ बता दिया है—नीतियों का मूल्यांकन नारेबाजी से नहीं होता, और सेवा की तुलना किसी रणनीति के शोर से नहीं की जा सकती।

इसी जीत की गूँज के बीच प्रशांत किशोर की राजनीतिक यात्रा पर जो सवाल खड़े हुए हैं, वे सिर्फ हार की कहानी नहीं बताते, बल्कि उस पूरे मिथक का पतन दिखाते हैं जिसे वर्षों तक 'रणनीतिक चमत्कार' का नाम दिया गया। दूसरों के लिए जीत की पटकथा लिखने का दावा करने वाले प्रशांत किशोर जब मैदान में खुद खड़े हुए, तो उनकी रणनीति का किला ताश के पत्तों सा ढह गया। एक भी सीट पर जीत हासिल न कर पाना केवल राजनीतिक विफलता नहीं—यह जनता का वह कड़ा निर्णय है जिसमें उन्होंने साफ बताया कि रणनीति बेचने वाले नेता नहीं बनते, और नेतृत्व के लिए जमीन का पसीना चाहिए, न कि कागजों पर बने फामूर्ले। अंगद मंडल ने तीखे शब्दों में कहा कि 'बिहार की जनता किसी भी ऐसे व्यक्ति को मौका नहीं देती जो राजनीति को प्रयोगशाला समझने की भूल करे। जनता दिल से जुड़ाव चाहती है, न कि तथाकथित मॉडल और मैनेजमेंट का दिखावा। चुनाव में जनता ने शक्ति दी उन लोगों को जो दिन रात धरातल पर रहे, न कि उन लोगों को जिनकी सारी ताकत माइक्रोफोन और प्रोजेक्टर पर टिकी थी।'इस चुनाव ने यह भी उजागर कर दिया कि यात्रा, प्रचार, मंच और शोर—ये सब तभी असर करते हैं जब जनता भरोसा करे। प्रशांत किशोर का 'जन सुराज' नारा और उनकी फैलायी गई चमकदार छवि जनता के फैसले के सामने टिक ही नहीं पाई। लोग भ्रम से नहीं, अनुभव से वोट देते हैं।

कटिहार जिला की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया

विश्वास है, तो एनडीए पर है : भाजपा जिलाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। जिला के 6 विधानसभा में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने बधाई देते हुए कहा कि यह जीत मेरे उन सभी कार्यकताओं की अनंत मेहनत और त्याग का परिणाम है, जो बिना थके, बिना रुके—घर-घर जाकर एनडीए के द्वारा की गई विकास नीति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास योजना को लेकर को हर नागरिक तक पहुँचाते रहे। उन्होंने कहा कि कटिहार के तमाम मतदाता एवं सभी कार्यकताओं का परिश्रम रंग लाया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने कठिन परिस्थितियों में भी जिस अनुशासन, समर्पण और विश्वास के साथ काम किया। यह विजय सिर्फ एक परिणाम नहीं, आपकी निष्ठा, आपके संघर्ष और आपके अथक प्रयासों की जीत है। उन्होंने कटिहार विधानसभा से पांचवीं बार जीत हासिल करने पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तरकिशोर प्रसाद, दूसरी बार जीत दर्ज करने पर कोढ़ा विधानसभा से कविता पासवान प्राणपुर से निशा सिंह बरारी विधानसभा से विजय सिंह कदवा विधानसभा से दुलालचंद गोस्वामी बलरामपुर विधानसभा से संगीता देवी को शानदार जीत दर्ज करने पर बधाई दिया।

तारकिशोर प्रसाद की पांचवीं ऐतिहासिक जीत, जश्न का माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार नगर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तारकिशोर प्रसाद ने सदर विधानसभा सीट पर लगातार पांचवीं बार शानदार जीत दर्ज कर एक नया इतिहास रच दिया है। जनता ने एक बार फिर उन पर अपना अटूट भरोसा जताया है, जिसके बाद उनके आवास पर जश्न का माहौल है और उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला लगातार जारी है।

मतगणना के परिणाम की घोषणा होते ही, तारकिशोर प्रसाद को बधाई देने के लिए कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय नागरिक की भीड़ उनके आवास पर उमड़ पड़ी। उत्साहित कार्यकताओं ने अपने नेता को फूल-माला पहनाई, बुके भेंट किए और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का

इजहार किया। ढोल-नगाड़ों की थाप और 'तारकिशोर प्रसाद जिंदाबाद' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। विधानसभा चुनाव 2025 में, तारकिशोर प्रसाद ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 22,154 वोटों के बड़े अंतर से हराकर यह जीत हासिल की। उन्हें कुल 1,00,255 वोट मिले, जबकि वीआईपी महागठबंधन के प्रत्याशी सौरभ कुमार अग्रवाल को 78,101 वोटों से संतोष करना पड़ा। बताते चले कि वर्ष 2005 से शुरू हुआ तारकिशोर प्रसाद की जीत का यह सिलसिला, 2010, 2015, 2020 और अब 2025 में भी बरकरार रहा है। लगातार पांचवीं जीत के साथ उन्होंने कटिहार की राजनीति में अपनी पकड़ को और भी मजबूत कर लिया है। मौके पर तारकिशोर प्रसाद ने सदर विधानसभा की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता के प्यार और विश्वास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह विधानसभा के विकास के लिए पहले से अधिक संकल्पित होकर काम करेंगे। आवास पर मौजूद सभी कार्यकताओं के चेहरे पर उत्साह और जीत की खुशी साफ झलक रही थी।

रुपौली में हार के बाद भी शंकर सिंह अडिग : राजनीतिक संस्कारों की मिसाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रुपौली/पूर्णिया। चुनाव परिणाम आने के बाद जब अधिकांश नेता खामोशी या कटुता का सहारा लेते हैं, ऐसे समय में पूर्व विधायक शंकर सिंह का बयान रुपौली की राजनीति में एक ताजी हवा की तरह सामने आया है। पराजय स्वीकारते हुए भी जिस दृढ़ता और शालीनता का परिचय उन्होंने दिया, उसने साबित कर दिया कि असली नेता वही है जो हार में भी जनता के प्रति सम्मान और संकल्प को कायम रखे।

शंकर सिंह का यह वक्तव्य—'चुनाव हारे हैं, हिम्मत नहीं।' न सिर्फ आत्मविश्वास का परिचायक है बल्कि यह भी दशार्ता है कि जनता का फैसला उनके इरादों को कमजोर नहीं कर सकता। शब्दों की यह सादगी और दृढ़ता यह साफ कहती है कि राजनीतिक जीवन

■ जनादेश का सम्मान, विकास की उम्मीद व प्रतिद्वंद्वी को शालीन शुभकामनाएं, पूर्व विधायक का बयान चर्चा में

में उतार-चढ़ाव आते हैं, पर जनसेवा की राह कभी खत्म नहीं होती। उन्होंने एन डी ए को मिले जनादेश पर रुपौली की जनता और ईश्वर के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा कि जनता ने विकास को आगे बढ़ाने का रास्ता चुना है और वह इस फैसले का दिल से सम्मान करते हैं। राजनीतिक कटुता से दूर रहते हुए उन्होंने नव निर्वाचित विधायक को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि रुपौली में विकास की रफ्तार अब और तेज होगी। उनका यह बयान राजनीतिक मयार्दा, लोकतांत्रिक भावना और व्यक्तिगत मनोबल—तीनों का संगम है। हार के बाद भी प्रतिस्पर्धी को सम्मान देना और जनता के फैसले को पूरी विनम्रता से स्वीकार करना, आज की राजनीति में दुर्लभ होता जा रहा है। लेकिन शंकर सिंह ने यह दिखा दिया कि राजनीति सिर्फ सत्ता का खेल नहीं बल्कि विचार और व्यवहार का संतुलन भी है। रुपौली के राजनीतिक गलियारे फिलहाल शंकर सिंह की इसी सकारात्मक मुद्रा की चर्चा कर रहे हैं—एक ऐसी आवाज, जिसने पराजय में भी सौम्यता और संकल्प का साथ नहीं छोड़ा।

बिहार ने फिर लिखी नई इबारत, मोदी-नीतीश की जोड़ी पर

जनता की ऐतिहासिक मुहर, भ्रम फैलाने वालों को करारा झटका : भाजपा जिला मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ 202 सीटों की प्रचंड जीत ने साफ कर दिया कि बिहार अब नकारात्मक राजनीति नहीं, निर्णायक नेतृत्व और तेज विकास का रास्ता चुन चुका है

पूर्णिया। एनडीए की 202 सीटों की अप्रत्याशित, अभूतपूर्व और ऐतिहासिक जीत पर भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता ने बिहार की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि 'यह केवल राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि बिहार की मानसिकता में आए बड़े बदलाव का प्रमाण है। जनता ने भ्रम, झूठ और फरेबी नारों को नकार कर स्पष्ट कर दिया कि देश और राज्य की दिशा अब मोदी-नीतीश की जोड़ी ही तय करेगी।' उन्होंने कहा कि पूर्णिया सदर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले ने विकास के सपनों पर अपनी मुहर लगाकर यह संदेश दे दिया है कि अब राज्य भावनात्मक बहकावे से नहीं, काम के दम पर निर्णय लेता है।

'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक पहचान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जमीनी अनुभव—यह ऐसी राजनीतिक साझेदारी है जिसने बिहार को नई गति, नई विश्वसनीयता और नई दिशा दी है।' विपक्ष पर करारा वार करते हुए नूतन गुप्ता ने कहा—'जो लोग चुनाव भर हवा में तीर चलाते रहे, जो जनता को भ्रमित करने के लिए सोशल मीडिया की फैक्ट्री चलाते रहे, उन्हें जनता ने वोट की चोट से रास्ता दिखा दिया। बिहार की जनता अब नकारात्मकता और खोखले भाषणों से ऊब चुकी है। यह चुनाव विपक्ष के लिए चेतावनी नहीं, सीधे-सीधे राजनीतिक सजा है।' उन्होंने कहा कि भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी बनने का यह अर्थ है कि जनता भरोसा सिर्फ उस दल पर करती है जो जमीन पर काम करता है, न कि कागजों पर योजनाएँ बनाता है। 'भाजपा अब राजनीति नहीं, बदलते बिहार की सबसे शक्तिशाली जन-धारा का प्रतीक बन चुकी है। यह जनादेश इस बात का प्रमाण है कि लोगों ने विकास, सुशासन और पारदर्शिता को चुना है— और यह सब डबल इंजन की सरकार ही दे सकती है। 'पूर्णिया की जीत को उन्होंने 'जनता की परिपक्वता की पहचान' बताया और कहा कि—'पूर्णिया ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह जिला बिहार की राजनीतिक बुद्धिमत्ता का केंद्र है। यहाँ के लोग काम देखते हैं, दिशा देखते हैं, भविष्य देखते हैं— और इसलिए यहाँ मोदी-नीतीश की विचारधारा को सबसे अधिक समर्थन मिला।' अंत में नूतन गुप्ता ने कहा— 'यह जनादेश हमें और अधिक जिम्मेदार बनाता है। बिहार का भविष्य अब तेजी से आगे बढ़ेगा। मोदी-नीतीश की जोड़ी के नेतृत्व में विकास की यह यात्रा नई ऊर्जा के साथ चलेगी और पूर्णिया इस बदलाव की अगली प्रयोगशाला साबित होगा। जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।'

महागठबंधन के मनोहर प्रसाद सिंह ने मारा चौका जीते

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनसाही/कटिहार। बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी मनोहर प्रसाद सिंह लगातार चौथे बार जीत का चौका लगाया। महागठबंधन कार्यकताओं ने जीत पर जश्न मनाया । इस मौके पर प्रखंड के मरंगी चांदनी चौक पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और जीत का जश्न मनाया।

मनसाही में कार्यकताओं में गजब का उत्साह देखा गया। लगातार चौथी बार मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह के जीत को लेकर जहां कार्यकताओं में उत्साह देखा गया। वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इसे विकास की जीत बताया। इस मौके पर राजद के संतोष कुमार यादव ने कहा कि मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह सरल स्वभाव के हैं। आम लोग सीधे विधायक से मिल कर अपनी बातों का रखते हैं। और विधायक श्री सिंह भी आम लोगों की समस्या का समाधान तुरंत करते हैं। इस बार विधायक चौका मार कर जीत गए हैं। लगातार चौथी बार मनिहारी के विधायक बने मनोहर प्रसाद सिंह। जीत का श्रेय मनिहारी विधानसभा के मतदाताओं के साथ गुरु महाराज को दिए। कहा कि सुबह मतगणना केंद्र तिनगछिया कटिहार गए। इनके बाद मरंगी अवस्थित सत्संग मंदिर में गुरु महाराज से जीत की दुआ किए। और विधायक जी जीते । इस अवसर पर कार्यकताओं में सुभाष कुमार यादव, बिट्टू चौधरी, आनंद यादव, पंकज यादव, जयप्रकाश भारती, बबलू यादव, रतन यादव, रमेश चंद्र यादव, सदाकश अली, खुर्शीद आलम उर्फ टिंकू आदि मौजूद रहे।

जनता की आकांक्षा के अनुरुप जनसमस्याएं दूर की जाएगी : मनोहर प्रसाद सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनिहारी /कटिहार। बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान चली एनडीए की सुनामी के बीच मनिहारी विधान सभा के महागठबंधन प्रत्याशी अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे।

जिले के सात विधान सभा क्षेत्रों मे से मनिहारी विधान सभा से महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी मनोहर प्रसाद सिंह क्षेत्र की मतदाता के स्नेह व सहयोग से लगातार चौथी बार जीत दर्ज की है। विधायक श्री सिंह ने अपनी जीत को मनिहारी की जनता का जीत बताया. कहा कि जन आकांक्षा, जन भावना और जन समस्याओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमेशा की तरह बनी रहेगी. विधान सभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास को लेकर हर संभव प्रयास किये जाएंगें।

अधूरे विकास के कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर पूरी की जाएगी।उनकी जीत से पार्टी समर्थकों में हर्ष है।

अग्निपीडित परिवारों के बीच किट का वितरण

मनिहारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मनिहारी प्रखंड क्षेत्र के नारायणपुर पंचायत के वार्ड संख्या 16 में विगत दिन आग लगने से दो परिवार के घर जल गये थे। इस आग लगने की घटना में मो मुन्ना एवं मो गुलफाम के घर जल गये थे। शनिवार को अग्नी पीडित परिवारों के बीच अंचल कार्यालय मे प्रभारी अंचलाधिकारी राम सागर प्रसाद ने दैनिक उपयोग की सामग्री का वितरण किया। आपदा प्रवंधन विभाग की ओर से पीडित परिवारों नियमानुसार देय आर्थिक मदद शीघ्र कर दी जाएगी।

डायबिटीज जागरूकता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। मधुमेह एक ऐसी बीमारी है जो शरीर को धीरे धीरे खोखला कर देती है। जरूरत है इस बीमारी के प्रति जागरूक रहना। इसी के मद्देनजर लायंस क्लब कटिहार द्वारा स्थानीय न्यू मार्केट मे मधुमेह जांच एवं जागरूकता शिविर लगाया गया। अध्यक्ष लायन काजल महासेठ ने बताया कि चीन के बाद भारत में ही दुनिया के सबसे ज्यादा लोग डायबिटीज के शिकार हैं।

सचिव लायन सुनील भगत ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को मधुमेह से बचने एवं उसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। कमिटी चेयरमैन लायन कुमार रवि ने कहा कि लायंस इंटरनेशनल के प्रोग्राम वन मल्टीपल वन एक्टिविटी के तहत यह शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि सुबह टहलने वालो के साथ सब्जी खरीदने आये लोगो के लिए यह शिविर काफी लाभप्रद साबित हुआ। क्लब के पीआरओ लायन प्रिया गुप्ता के हवाले से जानकारी दी गई कि यह शिविर दुर्गास्थान, शहीद चौक, स्टेशन बिल्डिंग आदि जगहों पर भी लगाकर लोगों की जांच के साथ जागरूकता भी फैलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज 115 लोगों की जांच की गई। शिविर मे सहयोग देते हुए पूर्व अध्यक्ष लायन अनिल चमरिया, राज कुमार अग्रवाल, दिलीप डोकनिया के साथ लायन राखी अग्रवाल, अवधेश कुमार, मनोज महासेठ ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि 50 फीसदी लोगों को इस बात की खबर ही नहीं होती है कि वो इस बीमारी से ग्रस्त हैं।

बरारी के छात्र नेताओं ने दी परबत्ता के नवनिर्वाचित विधायक को शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरारी /कटिहार। परबत्ता विधानसभा से 32 हजार वोटों के अंतर से जीत दर्ज करने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खगड़िया के पूर्व छात्र नेता बाबू लाल शौर्य को बरारी क्षेत्र के परिषद से जुड़े पूर्व छात्र नेताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बरारी के विद्यार्थी परिषद के पूर्व छात्र नेता नवीन चौधरी, जय प्रकाश यादव और मुकेश चौधरी ने कहा कि यह जीत छात्र आंदोलनों से निकले नेतृत्व की बड़ी उपलब्धि है।

विद्यार्थी परिषद के पूर्व छात्र नेता तथा वर्तमान में गंगा समग्र के जिला संयोजक नवीन चौधरी 'बाबा' ने कहा कि वे लोग एक साथ विद्यार्थी परिषद में सक्रिय रहे थे और संगठनात्मक कार्यों में बाबू लाल शौर्य हमेशा जुझारू और नेतृत्वकर्ता की भूमिका में रहते थे। उन्होंने बताया कि 2008 के दशक में बरारी में शिक्षक नियोजन में फैली अराजकता के खिलाफ उनके नेतृत्व में एक बड़े स्तर पर राष्ट्रीय आंदोलन चला था, जिसमें बरारी के कई छात्र

नेताओं को खगड़िया जेल जाना पड़ा था। उसी दौरान जेल में बाबू लाल शौर्य से मुलाकात भी हुई थी, जब वे भी एक आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे। नवीन चौधरी ने कहा कि छात्र राजनीति से निकलकर विधायक बनना बाबू लाल शौर्य के संघर्ष और समर्पण का प्रमाण है। उनकी जीत से पूरे विद्यार्थी परिषद परिवार में उत्साह और खुशी का माहौल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बाबू लाल शौर्य क्षेत्र के विकास और युवाओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

चौथी बार बने विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, बधाई देने वालों की लगी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अमदाबाद /कटिहार। लगातार चौथी बार कांग्रेसी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह के जीत पर विधानसभा क्षेत्र से बधाई देने वाले समर्थकों की भी शनिवार को विधायक आवास पर लगी रही। समर्थको ने फुल माला पहनाकर चौथी बार विजय हुए विधायक को बधाई दिया। विधायक ने सभी समर्थको का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनकी जीत नही बल्कि जनता की जीत बताया है। विधायक के चौथी बार विधायक बनने पर मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद जमाल, एजाबुल हक, कांग्रेस जिला महासचिव मोहम्मद वहाब, शहाबुद्दीन उर्फ छोटू,मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद जमाल, संतोष, जफर आलम, रहमत आलम, अबरार, अशफाक, फकीर, मोहम्मद यूसुफ आदि लोगो ने विधायक को बधाई दिया है।

जुर्माने के बाद गूगल का विज्ञापन सेवाओं में बदलाव

- यूरोपीय संघ की कार्रवाई पर जताई असहमति

नई दिल्ली, एजेंसी। यूरोपीय आयोग द्वारा नई डिजिटल प्रतिस्पर्धा जांच शुरू करने के ठीक दूसरे दिन, शुक्रवार को गूगल ने अपनी विज्ञापन सेवाओं में बड़े बदलावों की घोषणा की। गूगल प्रवक्ता ने कहा, हमारा प्रस्ताव बिना किसी व्यवधानकारी विभाजन के इस फैसले का पूर्ण समाधान करता है। इससे उन हजारों यूरोपीय प्रकाशकों और विज्ञापनदाताओं को नुकसान होगा जो अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए गूगल टूल का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि कंपनी ने कहा, वह अभी भी यूरोपीय संघ (ईयू) के फैसले से असहमत है और जुर्माने के विरुद्ध अपील की योजना बना रही है। गूगल का यह कदम ब्रुसेल्स द्वारा कंपनी पर अपनी विज्ञापन सेवाओं को कथित रूप से तरजीह देने के लिए 2.95 अरब यूरो का प्रतिस्पर्धा-विरोधी जुर्माना लगाने के दो माह बाद आया है।

गूगल योजना में उत्पाद परिवर्तन शामिल- गूगल की नई योजना में तत्काल उत्पाद परिवर्तन शामिल हैं। इनमें प्रकाशकों को गूगल ऐड मैनेजर पर विभिन्न बोलीदाताओं के लिए अलग-अलग न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने का विकल्प देना शामिल है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह प्रकाशकों और विज्ञापनदाताओं के लिए अपने उपकरणों की अंतर-संचालनीयता में सुधार करेगी ताकि हितों के टकराव पर यूरोपीय संघ की चिंताओं का समाधान किया जा सके। गूगल अमेरिका में भी जांच का सामना कर रहा है।

3351 रुपये सस्ता हुआ गोल्ड, चांदी की कीमतों में भी गिरावट!

खरीदारों ने ली राहत की सांस

नई दिल्ली, एजेंसी। गोल्ड की कीमतों में शुक्रवार को तगड़ी गिरावट देखने को मिली थी। एमसीएक्स में सोने का भाव 2% लुढ़क गया। एमसीएक्स गोल्ड दिसंबर फ्यूचर का भाव 2.64 प्रतिशत या फिर 3351 रुपये की गिरावट के बाद 1,23,400 रुपये के लेवल पर आ गया। वहीं, एमसीएक्स सिल्वर दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट्स का दाम 4.27 प्रतिशत की गिरावट के बाद 1,55,530 रुपये के स्तर पर आ गया।

6000 रुपये लुढ़का भाव- सर्राफा बाजार में 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,24794 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कल आ गया था। वहीं, 23 कैरेट गोल्ड का रेट 124294 रुपये और 22 कैरेट गोल्ड का रेट 114311 रुपये के लेवल पर था। बता दें, चांदी का दाम 159367 रुपये के लेवल पर आ गया था। बता दें, 17 अक्टूबर को गोल्ड का दाम 130874 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर था। तब से अबतक 24 कैरेट गोल्ड की कीमतों में 6000 रुपये की गिरावट आई है।

20 साल में 1200% बढ़ा गोल्ड- 2005 में सोने का भाव 7638 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था। सितंबर तक 2025 के डाटा के अनुसार गोल्ड का रेट 125000 रुपये के लेवल पर था। तब से अबतक गोल्ड की कीमतों में 1200 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। इस साल अबतक सोने की कीमतों में 56 प्रतिशत की तेजी आई है।

अमेरिकी टैरिफ और सुस्त मांग का दोहरा झटका

अक्तूबर में भारत का रत्न-आभूषण निर्यात 30 प्रतिशत तक लुढ़का

नई दिल्ली, एजेंसी। कमोजर वैश्विक मांग और ऊंचे टैरिफ के बीच अक्तूबर में भारत के रत्न व आभूषण व्यापार में गिरावट देखी गई। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने यह जानकारी दी। जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार वैश्वि मांग में कमी, उच्च ब्याज दरों, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और तीव्र अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव के कारण प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात और आयात में गिरावट आई।

अक्तूबर में कुल निर्यात 30.5 प्रतिशत घटा- आंकड़ों से पता चलता है कि अक्तूबर 2025 में कुल सकल निर्यात 30.57 प्रतिशत घटकर 2,168.05 मिलियन डॉलर (19,172.89 करोड़ रुपये) रह गया। यह एक साल पहले 3,122.52 मिलियन डॉलर (26,237.10 करोड़ रुपये) था। आयात भी 19.2 प्रतिशत घटकर 1276.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर (11,299.6 करोड़ रुपये) रह गया, जो पिछले वर्ष इसी माह में 1580.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर (13,276.26 करोड़ रुपये) था।

व्यापार शुल्कों का प्रभाव अब महसूस हो रहा है- कामा ज्वैलरी के प्रबंध निदेशक कॉलिन शाह ने कहा कि पहले लगाए गए व्यापार शुल्कों का प्रभाव अब महसूस किया जा रहा है। इससे लागत बढ़ गई है और खरीदारी कम हो गई है। उन्होंने बताया कि त्योहारों के बाद कंपनियां भी अपना स्टॉक कम-ज्यादा करके बाजार की स्थिति के हिसाब से काम कर रही हैं।

सोने और हीरे की कीमतों में उतार-चढ़ाव

घरेलू स्तर पर, सोने और हीरे की कीमतों में उतार-चढ़ाव, निर्यातकों के लिए सीमित वित्तपोषण और प्रयोगशाला में विकसित हीरा क्षेत्र में समायोजन ने आयात और निर्यात में कमी में योगदान दिया। जीजेईपीसी ने आगे कहा कि मुद्रा में उतार-चढ़ाव और मजबूत डॉलर ने मूल्य प्रतिस्पर्धा और व्यापार की मात्रा को और प्रभावित किया।

सोने के आभूषणों के निर्यात में भारी गिरावट

अक्तूबर में सोने के आभूषणों के निर्यात में भारी गिरावट आई और यह 24.61 प्रतिशत घटकर 850.15 मिलियन डॉलर रह गया, क्योंकि 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के कारण भारतीय उत्पाद अप्रतिस्पर्धी हो गए और ऑर्डर रद्द हो गए। हालांकि, अप्रैल-अक्तूबर 2025 की अवधि में, सोने के आभूषणों का निर्यात 11.9 प्रतिशत बढ़कर 6,645.63 मिलियन डॉलर हो गया। इसे सोने की ऊंची कीमतों और शुरुआती साल की मजबूत मांग से समर्थन मिला।

चांदी के आभूषणों का सकल निर्यात बेहतर रहा

चांदी के आभूषणों का सकल निर्यात (अनंतिम, अप्रैल 2025 - अक्तूबर 2025) 717.78 मिलियन डॉलर (रुपये के हिसाब से 14.36 प्रतिशत) रहा। यह पिछले वर्ष के 652.95 मिलियन डॉलर (5,465.16 करोड़ रुपये) के इसी आंकड़े से बेहतर है। चालू वर्ष में सोने की ऊंची कीमत के कारण अप्रैल-अक्तूबर 2025 के दौरान चांदी के आभूषणों के निर्यात में डॉलर के हिसाब से 9.93 प्रतिशत और रुपये के हिसाब से 14.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

बाजार एकाधिकार की साजिश में एपल-ओपनएआई पर चलेगा केस

एंटी-ट्रस्ट कानून का किया उल्लंघन

नई दिल्ली, एजेंसी। एपल और चैटजीपीटी निर्माता ओपनएआई एलन मस्क की कंपनी एक्स कॉर्प द्वारा दायर उस मुकदमे को खारिज नहीं करा सके जिसमें स्मार्टफोन व जनरेटिव एआई चैटबॉट्स के बाजारों पर एकाधिकार करने की साजिश का आरोप था। एपल-ओपनएआई टेक्सास में फोर्ट वर्थ में अमेरिकी जिला जज मार्क पिटमैन को यह केस खत्म कराने के लिए तर्क पेश करने में नाकाम रहे। अपने फैसले में जज ने कहा, मस्क का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स व स्टार्टअप एक्सएआई फिलहाल अपने मुकदमे को आगे बढ़ा सकते हैं, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभुत्व की लड़ाई में अरबपति उद्यमी की प्रारंभिक जीत है। जज ने अपने संक्षिप्त आदेश में कहा कि उनके फैसले को एक्स के आरोपों के गुण-दोष पर निर्णय के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और वह मामले में बाद के चरण में तथ्यों पर विवादों पर विचार करेंगे। मस्क कंपनियों का कहना है कि एपल ने एंटी-ट्रस्ट कानून का उल्लंघन किया है। ओपनएआई ने मुकदमे को मस्क के उत्पीड़न के चल रहे पैटर्न के अनुरूप बताया और कहा कि हम इसे अदालत में साबित करने के लिए उत्सुक हैं।

एपल ने एंटी-ट्रस्ट कानून का किया साफ उल्लंघन- कोर्ट के फैसले पर एपल और एक्स की तरफ से कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं आई है। मस्क की कंपनियों ने अगस्त में दायर मुकदमे में दावा किया था कि एपल ने आईफोन और अन्य उपकरणों पर खुफिया सुविधाओं में चैटजीपीटी को विशेष रूप से एकीकृत करके एंटी-ट्रस्ट कानून का उल्लंघन किया है। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि एपल ने ओपनएआई के साथ साझेदारी में प्रतिद्वंद्वियों को अवैध रूप से बाहर कर दिया है।

ओपनएआई सौदा अनन्य नहीं

एक्स और एक्सएआई ने यह भी आरोप लगाया कि एपल ने एप स्टोर में प्रतिद्वंद्वियों को दरकिनार कर चैटजीपीटी को अपनी जरूरी एप्स सूची में शामिल किया है। केस खारिज करने की मांग कर एपल ने कहा, उसका ओपनएआई सौदा अनन्य नहीं है। एपल ने यह भी कहा कि एक भागीदार को चुनना किसी भी तरह से गैरकानूनी नहीं है।

आईपीओ से 48 प्रतिशत चढ़ चुका है स्टॉक, कीमत 200 रुपये से कम

नई दिल्ली, एजेंसी। ग्रो के आईपीओ पर जिन निवेशकों ने दांव नहीं लगाया होगा अब वो काफी दुखी होंगे। कंपनी की शेयर बाजार में शानदार लिस्टिंग हुई थी। बीएसई में 13 नवंबर को ग्रो का आईपीओ 14 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ लिस्ट हुआ है। ब्रोकरेज कंपनी के शेयर 130.94 रुपये के लेवल पर लिस्ट हुआ है।

ग्रो के आईपीओ का इश्यू प्राइस 100 रुपये प्रति शेयर था। बता दें, शुक्रवार को ग्रो के शेयरों का भाव 153.50 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। हालांकि कल मार्केट के क्लोजिंग के टाइम पर ग्रो का शेयर 148.41 रुपये था। यानी अब भी 48 प्रतिशत का फायदा ग्रो के आईपीओ पर दांव लगाने वाले निवेशकों को है। ग्रो भारत की अग्रणी ब्रोकरेज कंपनी है। सितंबर 2025 तक के डाटा के अनुसार कंपनी मार्केट शेयर 26.30 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2021 से वित्त वर्ष 2025 के दौरान कंपनी के सीएजीआर में 101.70 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि मौजूदा समय में भी इस स्टॉक का फंडामेंटल काफी मजबूत है। ग्रो का आईपीओ सालाना कमाई के 34 गुना के वैल्यूएशन पर आया था। जबकि एंजल वन और मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज का क्रमशः 20 से 27 प्रतिशत वैल्यूएशन है।

क्या था साइज

ग्रो के आईपीओ का साइज 6632.30 करोड़ रुपये था। कंपनी आईपीओ के जरिए 10.60 करोड़ फ्रेश शेयर और 55.72 करोड़ ऑफर फार सेल के जरिए जारी की है। यह आईपीओ 4 नवंबर को खुला था। निवेशकों के पास 7 नवंबर तक दांव लगाने का मौका था। यह आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए 3 नवंबर को खुला था। एंकर निवेशकों से कंपनी ने 2984.54 करोड़ रुपये जुटाए थे।

सिर्फ 5 हजार रुपये से शुरुआत

अब 1 करोड़ का टर्नओवर

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली की 51 वर्षीय समता बोथरा ने घर की रसोई से सफल व्यवसाय खड़ा किया है। एक गृहिणी के रूप में तीन दशक बिताने के बाद 2018 में उन्होंने मम्मीज कुल्फी की शुरुआत की। आइसक्रीम उद्योग से पारिवारिक जुड़ाव होने के बावजूद उनकी दिलचस्पी इस काम में कभी नहीं थी। हालांकि, होली से ठीक पहले एक प्रयोग के रूप में बनाई गई उनकी होममेड कुल्फी को परिवार और रिश्तेदारों से इतना प्यार मिला कि उन्हें इसे बिजनेस में बदलने का आइडिया आया। बेटे की मदद से उन्होंने सिर्फ 5,000 रुपये के शुरुआती निवेश से तीन फ्लेवर्स के साथ काम शुरू किया। आज उनकी कंपनी का सालाना टर्नओवर लगभग 1 करोड़ रुपये है। यह पूरे दिल्ली में विस्तार करने की तैयारी में है। आइए, यहां समता बोथरा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

- **रसोई से बिजनेस का आइडिया-** समता बोथरा ने अपने जीवन के 30 से ज्यादा साल घर संभालने में बिताए। उन्होंने साल 2018 में होली से पहले घर पर कुल्फी बनाने का प्रयोग किया। यह कुल्फी गाढ़े दूध और फ्लेवर्स से बनाई गई थी।

उनके परिवार को यह इतनी पसंद आई कि उन्होंने इसे रिश्तेदारों को भी खिलाया। रिश्तेदारों से बार-बार कुल्फी की डिमांड आने लगी। इससे समता को इसे बिजनेस में बदलने का आइडिया आया। उन्होंने अपने बेटे की मदद से सिर्फ 5,000 रुपये के निवेश से कुल्फी के सांचे खरीदे और मम्मीज कुल्फी की शुरुआत की। शुरुआती दिनों में उन्हें हर दो दिन में मुश्किल से एक ऑर्डर मिलता था। लेकिन, 6-7 महीनों में लोगों के बीच इसके स्वाद की चर्चा फैलने लगी।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से मिला बड़ा ब्रेक

साल 2019 में जब समता के स्टार्टअप ने जोमैटो और स्विगी जैसे ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कराया तो बिजनेस में बड़ा उछाल आया। जहां पहले कभी-कभार ऑर्डर मिलते थे, वहीं इसके बाद शाम 6 बजे से रसोई के पास डिलीवरी राइडर्स की लाइन लगने लगी। रोजाना 60-70 ऑर्डर डिस्पैच होने लगे। इस सफलता को देखकर समता ने कॉरपोरेट ऑर्डर्स के लिए जोमैटो के साथ भागीदारी की। अब वह डेलॉयट, ईवाई और केपीएमजी जैसी बड़ी कंपनियों के लिए एक बार में 2000 से 3000 कुल्फी के बल्क ऑर्डर पूरे करने लगी हैं। साथ ही कई कंपनियों में पॉप-अप स्टॉल भी बढ़ाए हैं।

मोदी सरकार प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में दे रही क्रेडिट कार्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र की कई ऐसी स्कीम हैं जिसमें सरकार लोगों को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराती है। ऐसी ही स्कीम प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) भी है।

बीते साल के आम बजट में सरकार ने इस स्कीम के तहत यूपीआई लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड मुहैया कराने का ऐलान किया था। इसकी लिमिट 30 हजार रुपये तक की तय की गई है। यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड की शुरुआत से स्ट्रीट वेंडरों को किसी भी आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तत्काल ऋण उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा, स्ट्रीट वेंडर खुदरा और थोक लेनदेन करने पर 1,600 रुपए तक के कैशबैक प्रोत्साहन का लाभ उठा सकते हैं।

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना की शुरुआत कोरोना काल में हुई थी। इसके तहत स्ट्रीट वेंडर्स को लोन दिया जाता है ताकि वे अपना काम कर सकें। यह योजना 31 मार्च, 2030 तक के लिए है।

नो कॉन्ट्रैक्ट, नो कॉफी, जोहरान ममदानी ने की

स्टारबक्स के बहिष्कार की अपील रेड कप डे से पहले बवाल

न्यूयॉर्क , एजेंसी। न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने शुक्रवार को स्टारबक्स के बहिष्कार की अपील करते हुए लोगों से कहा कि वे हड़ताल पर बैठे यूनियन बारिस्ताओं का साथ दें।

ममदानी ने साफ कहा कि जब तक कर्मचारियों की हड़ताल जारी है, वे खुद भी स्टारबक्स से कॉफी नहीं खरीदेंगे और जनता से भी ऐसा ही करने को कहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, स्टारबक्स के कर्मचारी पूरे देश में एक अनफेयर लेबर प्रैक्टिस स्ट्राइक पर हैं, और एक उचित कॉन्ट्रैक्ट के लिए लड़ रहे हैं।

- **यूनियन के आरोपों से स्टारबक्स का इनकार-** स्टारबक्स यूनियन के आरोपों से इनकार करती है। कंपनी के अनुसार, यूनियन की मांगें अनुचित हैं, कंपनी पहले ही कर्मचारियों को औसतन 19 डॉलर प्रति घंटा और लाभों समेत 30 डॉलर से अधिक का पैकेज देती है। स्टारबक्स का यह भी कहना है कि वह अपने कर्मचारियों को उद्योग में सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं देता है।
- **स्टोर बंद होने पर भी विवाद-** न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, बीते महीनों में स्टारबक्स ने देशभर में सैकड़ों स्टोर्स बंद किए, जिनमें 59 यूनियनाइज्ड स्टोर भी शामिल थे। कई बंद स्टोरों को केवल कुछ दिनों का नोटिस ही मिला। पिछले साल भी रेड कप डे की हड़ताल के दौरान कंपनी को करीब 60 स्टोर अस्थायी रूप से बंद करने पड़े थे।

क्या है रेड कप रिबेलियन हड़ताल

इसी दिन यूनियन स्टारबक्स वर्कर यूनाइटेड ने एक ओपन-एंडेड हड़ताल शुरू की, जिसे उन्होंने रेड कप रिबेलियन नाम दिया है। यह हड़ताल स्टारबक्स के सालाना रेड कप डे के साथ रखी गई, वह दिन जब कंपनी के स्टोर सबसे ज्यादा भीड़ देखते हैं, क्योंकि ग्राहक फ्री रीयूजेबल हॉलिडे कप लेने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इस हड़ताल में 25 से अधिक अमेरिकी शहरों में कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल हुए।

एक ऐलान और पेनी स्टॉक में लगातार लग रहा अपर सर्किट

नई दिल्ली, एजेंसी। बाजार में कुछ ऐसे पेनी शेयर हैं जिनमें शुक्रवार को अपर सर्किट लगा। ऐसा ही एक पेनी शेयर- दीप डायमंड इंडिया है। बीते शुक्रवार को इस कंपनी के शेयर में एक बार फिर अपर सर्किट लगा। एक दिन पहले की क्लोजिंग 8.16 रुपये के मुकाबले यह शेयर 5% बढ़त के साथ 8.56 रुपये तक पहुंच गया। इससे पहले लगातार दो दिन तक शेयर में अपर सर्किट लगा। मई 2025 में शेयर की कीमत 3.55 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। इस शेयर की कीमत अक्टूबर महीने में 10.04 रुपये तक पहुंच गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। इस स्टॉक ने एक महीने में 36% तक की बढ़त हासिल की है और सिर्फ छह महीनों में 104% का शानदार मल्टीबैगर रिटर्न दिया है।

स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दीप डायमंड इंडिया ने अपनी लीडिंग डिजिटल-हेल्थ पहल दीप हेल्थ इंडिया एआई-- के आगामी लॉन्च की घोषणा की। यह एक इंटेलिजेंट कैमरा-आधारित वेलनेस प्लेटफॉर्म है, जो वास्तविक समय में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए फेशियल-स्कैन तकनीक का उपयोग करता है।

कैमरा-आधारित इंटेलिजेंट वेलनेस सिस्टम

दीप हेल्थ इंडिया एआई- एक कैमरा-आधारित इंटेलिजेंट वेलनेस सिस्टम है, जो चेहरे की स्कैनिंग तकनीक से रियल-टाइम स्वास्थ्य संकेतों का विश्लेषण करता है। यह प्लेटफॉर्म उन्नत कंप्यूटर विजन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके सिर्फ 60 सेकंड में हार्ट रेट, ब्रीदिंग रेट, ब्लड-प्रेशर इंडिकेटर, स्ट्रेस इंडेक्स और ऑक्सीजन सैचुरेशन जैसे प्रमुख पैरामीटर मापने में सक्षम है। कंपनी ने बताया कि यह पूरी तरह नॉन-इनवेसिव, कॉन्टैक्टलेस और किसी भी स्मार्टफोन कैमरे के जरिए इस्तेमाल किया जा सकने वाला प्लेटफॉर्म है, जो बिना किसी मेडिकल डिवाइस या लैब विजिट के तुरंत हेल्थ फीडबैक प्रदान करता है।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री जुएल ओराम शनिवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर खूंटी जिला स्थित उनके पैतृक गांव उलिहातु पहुंचे। राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने यहां धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर परम्परागत जनजातीय विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, तदोपरांत उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर राजपाल श्री गंगवार, मुख्यमंत्री श्री सोरेन एवं केंद्रीय मंत्री श्री ओराम ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों से आत्मीय मुलाकात की तथा शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया।

जेल में डांस पार्टी पर कोर्ट ने तरेरी आंखें

हाई कोर्ट ने लिया संज्ञान, सरकार से मांगा जवाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में कैदियों की डांस पार्टी का वीडियो सामने आने के बाद झारखंड हाई कोर्ट ने इसे अत्यंत गंभीर मामला माना है। मीडिया रिपोर्ट को आधार बनाते हुए चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और पूरे राज्य के जेल प्रशासन के लिए शर्मनाक स्थिति पैदा करती है।

अदालत ने राज्य सरकार और जेल प्रशासन से विस्तृत जवाब तलब किया है। साथ ही, मामले की गंभीरता को देखते हुए अगली सुनवाई 18 नवंबर को निर्धारित की गई है, इसमें जेल आइजी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि जेल परिसर के सीसीटीवी की डीवीआर रिकॉर्डिंग पेश की जाए, जिससे वीडियो की सत्यता और घटना के समय की परिस्थितियों को स्पष्ट किया जा सके।

राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने कोर्ट को बताया कि वीडियो वायरल होते ही जेल आइजी ने त्वरित कार्रवाई की है।

मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

हालांकि, कोर्ट ने साफ किया कि केवल निलंबन से मामला समाप्त नहीं होता।

कोर्ट ने कहा कि यह भी जरूरी है कि पूरी घटना की तह तक जाकर जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान की जाए और कठोर कार्रवाई की जाए।

इसी दौरान अधिवक्ता राजीव कुमार ने इस मामले में हस्तक्षेप याचिका दाखिल करने की अनुमति मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए उन्हें मामले में पक्षकार बनने की अनुमति दे दी।

इस घटना ने एक बार फिर राज्य की जेलों में भ्रष्टाचार, सख़्ती की कमी और निगरानी तंत्र की कमजोरियों को उजागर किया है। हाई कोर्ट की कड़ी टिप्पणी और तेज कार्रवाई के निर्देश से स्पष्ट है कि अब इस मामले की जांच गहराई से होगी तथा दोषियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

झारखंड की जेलों में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था लंबे समय से सवालों के घेरे में रही है। समय-समय पर मोबाइल फोन मिलने, वीआइपी सुविधाओं के इस्तेमाल और कैदियों के लिए विशेष इंतजाम की खबरें सामने आती रही हैं।

इसी कड़ी में हाल ही में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, रांची के अंदर एक डांस पार्टी का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें शराब और जीएसटी घोटाले के आरोपित कथित रूप से शामिल दिखे। इस घटना ने राज्य की जेल सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

प्रिंस खान के गुर्गे के घर कुर्की जब्ती

धनबाद। वासेपुर का कुख्यात गैंग्सटर प्रिंस खान के खास गुर्गे सैफी उर्फ सैफ अब्बास नकवी उर्फ मेजर के वासेपुर स्थित घर पर शुक्रवार को बैंकमोड़ थाना की पुलिस ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई पूरी की। पुलिस टीम सुबह ही भारी सुरक्षा बल के साथ दंडाधिकारी के साथ इलाके में पहुंची और घर का हरेक सामान जब्त कर थाना ले आई।

सैफी के खिलाफ वर्ष 2022 और 2023 में बैंकमोड़ थाना में रंगदारी और आर्म्स एक्ट के तहत दो मामले पूर्व से दर्ज हैं। उन्हीं मामलों में कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने घर में मौजूद सभी चल-अचल संपत्तियों का विवरण तैयार किया और उसे जब्त करते हुए पूरे संचालन की वीडियो ग्राफी भी कराई। कुर्की प्रक्रिया के दौरान इलाके में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई थी। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखते हुए कार्रवाई शांति पूर्वक संपन्न कराई। बैंकमोड़ थाना प्रभारी परवीन कुमार का कहना है कि गैंगस्टर प्रिंस खान के नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई जारी है और फरार आरोपितों की संपत्ति पर आगे भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

चम्पाई सोरेन की उम्मीदों को तीर धनुष ने किया छलनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड के घाटशिला में फिर से कमल नहीं खिला। इस घाट में कमल खिलाने के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की उम्मीदों को झामुमो ने अपने तीर धनुष से छलनी कर दिया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने घाटशिला विधानसभा सीट अपने पास बरकरार रखने में सफलता प्राप्त की है। 11 नवंबर को यहां हुए उपचुनाव में इस पार्टी को रिकार्ड वोट मिले। पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के बेटे सह पार्टी प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन ने जहां 1,04,936 वोट लाकर अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी बाबू लाल सोरेन को 38,601 मतों से करारी शिकस्त दी।

वहीं अपने पिता की विरासत बचाने में सफलता प्राप्त की। पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अपने बेटे बाबू लाल को विधायक बनाने की महत्वाकांक्षा लगातार दूसरी बार पूरी नहीं हुई। जमशेदपुर के को-आपरेटिव कालेज में 20 राउंड की मतगणना के बाद निवार्ची पदाधिकारी ने झामुमो के प्रत्याशी सोमेश को विजयी घोषित किया।

दूसरे स्थान पर बाबू लाल सोरेन रहे, जिन्हें कुल 66,335 वोट मिले। तीसरे स्थान पर विधायक जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के प्रत्याशी रामदास मुर्मू रहे, जिन्हें कुल 11,563 वोट से संतोष करना पड़ा। नोटा को 2,768 वोट मिले। इससे कम ही वोट अन्य 10 प्रत्याशियों को मिले हैं।

झामुमो प्रत्याशी ने पहले राउंड में जो बढ़त बनाई थी, वह बढ़त अंतिम 20वें राउंड तक लगातार बरकरार रही। वोटों की मार्जिन लगातार बढ़ती गई। बताते चलें कि यह सीट शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के 15 अगस्त को हुई असामयिक निधन से खाली हुई थी। यहां 11 नवंबर को हुई मतगणना में कुल 74.63 प्रतिशत मतदान हुआ था। यहां कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे।

वर्ष 2024 में हुए विधानसभा चुनाव से इस उपचुनाव के नतीजे से तुलना करें झामुमो और जेएलकेएम दोनों ने अपने वोटों की संख्या बढ़ाई। दूसरी तरफ, भाजपा के वोट घटे। इस तरह, जेएलकेएम ने एक बार फिर भाजपा के वोटों पर कैंची लगाई।

भाजपा और जेएलकेएम के पुराने प्रत्याशियों ने ही उपचुनाव लड़ा था, जबकि झामुमो से पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के बेटे सोमेश चंद्र सोरेन प्रत्याशी थे।

सचिव ने की सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची । स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा है कि सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में खराब रिजल्ट होने पर संबंधित प्राचार्य और स्कूल मैनेजर जिम्मेदार होंगे। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सचिव सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने इन स्कूलों में समय पर सिलेबस पूरा करने के निर्देश दिए।

सचिव ने इन स्कूलों में समेटिव असेसमेंट-वन के परिणाम, प्री टेस्ट-1, डिजिटल रिपोर्ट कार्ड जारी होने सहित कई विषयों की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने कहा कि इन स्कूलों का एक भी बच्चा बोर्ड परीक्षा में फेल न हो। यदि किसी कक्षा में किसी विषय में शिक्षक होने के बाद भी उस विषय में बच्चों का प्रदर्शन नहीं सुधर रहा है

तो इसके लिए संबंधित विषय के शिक्षक के साथ-साथ स्कूल के प्राचार्य संयुक्त रूप से जवाबदेह होंगे।

बच्चों का अंक 33 प्रतिशत से कम होने पर दोनों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। रेल परियोजना के तहत मासिक परीक्षा की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि स्कूलों का लक्ष्य बच्चों की शत प्रतिशत सहभागिता के साथ-साथ शत-प्रतिशत रिजल्ट होना चाहिए। उन्होंने इन स्कूलों में समेटिव असेसमेंट-2 को फरवरी माह में आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कोडरमा के झुमरी तिलैया स्थित सीडी गर्ल्स सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में लापरवाही का मामला सामने आया, जिसपर सचिव ने कोडरमा के डीईओ को फटकार लगाते हुए सीडी गर्ल्स सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस झुमरी तिलैया के स्कूल प्रबंधक उदय प्रकाश सिंह को शोकाज जारी कर तीन दिनों में स्पष्टीकरण मांगने का आदेश दिया।

सचिव ने कहा कि टीचर नीड असेसमेंट और सीसीपीडी कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले शिक्षकों को मिलाकर एक जांच समिति बनाई जाए जो उक्त स्कूल जाकर लापरवाही की जांच कर राज्य को प्रतिवेदन सौंपेगी। उक्त प्रतिवेदन के आधार पर स्कूल के अन्य शिक्षकों एवं प्राचार्य के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इनका वेतन रोका जाएगा।

झामुमो झारखण्ड में महागठबंधन की करेगी समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने स्पष्ट किया है कि राज्य में महागठबंधन की समीक्षा होगी। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता में एक तीर से कई निशाना साधा। उन्होंने समीक्षा का समय बताने से बचते हुए यह कहा कि बिहार में लोकतंत्र की हत्या हुई है। महागठबंधन में अगर झामुमो को सीटें दी गई होती तो परिस्थिति दूसरी होती। तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि अगर वे रांची आकर हारे का सहारा, हेमंत सोरेन है हमारा का जाप कर लेते तो नतीजा एकदम पलटा हुआ आता। यह पूछे जाने पर कि स्थापना दिवस के मौके पर कांग्रेस कोटे के मंत्री राधाकृष्ण किशोर और राजद के संजय प्रसाद यादव को जिलों का प्रभार नहीं दिया गया, उन्होंने कहा कि झामुमो छोटे मन से राजनीति नहीं करता।

दोनों मंत्री राजधानी में होने वाले राजकीय समारोह में अपने दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। बिहार के चुनाव परिणाम के संदर्भ में उन्होंने यह भी कहा कि सीटों की संख्या पचने लायक नहीं है। ऐसा तो सीबीएसई और आइसीएसई की परीक्षाओं में होता है। एक नहीं, कईयों को सौ प्रतिशत तक अंक मिल जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, राजद या वामदलों को आदिवासी-दलित समाज के संघर्ष की जानकारी नहीं है। अगर इन्हें इसकी जानकारी होती तो झामुमो बिहार चुनाव का हिस्सा होता। झामुमो महासचिव ने घाटशिला में पार्टी प्रत्याशी की जीत को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन ने भाजपा में जाकर राजनीतिक आत्महत्या की। हेमंत सोरेन ने स्पष्ट कहा था कि खाएंगे और मोटा होंगे हमारे यहां और हल दूसरे के खेतों में चलाएंगे। ऐसे लोगों को झारखंड के लोग जवाब देंगे।

इसे जनता ने साबित कर दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में घाटशिला में प्रपंच रचा गया।

पार्टी का स्टेटस लगाने पर पिटाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आरा। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में इंस्टाग्राम पर पार्टी विशेष का स्टेटस लगाने को लेकर कुछ युवकों ने मिठाई दुकान में घुसकर सगे भाई तीन लोगों की पिटाई कर दी। घटना में तीनों युवक घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट में 22 वर्षीय अमन कुमार, 23 वर्षीय गोल्डी कुमार तथा 18 वर्षीय पुत्र अमित राज को चोटें आई हैं। घायल अमन कुमार ने बताया कि दरियापुर बाजार में उसकी मिठाई की दुकान है। शुक्रवार को विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद उसने जीतने वाली पार्टी का स्टेटस इंस्टाग्राम पर लगाया था। सोमवार की सुबह जब वह दुकान पर बैठा था, तभी स्टेटस देखने के बाद कुछ लोग दुकान में पहुंचे और सवाल करने लगे कि उसने ऐसा स्टेटस क्यों लगाया। जब उसने कहा कि वह अपनी इच्छा से स्टेटस लगाता है, तो आरोप है कि उन लोगों ने पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे उसका बड़ा भाई गोल्डी कुमार और चचेरा भाई अमित राज को भी पीटा गया। अमन ने गांव के ही पिंटू तथा उसके साथ रहे अन्य लोगों पर लोहे की रॉड से हमलाकर तीनों को घायल कर दिया।

साइबर अपराधियों ने ठगे हजारों रुपये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टाटीझरिया । थाना क्षेत्र के भराजो गांव में ऑनलाइन ठगी का एक मामला सामने आया है। इसमें एक ग्रामीण से सरकारी योजना के तहत सोलर प्लेट और ट्रैक्टर दिलाने के झांसे में लेकर 22,600 रुपये ठग लिए गए।

पीड़ित ने इस संबंध में टाटीझरिया थाने में लिखित शिकायत की है। भराजो निवासी नागेश्वर प्रजापति ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर (9065659647) से कॉल आया था। कॉल करने वाला ने उन्हें बताया कि उनकी पत्नी के नाम से सोलर प्लेट और उनके नाम से खेती के लिए ट्रैक्टर की योजना स्वीकृत हुई है। ठग ने नागेश्वर प्रजापति को भरोसा दिलाया कि उन्हें केवल इन वस्तुओं के रजिस्ट्रेशन के लिए 22,600 रुपये जमा करने होंगे। बाकी की पूरी रकम झारखंड सरकार वहन करेगी।

झांसे में आकर नागेश्वर प्रजापति ने बताए गए खाते में पूरी राशि फोन पे के माध्यम से भेज दी। पैसे भेजने के बाद, ठग ने दोबारा नागेश्वर प्रजापति से संपर्क किया और इस बार जीएसटी के नाम पर 49,500 रुपये की मांग की। नागेश्वर प्रजापति को तब महसूस हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गए हैं और उन्होंने यह दूसरी रकम देने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने अब टाटीझरिया थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और लोगों से अपील की है कि वह इस तरह के लालच भरे अज्ञात कॉल्स से सतर्क रहें।

चिराग ने महागठबंधन को दिखाया आईना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री मैं प्रधानमंत्री का आभारी हूं कि उन्होंने बिहार चुनाव के दौरान लगातार मेहनत की। उन्होंने लोगों के बीच भरोसे का माहौल बनाया और बिहार को कई योजनाएं समर्पित कीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस पूरे अभियान का बेहद मजबूती से नेतृत्व किया। चिराग ने नीतीश कुमार से सेहत पर सवाल उठाने वालों को भी करारा जवाब दिया। कहा कि मेरे मुख्यमंत्री की सेहत को लेकर की गई निजी टिप्पणियों और अभद्र हमलों के बावजूद वह लगातार यात्रा करते रहे और जनसभाएं संबोधित करते रहे। चिराग ने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के तथाकथित युवा नेता घर में आराम कर रहे थे।

चिराग यहीं नहीं रुके। उन्होंने पीएम मोदी पर की गई टिप्पणियों पर भी जवा दिया। कहा कि प्रधानमंत्री पर की गई निजी टिप्पणियां, उनकी मां को लेकर की गई गाली-गलौज, वो वोट के लिए नाचने लगेंगे जैसी बातें, और ह्यवोट चोरी के आरोपों को बिहार की संस्कारी जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। मैंने कल पीएम मोदी से बात की और उनका धन्यवाद किया। उन्होंने भी हमारी पार्टी के प्रयासों की सराहना की। आज मुझे गृह मंत्री अमित शाह का भी फोन आया, जिन्होंने पूरे चुनाव अभियान में केंद्रीय भूमिका निभाई।

चिराग ने राजद और कांग्रेस पर भी यह कहते हुए निशाना साधा कि वह लोग झूठा नैरेटिव बना रहे हैं कि उनकी पार्टी और नीतीश कुमार की जदयू के बीच मतभेद हैं। जबकि ऐसी बातें नहीं थी। एनडीए में सबलोग एकजुट हैं। चुनाव से पहले एनडीए के सीट बंटवारे की व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मैं गठबंधन के केंद्रीय नेतृत्व का आभारी हूं।

भाजपा ने विरोधियों पर चलाया चाबुक

पटना। भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव में बगावत करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। बिहार भाजपा ने सबसे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री और आरा से सांसद रहे राजकुमार सिंह उर्फ. आर.के. सिंह पर कार्रवाई की है। इसके बाद कटिहार में विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल और मेयर उषा अग्रवाल पर भी कार्रवाई की गई है। पार्टी ने इन तीनों को 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। बिहार भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा ने तीनों के लिए अलग-अलग पत्र जारी किए। पत्र में लिखा गया है कि आपकी गतिविधियां पार्टी के विरोध में हैं, जो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आती हैं। पार्टी ने इसे गंभीरता से लिया है, क्योंकि इससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है और कार्यकताओं का मनोबल प्रभावित हुआ है। इसलिए वरीय पदाधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद आपको भाजपा से निलंबित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। भाजपा ने तीनों नेताओं को एक सप्ताह के भीतर जवाब देने के लिए कहा है और पूछा है कि आपको पार्टी से क्यों न निष्कासित किया जाए, इसका स्पष्टीकरण अवश्य दें।

स्टंटबाजी से परेशान छात्राओं ने की पुलिस से शिकायत

दो नाबालिग छात्र धराये, पीआर बांड पर छोड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। स्कूल के सामने रोजाना बाइक की घर्र-घर्र और लहराती स्टंटबाजी से परेशान छात्राओं की शिकायत आखिरकार पुलिस तक पहुंची।

शिकायत इतनी गंभीर थी कि मौके पर पहुंची जोरापोखर थाना पुलिस ने न सिर्फ बुलेट पर सवार दो नाबालिग छात्रों को पकड़ लिया, बल्कि उनकी जेब से पिस्टल मिलने पर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जांच में जब पिस्टल प्लास्टिक की खिलौना निकली, तब जाकर मामला स्पष्ट हुआ।

धनबाद के डिगवाडीह स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल के दो छात्र लगातार तीन दिनों से दूसरे स्कूल के सामने मोटरसाइकिल से लहरिया स्टाइल में स्टंट कर छात्राओं को परेशान कर रहे थे। ये छात्र रोजाना स्कूल समय में बाइक लेकर आसपास पहुंच जाते थे और तेज रफ्तार में खतरनाक तरीके से वाहन चलाकर दूसरे स्कूल के बच्चों को डराते-धमकाते थे। इससे स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में लगातार नाराजगी बढ़ रही थी।

पीड़ित छात्राओं ने मामले की जानकारी अपने शिक्षकों को दी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने घटना की पुष्टि कर पुलिस को कार्रवाई के लिए औपचारिक रूप से सूचना दी। शुक्रवार 14 नवंबर को बाल दिवस था।

दोनों छात्र स्कूल के सामने बदमाशी कर रहे थे। शिकायत के आधार पर शुक्रवार को जोरापोखर थाना की पुलिस ने डिगवाडीह क्षेत्र में विशेष निगरानी की और एक बुलेट बाइक पर सवार दो छात्रों को पकड़कर थाना ले आई।

थाने में तलाशी के दौरान एक छात्र के पास से पिस्टल जैसा हथियार मिला, जिससे मामले में सनसनी फैल गई। हालांकि जांच में पता चला कि वह प्लास्टिक की खिलौना पिस्टल थी। पूछताछ में छात्रों ने स्वीकार किया कि वे मजाक और दिखावा करने के उद्देश्य से इसे साथ रखते थे।

थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि छात्रों की हरकतों की लगातार शिकायत मिल रही थी। मामले की जांच पूरी होने के बाद दोनों छात्रों को उनके अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति में पीआर बांड पर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी तरह की उपद्रवी गतिविधि पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पृष्ठ 1 का शेष

देश के विकास...

आयात-निर्यात बढ़ा है। सिर्फ खनिज ही नहीं बल्कि हमने अपने श्रम बल से देश के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। हमें भी उम्मीद है कि अब देश इस राज्य को उतना ही सम्मान दे, उतना ही अधिकार दे-जिसके हम हकदार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अपने हक-अधिकार की लड़ाई लड़ी। अब हक-अधिकार का स्वरूप बदल चुका है। अब संघीय ढांचे में राज्य चलते हैं। मेरा यह मानना है कि देश विकसित तभी हो सकता है जब विकसित राज्य हो और राज्य तभी विकसित हो सकता है जब विकसित हमरा गांव और शहर हो।

उन्होंने कहा कि सिर्फ खनिज संपदाओं से ही हम भरपूर नहीं हैं। प्राकृतिक संसाधन भी हमारे पास प्रचुर मात्रा में है। हमारे पूर्वजों को पहले से ही यह पता था कि सिर्फ जमीन के अंदर ही नहीं, जमीन के ऊपर भी हमें इतनी समृद्धि मिली है जिससे हम देश में अलग पहचान बना सकते हैं। इसलिए अब हमारी सरकार सिर्फ खनिज संपदाओं के इर्द-गिदश्र नहीं बल्कि इससे अलग, जो हमारे इस राज्य के जनमानस की भावना है और उनके आर्थिक, सामाजिक, बौद्धिक क्षमता की बदौलत, राज्य को दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप देखेंगे राज्य की आधी आबादी को हम राज्य के लगभग आधा प्रतिशत बजट से मजबूत करने पर लगे हुए हैं। इस अभियान का प्रभाव इतना बड़ा है कि देश के बुद्धिजीवी आज इसका आंकलन कर रहे हैं। हमारे इन कार्यों को देखकर दूसरे राज्यों में, दूसरी सरकारों द्वारा इन कार्यक्रमों को अपनाया जा रहा है। अब झारखंड पीछे नहीं रहेगा। हमारे सामने कुछ व्यवधान जरूर हैं मगर उन सभी को दूर कर हम बहुत जल्द आगे बढ़ेंगे।

बाबर आजम ने शतक ठोककर मचाया कोहराम, वार्नर, रोहित, सचिन सबको एक साथ छोड़ा पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच शुक्रवार को रावलपिंडी में खेला गया और इस मैच में पाकिस्तान की टीम को 8 विकेट से जीत मिली। पाकिस्तान की टीम में बाबर आजम की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा और उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीता था और फिर पहले खेलते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 288 रन बनाए। पाकिस्तान ने 48.2 ओवर में 2 विकेट पर 289 रन बनाकर मैच जीत लिया। बाबर आजम 102 रन पर जबकि मोहम्मद रिजवान 51 रन पर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाकर वापस लौटे। बाबर का वनडे में ये 20वां शतक रहा और उन्होंने इस शतकीय पारी के दम पर रोहित, तेंदुलकर, वार्नर जैसे दिग्गजों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बाबर आजम ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना शतक 806 दिन के बाद लगाया। श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने अपने वनडे करियर का 20वां शतक लगाया और इसके साथ ही वो इस प्रारूप में सबसे कम पारियों में 20 शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए। बाबर ने वनडे में अपना 20वां शतक 136वीं पारी में लगाया और डेविड वार्नर, क्विंटन डिकॉक, एबी डिविलियर्स, रोहित शर्मा, रॉस टेलर और सचिन तेंदुलकर को एक साथ पीछे छोड़ दिया।

● वनडे में सबसे कम पारियों में 20 शतक लगाने वाले बैटर्स

108 - हाशिम अमला
133 - विराट कोहली
136 - बाबर आजम
142 - डेविड वार्नर
150 - क्विंटन डिकॉक
175 - एबी डिविलियर्स
183 - रोहित शर्मा
195 - रॉस टेलर
197 - सचिन तेंदुलकर

डब्ल्यूएफआई का बड़ा फैसला, अमन सहरावत और नेहा सांगवान पर लगा निलंबन हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने शुक्रवार को ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत और जूनियर पहलवान नेहा सांगवान पर लगा निलंबन हटा लिया। इन दोनों पहलवानों को इस साल की शुरुआत में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में अधिक वजन का पाए जाने के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस फैसले का मतलब है कि दोनों पहलवान प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के आगामी चरण की नीलामी में भाग ले सकेंगे।

क्या हुआ था निलंबन?

पेरिस खेलों के कांस्य पदक विजेता अमन को सितंबर में क्रोएशिया के जगरेब में विश्व चैंपियनशिप के दौरान अधिक वजन के कारण निलंबित कर दिया गया था जबकि नेहा को अगस्त में बुल्गारिया के समोकोव में जूनियर विश्व चैंपियनशिप से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद निलंबन सामना करना पड़ा था। दोनों पहलवानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अमन को 22 सितंबर और नेहा को 25 अगस्त को भेजे गए नोटिस के जवाब क्रमशः 28 सितंबर और 18 सितंबर को प्राप्त हुए। जगरेब प्रतियोगिता के लिए नियुक्त कोचों को भी नोटिस जारी किए गए थे।

पहली गलती के मांगी माफी

डब्ल्यूएफआई के अनुसार पहलवानों ने अपने लिखित बयान में इस घटना को अपनी पहली गलती बताया और महासंघ को आश्वासन दिया कि इस तरह के उल्लंघन दोबारा नहीं होंगे। डब्ल्यूएफआई अनुशासन समिति की 13 नवंबर को हुई बैठक में इन दोनों के जवाबों की जांच की गई और पाया गया कि दोनों पहलवानों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन शानदार रहा है। इसलिए समिति ने उनकी पिछली उपलब्धियों को देखते हुए उनके प्रति नरम रुख अपनाने की सिफारिश की। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने सिफारिश को स्वीकार करते हुए उनके निलंबन को हटाने और उन्हें भविष्य की सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति देने का आदेश जारी किया।

ऋषभ पंत ने रचा इतिहास

● टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बने

कोलकाता, एजेंसी। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। इस मामले में पंत ने पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया है। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे ऋषभ पंत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में 24 गेंदों का सामना करते हुए 27 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 2 छक्के और 2 चौके निकले। ऋषभ पंत ने टेस्ट करियर के 48 मुकाबलों में अब तक 92 छक्के लगाए हैं। वहीं, वीरेंद्र सहवाग 103 टेस्ट मुकाबलों में 90 छक्के लगा सके थे। इस लिस्ट में रोहित शर्मा तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 88 छक्के लगाए। 88 टेस्ट में 80 छक्कों के साथ रवींद्र जडेजा चौथे पायदान पर मौजूद हैं। धोनी लिस्ट में पांचवें पायदान पर हैं, जिन्होंने 90 टेस्ट में 78 छक्के लगाए। ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने मेहमान साउथ अफ्रीका के खिलाफ बढ़त हासिल कर ली है।

कोलकाता टेस्टः खराब रोशनी के कारण जल्दी स्टंप्स हुआःसाउथ अफ्रीका 63 रन से आगे

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को मैच का दूसरा दिन है और तीसरे सेशन का खेल जारी है। साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 93 रन बना लिए हैं। टीम को 63 रन की लीड मिल गई है। टेम्बा बावुमा और कॉर्बिन बॉश क्रीज पर हैं। मार्को यानसन (13 रन) को कुलदीप यादव और काइल वेरिने (9 रन) को अक्षर पटेल ने आउट किया। ट्रिस्टन स्टब्स (5 रन) को रवींद्र जडेजा ने बोल्ड करके भारत में 250 विकेट पूरे कर लिए। इससे पहले भारतीय टीम ने पहली पारी में 189 रन बनाए। उसे 30 रन की बढ़त मिली थी। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 159 रन बनाए थे। भारतीय कप्तान कप्तान शुभमन गिल गर्दन में ऐंठन की वजह से पहले सेशन में रिटायर हर्ट हो गए थे।

वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, 32 गेंदों में ठोका तूफ़ानी शतक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर अपनी विस्फोटक बल्लेबाज़ी से क्रिकेट जगत को चौंका दिया। दोहा के वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में यूएई के खिलाफ एशिया कप राइजिंग स्टार्स के पहले ही मैच में सूर्यवंशी ने सिर्फ 32 गेंदों में शतक ठोक इतिहास रच दिया। उनकी यह पारी 10 चौकों और 9 लंबे छक्कों से सजी रही। यह भारत की ओर से संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज़ टी20 शतक है।

दूसरा सबसे तेज़ भारतीय टी20 शतक

सूर्यवंशी का 32 गेंदों का शतक भारतीय बल्लेबाज़ों में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। सबसे तेज़ (28 गेंदों) टी20 शतक का रिकॉर्ड उर्विल पटेल और अभिषेक शर्मा के नाम है। इससे पहले 14 वर्षीय बिहार के इस प्रतिभाशाली बल्लेबाज़ ने आईपीएल2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए 35 गेंदों में शतक जमाया था।

पारी की झलकियां: 17 गेंदों में पचासा, 15 गेंदों में अगला पचासा

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत, की खराब शुरुआत हुई जब उनके साथी प्रियांश आर्या जल्दी आउट हो गए। लेकिन सूर्यवंशी ने कोई दबाव नहीं दिखाया और शुरू से ही आक्रामक अंदाज़ अपनाया। सूर्यवंशी ने हरषित कौशिक के एक ही ओवर में 30 रन (4 छक्के, 1 चौका) ठोक डाले। यह स्कोर भारत की ओर से टी20 क्रिकेट में चौथा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी है।

भारतीय बल्लेबाजों द्वारा सबसे तेज़ टी20 शतकः

1. उर्विल पटेल - 28 गेंदें, गुजरात बनाम त्रिपुरा, इंदौर, 2024
2. अभिषेक शर्मा - 28 गेंदें, पंजाब बनाम मेघालय, सौराष्ट्र, 2024
3. ऋषभ पंत - 32 गेंदें - दिल्ली बनाम हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, 2018
4. वैभव सूर्यवंशी - 32 गेंदें - भारत ए बनाम यूएई, दोहा, 2025*

युवा सितारों से भरी टीम

भारत इस टूर्नामेंट में एक मज़बूत मिश्रण के साथ उतरा है जिसमें कई उभरते आईपीएल खिलाड़ी शामिल हैं। हालाँकि यह टूर्नामेंट -23 खिलाड़ियों के लिए होता है, लेकिन इस बार चयनकर्ताओं ने जितेश शर्मा जैसे कुछ अनुभवी नामों को भी टीम में जगह दी है।

विश्व मुक्केबाजी कप फाइनलः

भारतीय मुक्केबाजों के पास घरेलू दर्शकों के बीच ताकत दिखाने का मौका

नोएडा, एजेंसी। विश्व मुक्केबाजी बदलाव के दौर से गुजर रही है। खेल की नई अंतरराष्ट्रीय नियामक संस्था, विश्व मुक्केबाजी, ने नया प्रतियोगिता कैलेंडर, प्रारूप और रैंकिंग प्रणाली तैयार की है। भार वर्ग को घटाकर 13 से 10 कर दिया गया है। ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी को और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए विश्व मुक्केबाजी कप की सीरीज शुरू की गई। ग्रेटर नोएडा में शनिवार से विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल शुरू हो रहा है।

कैलेंडर का सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट, विश्व चैंपियनशिप, सितंबर में आयोजित किया गया था। ग्रेटर नोएडा में ओलंपिक पदक विजेताओं, विश्व पदक विजेताओं और विश्व कप चरण विजेताओं में अंतरराष्ट्रीय सितारों की अच्छी-खासी संख्या देखने को मिलेगी। उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और चीनी ताइपे जैसे शीर्ष

मुक्केबाजी देशों की मौजूदगी इस प्रतियोगिता को कठिन बना रही है। चीन इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहा है। पुरुषों में, विश्व कांस्य पदक विजेता इंग्लैंड के कामारा ओडेल पॉली और पोलैंड चरण के स्वर्ण पदक विजेता इटली के अत्रातिवो साल्वाटोर पर सबकी नजर रहेगी।

भारत के लिए टूर्नामेंट अहम है। हाल ही में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में चार महिला मुक्केबाजों मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा), विश्व चैंपियन जैस्मीन लाम्बोरिया (57 किग्रा), विजेता नूपुर श्योराण (+80 किग्रा), और कांस्य पदक विजेता पूजा रानी (80 किग्रा) सभी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन (51 किग्रा) भी हिस्सा ले रही हैं।

पेरिस ओलंपियन प्रीति पवार 54 किग्रा वर्ग में साक्षी चौधरी की जगह टीम में वापसी कर रही हैं। भारतीय पुरुष टीम में हितेश (70 किग्रा), अभिनाश जामवाल (65 किग्रा), सचिन (60 किग्रा), जदुमणि मंदेंगबाम (50 किग्रा), और लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) से उम्मीदें होंगी। इन सभी ने विश्व कप के विभिन्न चरणों में प्रभावित किया है। इससे घरेलू मैदान में इनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद बढ़ गई है।

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता कार्तिक तीन साल के लिए प्रतिबंधित

नई दिल्ली, एजेंसी। कार्तिक कुमार ने 2023 हांगझोउ एशियाई खेलों में 10,000 मीटर में रजत पदक जीता था। कार्तिक का तीन साल का निलंबन 10 अप्रैल 2025 से लागू हुआ है, जब उन्हें अस्थायी निलंबन दिया गया था। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता लंबी दूरी के धावक कार्तिक कुमार को यूएस एंटी-डोपिंग एजेंसी ने तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। उन्होंने इस प्रतिबंध को स्वीकार कर लिया है। अमेरिका में प्रशिक्षण के दौरान लिए गए उनके दो आउट-ऑफ-कम्पटीशन नमूनों में प्रतिबंधित एनाबॉलिक एजेंट्स की मौजूदगी पाई गई थी। USADA को सूचना मिलने के बाद इसी साल 27 फरवरी को कार्तिक का परीक्षण किया गया। 19 मार्च 2025 को उनका दूसरा परीक्षण हुआ। दोनों नमूने पॉजिटिव पाए गए। USADA ने बयान में कहा, 'भारत के सहारनपुर के एथलीट कार्तिक कुमार ने कई प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव परीक्षण के बाद तीन साल के प्रतिबंध को स्वीकार किया है। हम ऐसे महत्वपूर्ण टिप्स के लिए आभारी हैं, जो हमें खेल की निष्पक्षता बनाए रखने में मदद करते हैं।' 26 वर्षीय कार्तिक कुमार ने 2023 हांगझोउ एशियाई खेलों में 10,000 मीटर में रजत पदक जीता था। कार्तिक का तीन साल का निलंबन 10 अप्रैल 2025 से लागू हुआ है, जब उन्हें अस्थायी निलंबन दिया गया था।

एशियाई तीरंदाजी में अंकिता और धीरज ने स्वर्ण पदक जीता, दीपिका कांस्य जीतने का मौका चूकीं

ढाका, एजेंसी। भारत के अंकिता भकत ने दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन को 7-3 से हराकर और भारतीय धीरज बोम्मादेवरा ने हमवतन राहुल को 6-2 से हराकर शुक्रवार को ढाका में एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सेमीफाइनल शूट-ऑफ में पूर्व विश्व नंबर 1 दीपिका कुमारी को हराने वाली अंकिता भकत की जीत विशेष इसलिए भी है क्योंकि दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन पेरिस ओलंपिक में रजत पदक विजेता रही हैं।

अंकिता ने नाम के खिलाफ पहला सेट 29-27 से जीता। दूसरा सेट 27-27 पर समाप्त हुआ। तीसरा सेट नाम ने 28-26 से जीता। चौथे सेट में भारतीय तीरंदाज ने शानदार वापसी की और 29-28 के शानदार प्रयास से दो 10 अंक लगाकर 5-3 की बढ़त बना ली। निर्णायक सेट में अंकिता ने भी संयम बनाए रखा और दो 10 अंक लगाए। इस प्रदर्शन के आधार पर उन्हें पहला एशियाई व्यक्तिगत स्वर्ण पदक मिला। संगीता ने अनुभवी दीपिका कुमारी को शूट-ऑफ में 6-5 से हराकर महिला रिकर्व स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। पुरुषों के फाइनल में, धीरज ने पहला और तीसरा सेट बराबर किया, जबकि दूसरा और चौथा सेट जीतकर राहुल पर आसान जीत हासिल की।

धीरज एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के जंग चाएवान के खिलाफ जीत दर्ज की थी। इससे पहले, यशदीप भोगे, अतनु दास और राहुल की पुरुष रिकर्व टीम ने दक्षिण कोरिया की दिग्गज टीम को एक रोमांचक शूट-ऑफ में हराकर 18 वर्षों में अपना पहला एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीता।

जापान मास्टर्सः

सेमीफाइनल में केंटा निशिमोता से हारे लक्ष्य सेन, जापान मास्टर्स में सफर हुआ समाप्त

कुमामोतो, एजेंसी। निशिमोता ने भारतीय शटलर को 77 मिनट में तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य निशिमोता से 19-21, 21-14, 12-21 से हार गए। भारत के स्टार एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन का जापान मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया है। लक्ष्य को सेमीफाइनल में जापान के केंटा निशिमोता से हार मिली और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। निशिमोता ने भारतीय शटलर को 77 मिनट में तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य निशिमोता से 19-21, 21-14, 12-21 से हार गए। सेन का अपने इस प्रतिद्वंदी के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा था, लेकिन अंतिम गेम में गलतियों के कारण वह इसको बेहतर करने में नाकाम रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य ने शुरुआती गेम में मिली हार से उबरते हुए निर्णायक गेम तक का सफर तय किया, लेकिन तीसरे गेम में वह पूरी तरह से लय में नहीं दिखे।

फरो आइलैंड्स को 3-1 से हराकर क्रोएशिया ने विश्व कप में बनाई जगह

रिजेका (क्रोएशिया)एजेंसी। क्रोएशिया ने विश्व कप क्वालीफायर के नौवें दौर में फरो आइलैंड्स पर 3-1 से जीत दर्ज की। इसी के साथ क्रोएशिया ने विश्व कप 2026 के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। 16वें मिनट फरो आइलैंड्स ने मुकाबले में बढ़त हासिल कर ली थी। गेजा डेविड तुरी ने मिडफील्ड में ब्रेक का फायदा उठाते हुए एक तेज शॉट लगाया, जो क्रोएशिया के गोलकीपर के पास से निकल गया। हालांकि, क्रोएशिया ने परिपक्वता और सटीकता के साथ कुछ ही देर में जवाब दिया। सात मिनट बाद, डिफेंडर जोस्को ग्वार्डिओल ने कोने में शॉट मारकर बराबरी हासिल की। 23वें मिनट तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर था।

यहां से क्रोएशिया ने मिडफील्ड में खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। मुकाबले के 57वें मिनट जोसिप स्टैनिसिक ने दाईं ओर से आगे बढ़कर पेटार मूसा को एक शानदार पास दिया। मूसा ने चतुराई से गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और गोलकीपर के ऊपर से शॉट लगाया। इसी के

साथ क्रोएशिया ने 2-1 से बढ़त हासिल कर ली। यह साल 2023 के बाद उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था।

दूसरे हाफ के बीच में ही उस वक्त मैच का निर्णायक मोड़ आ गया, जब इवान पेरिसिक ने बाईं ओर से एक कर्लिंग क्रॉस दिया, जिसे निकोला व्लासिक ने एक नियंत्रित साइड-फुट फिनिश के साथ गोलपोस्ट के अंदर पहुंचाया और 3-1 से जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ क्रोएशिया ग्रुप एल में शीर्ष पर पहुंच गया है। टीम के पास एक मैच शेष है। फरो आइलैंड्स अपने सभी 8 मैच खेल चुका है। यह टीम दौड़ से बाहर है। ग्रुप एल के दूसरे मैच में, मोंटेनेग्रो ने जिब्राल्टर को 2-1 से शिकस्त दी। शुरुआत में पिछड़ने के बाद आखिरी पेनाल्टी को गोल में बदलकर टीम ने जीत दर्ज की। जर्मनी ने निक वोल्टेमाडे के दो गोल की मदद से लक्जमबर्ग को 2-0 से हराकर ग्रुप ए में सीधे क्वालीफिकेशन की ओर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

संक्षिप्त समाचार

पति ने अवैध संबंध के शक में पत्नी की पीट-पीटकर मारा, फिर गटर में फेंका शव

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के महेंद्रा पार्क इलाके में शुक्रवार को एक शख्स ने अवैध संबंध के शक में अपनी पत्नी की पीट-पीट कर हत्या कर दी। फिर शव को उठाकर गटर में फेंक दिया। इसके बाद आरोपी पति ने खुद ही महेंद्रा पार्क थाने जाकर सरेंडर करते हुए पुलिस को पूरी वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी विष्णु शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 31 वर्षीय विष्णु अपनी पत्नी श्वेता शर्मा एवं तीन छोटे-छोटे बच्चों के साथ राजस्थान नगर की झुग्गी में रहता था। विष्णु पहले ड्राइवर का काम करता था, लेकिन शराब तस्करी में पकड़े जाने की वजह से लाइसेंस जब्त हो गया। इसके बाद वह फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि उसे अपने पत्नी के चरित्र पर शक था, इसलिए आए दिन दोनों में विवाद होता रहता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात को वह शराब के नशे में घर पर आया और पत्नी की पिटाई करने लगा। फिर डंडे से पीट पीटकर श्वेता की हत्या कर दी और रात करीब 2 बजे शव को गटर में फेंक दिया। राहगीरों ने शुक्रवार सुबह गटर में महिला की लाश पड़ी देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। इस बीच ओपी विष्णु भी खुद महेंद्रा पार्क थाने में पहुंच गया और पत्नी की हत्या की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कब्जे में ले लिया है।

अल-फलाह यूनिवर्सिटी के मालिक का विवादों से पुराना नाता, रास्ते की जमीन कब्जाने के भी आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी दिल्ली धमाके के बाद से फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी सुर्खियों में बनी हुई है। यूनिवर्सिटी के मालिक जवाद अहमद सिद्दीकी का विवादों से पुराना रिश्ता रहा है। उन पर रास्ता कब्जा कर यूनिवर्सिटी की इमारत बनाने का आरोप लगे हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने के आरोप हैं। कुछ रास्तों को सरकार से मंजूरी मिलने का दावा भी किया जा रहा है। जमीन तक पहुंचने के लिए किसानों को दिक्कत - गांव धौज के किसानों का आरोप है कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी के मालिक जवाद अहमद सिद्दीकी ने वर्षों तक आसपास की जमीन खरीदने के दौरान रास्तों पर कब्जा किया। उन्होंने यूनिवर्सिटी की तरफ जाने वाले कई पारंपरिक मार्ग बंद कर दिए, जिससे खेती की जमीन तक पहुंचने में भारी दिक्कत आने लगी। किसानों ने कई बार प्रशासन से रास्ते खाली कराने की मांग की, लेकिन उन्हें सीमित सफलता मिली। एक जगह से रास्ता खुलवाया गया, लेकिन कई रास्ते अभी भी बंद पड़े हैं। किसानों के अनुसार, रास्तों को रोकने का मकसद उनकी जमीन की कीमत कम कराना था। यूनिवर्सिटी की सौ एकड़ से ज्यादा जमीन - किसानों का आरोप है कि सिद्दीकी ने पहले रास्तों को रोककर उनकी जमीन तक पहुंच मुश्किल की, फिर कम कीमत पर जमीन खरीदने का प्रयास किया। ग्रामीणों के अनुसार यह रणनीति 90 के दशक से शुरू हुई, जब सिद्दीकी ने यहां इंजीनियरिंग कॉलेज खोला था। शुरुआत में करीब 30 एकड़ जमीन पर संस्थान शुरू हुआ, लेकिन इसके बाद यूनिवर्सिटी से सटी जमीनों की लगातार खरीद जारी रही। धीरे-धीरे शिक्षण संस्थान का क्षेत्र 100 एकड़ से ज्यादा फैल गया। किसानों का आरोप है कि रास्तों को बंद कर दबाव बनाकर जमीन खरीदने की नीति लंबे समय तक लागू रही। अब यूनिवर्सिटी बनने के बाद यहां मेडिकल कॉलेज शुरू हुआ।

शिकायतें करने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई: ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को लिखित शिकायतें दीं, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई सीमित रही। किसानों ने आरोप लगाया कि रास्तों पर अवरोध हटाने की उनकी गुहार बार-बार अनसुनी की गई। कुछ किसानों ने बताया कि उनकी जमीन तक पहुंचने में इतनी दिक्कत आने लगी कि वे मजबूर होकर जमीन बेचने पर विचार करने लगे।

मां की सहेली से प्यार और फिर मर्डर

प्रेमी ने बस में सिर-हाथ काट फेंकी थी प्रेमिका की लाश

नई दिल्ली, एजेंसी। सेक्टर-39 थाना पुलिस ने 6 नवंबर को सेक्टर-108 स्थित नाले में सिर और हाथ काटकर फेंके गए महिला के शव के मामले का शुक्रवार को पर्दाफाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शादीशुदा प्रेमी ने ब्लैकमेलिंग से तंग आकर एक बस के अंदर महिला प्रीति की हत्या की थी। मृतका आरोपी की सहेली थी। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि महिला के दोनों पैरों में बिछिया थे। इससे माना जा रहा था कि महिला शादीशुदा थी। मामले की जांच के दौरान 5 नवंबर की रात 8.43 बजे घटनास्थल के निकट एक बस लाइट ऑफ करके जाती दिखाई दी। नंबर के आधार पर पता चला कि बस धार्मिक संस्था की है, जिसे बरौला गांव निवासी 34 वर्षीय मोनू सोलंकी चलाता है। पुलिस टीम मोनू के घर पहुंची तो वहां उसकी मां, पत्नी और पांच बच्चे मिले, लेकिन मोनू घर पर नहीं था। पांच बच्चों में दो बच्चे मृतक महिला के थे। उन्होंने अपनी मां के गुम होने की जानकारी दी। पुलिस ने जब बिछियों का फोटो दिखाई तो बच्चों ने वो अपनी मां प्रीति के बताए। पुलिस टीम ने शुक्रवार को आरोपी को उसके घर के पास से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बस के भीतर प्रीति की हत्या करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार के पास नाले से महिला की गर्दन, दोनों हाथ, बस में बिछी मैट, मृतका के कपड़े, बस और धारदार हथियार को बरामद कर लिया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

बस को चार बार धोया : पुलिस ने बताया कि आरोपी ने घटना के बाद बस को चार बार धोया, लेकिन निशान नहीं मिटा पाया। बस में लगे खून के धब्बों की केमिकल की मदद से फॉरेंसिक जांच कराई गई। उससे पता चला कि खून इंसान का ही है। यही नहीं, आरोपी ने घटना के बाद बच्चों को बताया कि कोई पूछे तो कहना मां 6 नवंबर से गायब है। पुलिस जब घर पहुंची तो बच्चों ने यही बताया, जबकि महिला 5 नवंबर से गायब थी।

आरोपी की मां के साथ काम करती थी महिला : हत्या के आरोपी मोनू की मां जींस की फैक्ट्री में काम करती थी। इसी फैक्ट्री में बरौला निवासी प्रीति भी काम करती थी। दो वर्ष पूर्व फैक्ट्री बंद होने के बाद प्रीति का मोनू के घर आना-जाना होने लगा। इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। एसीपी प्रथम प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि घटना का पर्दाफाश करने के लिए 1100 से अधिक संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। 44 वाहन मालिकों से पूछताछ की गई।

तंग आकर जान ली : आरोपी ने पुलिस को बताया कि प्रीति की दो शादी हुई थीं, लेकिन दोनों पतियों ने उसे छोड़ दिया था। वह उसे ब्लैकमेल करती थी। उसने मोनू की दो बेटियों से अनैतिक काम कराने की धमकी दी। इस पर मोनू ने प्रीति की हत्या करने की ठान ली थी।

बच्चों को घर छोड़ा : आरोपी ने बताया कि वह 5 नवंबर की शाम प्रीति के घर पर पहुंचा। वहां से धारदार हथियार लिया। प्रीति को बस में बैठाया और उसके दोनों बच्चों को अपने घर छोड़ दिया। रास्ते में अपने लिए पराठा और प्रीति के लिए मैगी खरीदी। इस बीच बस में कहासुनी होने पर प्रीति को मार डाला।

दिल्ली धमाके की गूंज, श्रीनगर के नौगांव थाने में ब्लास्ट के बाद केजरीवाल ने सरकार से पूछे सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी । आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के नौगाम थाने में देर रात हुए विस्फोट पर गहरा दुख जताया है। आप के मुखिया ने अपने सोशल मीडिया में इस घटना को दुखद और चिंताजनक बताते हुए सरकार से कई सवाल पूछे हैं। इस विस्फोट में कई

पुलिसकर्मियों सहित 9 लोगों के मारे जाने की खबर है और कई अन्य घायल हुए हैं।

केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, देर रात श्रीनगर के एक पुलिस स्टेशन में हुए बम धमाके की खबर बेहद दुखद और चिंता बढ़ाने वाली है। कई बहादुर पुलिसकर्मी शहीद हो गए और कई घायल हैं। परमात्मा शहीदों के परिवारों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें और घायलों को जल्द स्वस्थ करें। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। लेकिन सरकार से ये सवाल जरूरी हैज आखिर देश में ये हो क्या रहा है? दिल्ली धमाके की गूंज अभी थमी भी नहीं थी और देश फिर एक धमाके से दहल गया। सरकार, सुरक्षा एजेंसियां, खुफिया तंत्र और गृह मंत्री आखिर क्या कर रहे हैं?देश की सुरक्षा के साथ इतना बड़ा खिलवाड़ कैसे और क्यों होने दिया जा रहा है? देश जवाब चाहता है। श्रीनगर के नौगाम थाना में शुक्रवार देर रात हुए विस्फोट में कई पुलिस कर्मियों सहित नौ लोगों की मौत होने और 26 अन्य लोग घायल होने की खबर है। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। वार्ता की रिपोर्ट के मुताबिक, यह दुर्घटना पुलिस और फॉरेंसिक टीमों द्वारा हाल ही में हरियाणा के फरीदाबाद से जब्त किए गए विस्फोटकों के बड़े जखीरे में धमाके की वजह से हुई। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट में कम से कम नौ लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पुलिसकर्मी थे और 26 अन्य घायल हो गए। पुलिस की ओर से अभी तक विस्फोट या हताहतों के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार रात हुआ विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज लगभग 20 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। थाने की इमारत और उसके आसपास के कई वाहन आग की चपेट में आ गए। गौरतलब है कि नौगाम थाने की पुलिस ने पिछले महीने जैश-ए-मोहम्मद के धमकी भरे पोस्टरों से संबंधित एक मामला दर्ज किया था, जिसकी जांच के बाद दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट मामले से जुड़े एक बड़े अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ था। जांच के दौरान बरामद विस्फोटकों को थाने में रखा गया था। जैश के पोस्टरों के मामले की जांच अब जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच एजेंसी कर रही है।

दिल्ली में जनगणना करने की तैयारी शुरू, पहले एमसीडी के वार्ड में होगा ट्रायल

नई दिल्ली, एजेंसी। देशभर में होने वाली जनगणना के लिए राजधानी दिल्ली में अभी से तैयारियां शुरू हो गई हैं। दिल्ली में जनगणना से पूर्व इसके लिए ट्रायल किया जाएगा। इसके लिए चिराग दिल्ली (निगम वार्ड संख्या 172) को चुना गया है।

दक्षिण जिला डीएम लक्ष्य सिंघल की देखरेख में यहां जनगणना करवाई जाएगी। इस दौरान यह देखा जाएगा कि जनगणना में किस प्रकार की समस्या आ रही हैं और उसमें किस प्रकार का बदलाव करने की आवश्यकता है। इसके बाद पूरी दिल्ली में वर्ष 2027 में जनगणना कराने की योजना है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली में जनगणना के परीक्षण के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा दक्षिण जिला के डीएम लक्ष्य सिंघल को प्रमुख जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, शाहपुर जट स्थित सर्वोदय विद्यालय के प्रमुख (प्रधानाचार्य या उप प्रधानाचार्य) को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

उपराज्यपाल ने परीक्षण के लिए चिराग दिल्ली के क्षेत्र को चुना है जो निगम के वार्ड

संख्या 172 में आता है। उपराज्यपाल ने डीएम को अपने अधीन जनगणना अधिकारी नियुक्त करने की शक्ति भी दी है ताकि यह कार्य बेहतर ढंग से समय पर पूरा किया जा सके। सूत्रों ने बताया कि इस बार जनगणना मोबाइल के माध्यम से होनी है। इसलिए जनगणना करने वाले चिराग दिल्ली क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से संबंधित जानकारी हासिल करेंगे और उसे दर्ज करेंगे। इस दौरान जनगणना में अगर किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह वरिष्ठ अधिकारियों को बताई जाएगा। इससे समस्या को समय रहते दूर किया जा सकेगा और पूरी दिल्ली की जनगणना आसानी से हो सकेगी।

दिल्ली की हवा को जहरीली कर रहे 13 हॉट स्पॉट

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में पहले से चिह्नित 13 प्रदूषण हॉट स्पाट लोगों की सेहत बिगाड़ रहे हैं। पहचान होने और तमाम कवायद के बावजूद यहां पर प्रदूषण का स्तर दिल्ली के औसत से ज्यादा रह रहा है। शुक्रवार को भी 13 में से 7 हॉट स्पॉट पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार यानी गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। इस दौरान सिर्फ एक हॉट स्पॉट ओखला ही ऐसा रहा, जहां पर प्रदूषण का स्तर दिल्ली के औसत से कम रहा। दिल्ली में प्रदूषण की रोकथाम के लिए वर्ष 2018 में 13 स्थानों की पहचान प्रदूषण के हॉट स्पॉट के रूप में की गई थी। प्रदूषण की रोकथाम के लिए यहां पर खासतौर से ठंड के समय विशेष उपाय किए जाते हैं। इन स्थानों में से ज्यादातर औद्योगिक क्षेत्र हैं या बहुत ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाके हैं। तमाम उपायों के बाद भी यहां पर प्रदूषण की रोकथाम नहीं की जा सकी है। शुक्रवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 387 दर्ज किया गया, जिसे अति खराब श्रेणी में रखा जाता है, लेकिन दिल्ली के इन 13 में 7 स्थान ऐसे रहे हैं, जहां का एक्यूआई 400 के पार यानी गंभीर श्रेणी में ही बना हुआ है। किसी बड़ी मौसमी परिघटना के अभाव में दिल्ली के लोगों को अभी प्रदूषित हवा से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। अगले तीन-चार दिनों के बीच हवा की गति आमतौर पर 10 किलोमीटर प्रति घंटे से कम ही रहने की संभावना है। इसके चलते प्रदूषक कणों का विसर्जन धीमा होगा और लोगों को ज्यादा प्रदूषण झेलना पड़ेगा।

नई जंग की आहट ! चीन ने दुनिया का सबसे बड़ा जंगी बेड़ा कर लिया तैयार

234 युद्धपोतों के साथ 'सिचुआन' का समुद्री परीक्षण शुरू

बीजिंग, एजेंसी। दुनिया में नई जंग की आहट तेज होती दिख रही है। चीन ने 234 युद्धपोतों के विशाल नौसैनिक बेड़े के साथ अपने सबसे उन्नत जंगी जहाज 'सिचुआन' का समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया है। ईएमएएलएस तकनीक से लैस यह जहाज लड़ाकू विमान और ड्रोन ऑपरेट करने की क्षमता रखता है। इस कदम ने ताइवान, अमेरिका और जापान की सुरक्षा चिंताओं को और बढ़ा दिया है, क्योंकि यह चीन की भारत-प्रशांत में बढ़ती सैन्य आक्रामकता का नया संकेत माना जा रहा है। चीन ने लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन को संचालित करने के लिए शुक्रवार को विद्युत चुम्बकीय विमान प्रक्षेपण प्रणाली से

लैस एक बड़े जंगी जहाज सिचुआन का समुद्री परीक्षण शुरू किया।

चीनी नौसेना ने यह जानकारी दी। सशस्त्र संघर्ष के दौरान दुश्मन के इलाकों तक पहुंचने और थल सेना की मदद के लिए इस तरह के जहाजों का उपयोग किया जाता है। यह परीक्षण इस महीने की शुरुआत में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा देश के तीसरे विमानवाहक पोत, फुजियान, के जलावतरण के बाद हुआ है। नयी तरह का विमानवाहक पोत ईएमएएलएस से लैस सबसे आधुनिक युद्धपोत बताया जा रहा है। ईएमएएलएस का इस्तेमाल केवल अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड द्वारा किया जाता है। आधिकारिक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिचुआन ऐसा पहला जहाज है जो ईएमएएलएस से लैस है और यह जहाज बिजली से संचालित होता है। ईएमएएलएस, विमानवाहक जहाज पर विमानों के उतरने और उड़ान भरने की प्रक्रिया में तेजी ला सकता है। रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि यह जहाज चीनी सैन्य बलों को ताइवान तट पर तेजी से पहुंचने में मदद कर सकता है। चीन, ताइवान के अपना हिस्सा होने का दावा करता रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के कारण, चीन विभिन्न वैश्विक समुद्री मार्गों पर परिचालन के लिए और अधिक विमानवाहक पोत बना सकता है।

पाकिस्तान में संविधान संशोधन की समीक्षा की मांग, वकीलों ने किया जोरदार विरोध

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में जस्टिस अमीरुद्दीन खान ने नवगठित फेडरल कांस्टिट्यूशन कोर्ट (एफसीसी) के पहले मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति आवास पर आयोजित समारोह में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें शपथ दिलाई। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर गुरुवार रात उनकी नियुक्ति की थी। संविधान के 27 वें संशोधन के जरिये संवैधानिक मामलों की निगरानी और उससे जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए यह नई कोर्ट गठित हुई है। सरकार के इस कदम का सुप्रीम कोर्ट में कड़ा विरोध हुआ है और उसके दो वरिष्ठ न्यायाधीशों ने इस्तीफा भी दे दिया है।

जरदारी ने 6 न्यायाधीशों के नाम की घोषणा की : देश में संविधान संशोधन से बने नए कानून की समीक्षा की मांग उठ रही है। कांस्टिट्यूशन कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश समेत सात न्यायाधीश होंगे। राष्ट्रपति जरदारी ने शुक्रवार को नवगठित कोर्ट के लिए नियुक्त छह न्यायाधीशों के नाम की घोषणा की। जस्टिस सैयद हसन अजहर रिजवी, अमीर फारूक और अली बकार नजफी को सुप्रीम कोर्ट से कांस्टिट्यूशन कोर्ट में स्थानांतरित किया गया है। नियुक्त हुए तीन अन्य न्यायाधीशों के नाम जस्टिस केके आगा, रोजी खान बारेच और अरशद हुसैन शाह हैं। इनमें अवकाश प्राप्त अरशद हुसैन शाह को तब नियुक्त किया गया जब सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश मुसर्रत हिलाली ने नवगठित न्यायालय में कार्य करने से इन्कार कर दिया। पाकिस्तान के वकीलों और राजनीतिक दलों ने 27 वां संविधान संशोधन लागू होने वाले दिन 13 नवंबर को काला दिवस बताया है। कहा, सुप्रीम कोर्ट के दो वरिष्ठ न्यायाधीशों- मंसूर अली शाह और अतहर मिनाल्लाह का इस्तीफा देना दुखद है।

स्टॉकहोम में बड़ा हादसा: बस स्टॉप पर घुसी बस, 6 लोगों की मौत, कई घायल

स्टॉकहोम, एजेंसी। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। शहर के एक व्यस्त इलाके में एक डबल-डेकर बस अचानक नियंत्रण खो बैठी और सीधे बस स्टॉप में घुस गई। पुलिस और राहत एजेंसियों ने बताया कि इस दुर्घटना में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

बस में कोई यात्री नहीं था: राहत दल के अनुसार हादसे के समय बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था। बस सीधे फुटपाथ और बस स्टॉप की ओर मुड़ गई, जिसके कारण वहां खड़े लोग इसकी चपेट में आ गए। मौके पर भारी मात्रा में मलबा और टूटे हुए हिस्से बिखरे मिले।

अभी तक हमला नहीं, दुर्घटना मानकर जांच: पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि यह हमला (अटैक) था। फिलहाल इसे अनैच्छिक हत्या यानी दुर्घटनावश हुई मौत का मामला मानकर जांच की जा रही है। बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, हालांकि पुलिस का कहना है कि ऐसी घटनाओं में यह एक नियमित प्रक्रिया है ताकि चालक से पूछताछ की जा सके।

पीड़ितों की पहचान का खुलासा नहीं: पुलिस ने यह बताने से इनकार कर दिया कि मृतकों या घायलों में कितने पुरुष, महिलाएं या बच्चे थे। घटना में घायल लोगों का इलाज नजदीकी अस्पतालों में किया जा रहा है।

अमेरिका बढ़ाएगा सऊदी अरब की ताकत, ट्रंप प्रिंस सलमान को देने जा रहे एफ-35 लड़ाकू विमान

रियाद, एजेंसी। सऊदी अरब और अमेरिका दोनों एक नए रक्षा अध्याय की ओर बढ़ रहे हैं। डोनल्ड ट्रंप, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के काफी करीबी माने जाते हैं। साल के शुरुआत में सऊदी अरब ने ट्रंप से सीधे एफ-35 खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। वहीं, शुक्रवार को ट्रंप ने इस बात का संकेत दे दिया कि वह सऊदी अरब को लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर सहमत होने पर विचार कर रहे हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि सऊदी अरब ढेर सारे विमान खरीदना चाहत है। मैं इस पर विचार कर रहा हूं। उन्होंने मुझे इस पर विचार करने के लिए कहा है। वे 35 विमान खरीदना चाहते हैं - लेकिन सऊदी अरब वास्तव में उससे भी ज्यादा लड़ाकू विमान खरीदना चाहता है।

आर्थिक और रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर की उम्मीद: बता दें कि प प्रशासन सऊदी अरब के 48 एफ-35 खरीदने के अनुरोध पर विचार कर रहा है। अमेरिका द्वारा यह संभावित बिक्री ऐसे समय में हो रही है, जब ट्रंप अगले हफ्ते व्हाइट हाउस में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की मेजबानी करने की योजना बना रहे हैं, जहां उनके बीच आर्थिक और रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

ब्राह्म समझौते में शामिल होगा सऊदी अरब...

बातचीत के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि यह मुलाकात से कहीं बढ़कर, हम सऊदी अरब का सम्मान कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब जल्द ही अब्राहम समझौते में शामिल होगा, जिसने इजराइल और मुस्लिम-बहुल देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाया है। रियाद ने फिलिस्तीनी राज्य के रोडमैप पर सहमति के अभाव में इस तरह के कदम का विरोध किया है। पेंटागन की एक खुफिया रिपोर्ट ने संभावित एफ-35 सौदे पर चिंता जताई है और चेतावनी दी है कि अगर बिक्री आगे बढ़ती है तो चीन इस विमान की तकनीक हासिल कर सकता है, न्यूयॉर्क टाइम्स ने गुरुवार को इस आकलन से परिचित लोगों के हवाले से बताया।

झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रजत जयंती उत्सव आयोजित

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह 2025 के तहत राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 11 नवंबर से 15 नवंबर तक संपूर्ण राज्य में रजत जयंती उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कैंप टू स्थित शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा मध एवं निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि में विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक माननीय विधायक बेरमो कुमार जयमंगल सिंह, अध्यक्षा झारखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखंड सरकार बेबी देवी एवं जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा स्वागत संबोधन किया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोकारो जिले के कुल 341 करोड़ 60 लाख 27 हजार रुपए राशि की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया एवं जिले में जिला स्तर पर मंत्री एव विधायक द्वारा जिला स्तर पर कुल 45 योजनाओं में 101 करोड़ 83 लाख 97 हजार रुपए राशि की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया जाएगा। साथ जनसेतु एप की विस्तार से जानकारी दिया

बोकारो जिले की कुल 91 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर बोकारो जिले के कुल 91 योजनाओं में 341 करोड़ 60 लाख 27 हजार रुपए राशि का उद्घाटन एवं शिलान्यास मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया, जिसमें 87 योजनाओं में से 269 करोड़ 76 लाख 52 हजार रुपए राशि का उद्घाटन एवं 71 करोड़ 83 लाख 75 हजार रुपए राशि का शिलान्यास किया गया, जिसमें ग्रामीण कार्य विभाग विशेष प्रमंडल बोकारो के कुल 04 योजनाएं, भवन भवन प्रमंडल बोकारो के कुल 04 योजनाएं, ग्रामीण कार्य विभाग बोकारो के कुल 79 योजनाएं एवं पथ प्रमंडल बोकारो के कुल 04 योजनाएं शामिल है।

101 करोड़ 83 लाख 97 हजार रुपए की राशि का उद्घाटन व शिलान्यास

झारखंड स्थापना दिवस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद, पेयजल स्वच्छता तथा उत्पाद एवं निषेध विभाग झारखंड सरकार द्वारा जिला स्तर पर 42 करोड़ 99 लाख 9 हजार रुपए की राशि का उद्घाटन एवं 58 करोड़ 84 लाख 88 हजार रुपए की राशि का शिलान्यास किया गया। इस तरह दोनों मिलकर 101 करोड़ 83 लाख 97 हजार रुपए की राशि का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया, जिसमें ग्रामीण विकाश विशेष प्रमंडल बोकारो, नगर निगम चास, एन.आर.ई.पी. विभाग, भवन प्रमंडल विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग के कुल 45 योजनाएं शामिल है, जिसमें 30 योजनाओं का उद्घाटन एवं 15 योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा।

जनसेतु एप की शुरूआत की गई है- शिकायत का समयवद्ध एवं पारदर्शी निपटारण हेतु जनसेतु ऐप की शुरूआत मंत्री द्वारा बटन दबा कर शुरू किया गया है। इस ऐप में शिकायत की स्थिति का ऑनलाइन ट्रेस, कब दर्ज हुई विस्तार से इसकी जानकारी दिया जाएगा। साथ ही नई शिकायतें दर्ज करना जो किसी भी विभाग से संबंधित हो एवं ऑनलाइन अपलोड संबंधी दस्तावेज फोटो प्रमाण पत्र भी दशार्या गया है। समस्या का समाधान तेज और सटीक हेतु जनसेतु एप की शुरूआत की गई है। इस ऐप के संबंध में माननीय मंत्री एवं माननीय विधायक बेरमो ने उपायुक्त महोदय के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत कार्य अच्छा है। इससे जिले की आम जनता की समस्या का निपटारण समय सीमा के अंदर होगा। इसमें मंत्री ने उपायुक्त श्री झा को निर्देश दिया कि इस ऐप की जानकारी हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रचार करें ताकि दूर दराज के लोगों को इस ऐप की जानकारी हो सके तथा वह अपने अपने मोबाइल के माध्यम से अपने आवेदन की स्थिति को देख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस ऐप की जानकारी हेतु ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी गांव गांव जाकर इस ऐप के बारे में लोगों को बताए जानकारी दें। मंत्री एवं विधायकगण जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व नया मोड़ बिरसा चौक स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाया धूम धाम से मनाया। मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, निदेशक डीआरडीए मेनका, अपर समाहर्ता मोहम्मद मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, अंचल स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी को किया गया सम्मानित

बाघमारा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती अवसर पर बाघमारा प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए किया गया। इस कार्यक्रम में झामुमों नेता रतिलाल टूडू को अंचलाधिकारी गिरिजानन्द किस्कू,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण यादव व प्रमुख गीता देवी ने "झारखंड आंदोलनकारी" का प्रसस्ति पत्र एवं झारखंड के मानचित्र पर उकेरित भगवान विरसा मुंडा की कलाकृति को सँयुक्त रूप से भेंट कर सम्मानित किया। श्री टूडू ने अपने सम्बोधन भाषण में भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 15 नवम्बर 1875 में जन्में बिरसा मुंडा भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महानायक बन गए। अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जहाँ 09 जून 1900 ईस्वी में जेल में ही इनकी मृत्यु हो गई । 25 वर्ष की इस कम उम्र में ही उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की दांत खट्टे कर रखे थे। यही वजह रही कि आज भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानने लगे हैं और आज उनको धरती आबा के नाम से भी जाना जाता है। इससे पहले कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, अंचलाधिकारी गिरिजानन्द किस्कू, प्रखंड प्रमुख गीता देवी तथा कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा भगवान विरसा मुंडा के स्मृति चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान,आदर्शों और राज्य की गौरवशाली यात्रा को स्मरण किया गया।

अगले 25 साल में झारखंड देश-दुनिया में नाम रोशन करेगा : उपायुक्त

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती तथा झारखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर बैंक मोड़ स्थित बिरसा चौक पर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन सहित अन्य पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चरणों में पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर समस्त जिले वासियों को शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आशीर्वाद से अगले 25 साल में झारखंड देश दुनिया में नाम रोशन करेगा। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती से समस्त झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर न्यू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारियों को उनके योगदान एवं बलिदान के लिए सम्मानित किया जएगा। उन्होंने सभी से झारखंड को शीर्ष पर ले जाने एवं झारखंड आंदोलनकारियों के सपने को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा देश के जनजातीय समुदायों के शौर्य, साहस, पराक्रम और बलिदान के प्रतीक हैं। भारतीय इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। भगवान बिरसा मुंडा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य थे। बिरसा मुंडा चौक के बाद उपायुक्त सहित सभी पदाधिकारियों ने वरीय पुलिस अधीक्षक आवास के बाहर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह उपस्थित रहे।

भाकपा माले ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भाकपा माले धनबाद जिला कमिटी की ओर से 150 वीं बिरसा मुंडा जयन्ती एंव झारखंड स्थापना की सिल्वर जुबली के उपलक्ष्य में टेम्पल रोड, पुराना बाजार स्थित धनबाद कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। शहीद बिरसा मुंडा के फोटो पर माला एंव पुष्प अर्पित किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन भाषण में माले के वरिष्ठ नेता कॉ.हरि प्रसाद पप्पू ने कहा कि बिरसा मुंडा एक क्रान्तिकारी थे। शोषण मुक्त समाज उनका लक्ष्य था।उनकी आंदोलन के चलते भूमि काश्तकारी कानून बनाना पडा। परिणामस्वरूप सीएनटी-एस पीटीएक्ट बनाकर आदिवासी समाज की जल,जंगल, जमीन की लूट को रोक कर उनके अधिकारो को रक्षा किया। समापन भाषण गोष्ठी कि अध्यक्षता कर रहे भाकपा माले जिला सचिव कॉ.बिंदा पासवान ने कहा कि बिरसा मुंडा कि सपनो का झारखंड जो शोषण मुक्त बनाने का लक्ष्य रहा आज भी अधूरा है इसलिए आज जरूरत है उनके बताए हुए रास्ते पर चल कर लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लेने की है।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को भाजपा ने जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को भाजपा बोकारो ने जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओ ने बिरसा आश्रम नया मोड़ पर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। भाजप बोकारो जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि आज झारखंड वासियों के लिए गौरव का दिन है। आज ही के दिन 25 वर्ष पूर्व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड राज्य की स्थापना की थी और धरती आबा बिरसा मुंडा के सपनों को खुशहाल झारखंड और समृद्ध बनने की कामना की थी। साथ ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य देश के इतिहास व संस्कृति में जनजातीय समुदाय में उनके योगदान को याद करना और आने वाली पीढ़ियों को अपने सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय गौरव को संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह,एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष रघुनाथ टुडू,जिला महामंत्री संजय त्यागी, शंकर रजक, धीरज झा, डॉ परिंदा सिंह, राजीव कंठ, विवेक सिंह, अवधेश यादव, ऋषभ राय, अजित सिंह, जयनारायण मरांडी,उरांक पाठक, बालेश्वर मुर्मू, विक्रम महतो, धनंजय चौबे, अनिल सिंह,चन्दप्रकाश सिंह, टिंकू तापड़िया,धर्मेन्द्र महथा,महराज सिंह चौधरी,रेषव कुमार भानु सिंह, एंजेला सिंह,बबिता देवी,प्रिति गुप्ता, कुमकुम राय, अम्बिका देवी, सुनिता देवी,आकाश कुमार, सहदेव मरांडी,हिरा गोप ,काजल दूबे, राहुल कुमार , अशोक सोरेन,बिनोद हांसदा,नेहा सोरेन ,आरती सोरेन, गुड़िया कुमारी सोरेन,अहिला सोरेन,अमिता सोरेन, कुणाल कश्यप, बबलु सिंह , फुलचंद किस्कू,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

भूली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भूली के झारखंड मोड में नागरिक संघर्ष मोर्चा और सद्भावना एनजीओ के संयुक्त तत्वाधान में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती मनाई गई। भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन किया। भगवान बिरसा मुंडा के जयंती कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के बौद्धिक प्रकोष्ठ के धनबाद जिलाध्यक्ष राजू हाड़ी, मानव अधिकार प्रोटेक्शन के झारखंड प्रदेश प्रभारी सुंदिष्ट कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नील कांत नंदन सिंहा, सरजू सिंह का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह मानवाधिकार सहयोग संघ एडीसीए के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ बालेशवर प्रसाद कुशवाहा ने किया, संचालन सद्भावना एनजीओ के सचिव सह पूर्व पार्षद रंजीत कुमार उर्फ बिल्लू ने किया , धन्यवाद ज्ञापन मानस रंजन पाल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजू हाड़ी ने कहा कि झारखंड मोड भूली तीन मटिया का गौरव रखता है। धनबाद टुंडी और बाघमारा विधानसभा का कोण है। भगवान बिरसा मुंडा ने संघर्ष और बलिदान की ऐसी गाथा लिखी जिसे इतिहास कभी भुला नहीं सकता है। सुंदिष्ट कुमार ने कहा कि झारखंड मोड में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित होती है तो यह यहां के लोगों के लिए गौरव की बात होगी। डॉ बालेशवर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के गौरव हैं। उनके संघर्ष की कहानी आज भी लोगों को न्याय और संघर्ष के लिए प्रेरित करती है। भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा उनके विचारों को सदैव स्मरण कराते रहेगी। हमें झारखंड की सभ्यता संस्कृति, संघर्ष और बलिदान को संरक्षित रखने पर बल देना होगा।

आम आदमी पार्टी ने मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। आम आदमी पार्टी बोकारो जिला की ओर से शनिवार को झारखंड स्थापना दिवस और भगवान बिरसा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा प्रतिमा पर धरती आबा भगवान बिरसा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। झारखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर भी विभिन्न वक्ताओं ने विचार रखे। आप के जिला प्रभारी अरविंद विकास के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश, जोनल पर्यवेक्षक विधान चंद्र राय, जिला सह प्रभारी बैजनाथ गोराई, अशोक कुमार, मिथिलेश गिरि, मनौवर अंसारी, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, कैलाश महतो, करीमन पासवान, शंभु पासवान, दिनेश सिंह, महेंद्र शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। इस मौके पर कई वक्ताओं ने भगवान बिरसा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार रखते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का का संकल्प दुहराया। झारखंड रजत जयंती पर विचार रखते हुए वक्ताओं ने कहा कि जिन उद्देश्यों को लेकर झारखंड अलग राज्य का गठन किया गया, वह उद्देश्य पूरा नहीं हुआ।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को धनबाद न्यू टाउन हॉल में खनिज संपदाओं के अवैध खनन, भंडारण और परिवहन को रोकने के उद्देश से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अवैध खनन तथा उससे हो रही लॉ एंड ऑर्डर की समस्याओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कोयले के परिवहन में प्रयोग किया जा रहे वाहनों में लगे व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम का इंटीग्रेशन राज्य सरकार के पोर्टल से करने का निर्देश दिया। ताकि राज्य सरकार को भी यह जानकारी रहे की कितनी गाड़ियां खदानों में चल रही है और डिस्पैच चालान का अनुपालन सुनिश्चित हो रहा है या नही। इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी एरिया जीएम को अपने-अपने क्षेत्र में 5 से 10 एकड़ वह भी डंप या प्रयोग में नहीं रहने वाले जमीनों को चिन्हित करने का दिशा निर्देश दिया।

राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद सम्पन्न

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड का आने वाला 25 वर्ष कैसा होगा यह आप पर निर्भर करता है ,यह आप लोगों को तय करना है कि झारखंड खेल के क्षेत्र में कितना विकसित होगा । इस विद्यालय में आकर मुझे लगा कि आप सबों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए विद्यालय की समिति, प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं अनवरत प्रयासरत हैं । पूर्व में भी मुझे जानकारी मिली कि राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के कई खिलाड़ियों ने राज्य एवं देश स्तर पर अपने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उक्त बातें धनबाद के जिला खेल अधिकारी उमेश लोहरा ने कही। वे राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। समापन सत्र में विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने अतिथियों का परिचय कराया । उसी क्रम में उन्होंने कहा कि विद्यालय के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह में बहन एवं भैयाओ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी खेल क्षमता से परिचय कराया । प्रतिभा के परिचय के साथ-साथ एक बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन में भाग लिया। 14 एवं 15 नवंबर को प्रतिवर्ष हमारा विद्यालय दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन करता है । उन्होंने विशेष तौर पर कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया। शिक्षा के साथ-साथ खेल भावना भी विकसित हो यह विद्यालय का प्रयास रहता है और इसका प्रदर्शन हमें वार्षिक खेलकूद में देखने को मिलता है। दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ ही दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन सत्र प्रारंभ हुआ। इस क्रम में धनबाद जिला के खेल अधिकारी उमेश लोहरा, विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया ,अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ,उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, विद्यालय समिति के सदस्य राजेश रिटोलिया ,बाल कल्याण समिति के शरद दुदानी ,विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा , उप प्राचार्य मनोज कुमार एवं उप प्राचार्या लीला सिंह इस कार्यक्रम के साक्षी बने। विद्यालय के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया ने कार्यक्रम की विधिवत समापन की घोषणा की ।इस क्रम में उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में खेलकूद का बहुत अधिक महत्व है । आज हम इस कारण भी विश्व के विकसित देशों में शामिल हुए हैं।

बीएसएल द्वारा झारखंड के रजत जयंती दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा को नमन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। झारखंड की अस्मिता, स्वाभिमान और संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवंबर को बोकारो स्टील प्लांट की अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी. आर. मिश्रा, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. बी. बी. करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) श्री कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल) श्री लक्ष्मी दास सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने नया मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया. मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री बनर्जी ने इस अवसर पर कहा कि वीर बिरसा मुंडा का अदम्य साहस, संघर्षशीलता और उनके उच्च आदर्श हम सभी को निरंतर आगे बढ़ने, चुनौतियों का डटकर सामना करने और समाज व राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करते रहेंगे. उन्होंने सभी को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती तथा झारखंड स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं.

बी एस एल के ए सी वी एस विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

बोकारो इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग के द्वारा ए सी वी एस विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजीव सिंह, महा प्रबंधक (ए सी वी एस) के साथ विभाग के वरीय अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे. मुख्य अतिथि श्री राजीव सिंह के द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग के प्रगति पर प्रसन्नता ब्यक्त करते हुए भविष्य में भी हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग करने पर बल दिया गया. ए सी वी एस विभाग के उप प्रबंधक श्री मनोज कुमार दास ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया. कार्यक्रम का सञ्चालन राजभाषा विभाग के अधिकारी श्री अलोक कुमार, उप महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) के द्वारा किया गया. श्री अलोक कुमार, उप महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) ने हिंदी का राजभाषा के रूप में महत्व, इसकी उपयोगिता, संवैधानिक महत्व के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा साथ ही यूनिकोड का अधिकाधिक प्रयोग कर संसदीय राजभाषा समिति की अपेक्षाओं के अनुरूप हिंदी पत्राचार में वृद्धि करने की अपील की।

दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धनबाद स्टेशन रोड स्थित रेलवे ऑडिटोरियम में दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद सांसद ढुलु महतो और विशिष्ट अतिथि धनबाद डीआरएम अखिलेश मिश्रा, आई.ई.डी.एस. संयुक्त निदेशक इंदरजीत यादव सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, आई.ई.डी.एस. के सहायक निदेशक सुजीत कुमार ने सभी अतिथियों एवं उद्यमियों का स्वागत किया। तकनीकी सत्र के दौरान पूर्व मध्य रेलवे और बीसीसीएल के क्रय विभाग के वरीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों के क्रय प्रक्रिया, वेंडर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक :
मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com